सूर्योदय 6:22 सूर्यास्त 5:51

आज का तापमान

शिमला	11.8 न्यू	21.4 अधि
धर्मशाला	14.6 न्यू	27.1 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81973.05
निफ्टी	25127.95
सोना 77,670	चांदी 93,514

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 15 अक्तूबर 2024 | 30 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 299, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

नौसेना चिकित्सा सेवा की महानिदेशक बनी कविता

पृष्ठ 13 पर

न्यूज शॉर्ट्स

कोरोना वैक्सीन के दुष्प्रभाव आरोप वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन के कारण ब्लड क्लोटिंग जैसे साइड इफेक्ट का आरोप लगाने वाली याचिका खारिज कर दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी। यह भी समझें कि अगर आपने वैक्सीन नहीं ली तो क्या साइड इफेक्ट होंगे। हम इस मुद्दे को उठाना नहीं चाहते, यह सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए है।

उद्धव ठाकरे की हुई एंजियोप्लास्टी सर्जरी

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे की सोमवार को रिलायंस अस्पताल में हार्ट में ब्लॉकेज की समस्या के चलते एंजियोप्लास्टी सर्जरी की गई। उद्धव ठाकरे ने दिल में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

दिल्ली में 1 जनवरी तक पटाखों पर लगाया बैन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए 14 अक्तूबर से एक जनवरी 2025 तक पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है। पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लागू कर दिया है। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सभी दिल्ली वालों से सहयोग का अनुरोध भी किया है। दिल्ली सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दी है।

चिराग पासवान को दी 'जेड श्रेणी' की सिक्योरिटी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ा दी है और उन्हें 'जेड श्रेणी' की सुरक्षा प्रदान की है। पासवान केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री और साथ ही लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष भी हैं। अभी तक केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक छोटा सा दल उनकी सुरक्षा में तैनात था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को पासवान को 'जेड श्रेणी' की सुरक्षा देने का निर्देश दिया है।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पंजाब की मंडियों में हिमाचली धान खरीद पर रोक -पेज 2
- लोकतंत्र में विचारों को स्वतंत्रता से प्रकट करने का अधिकार : शांता -पेज 3
- कृषि वैज्ञानिकों ने किया बिंगा के कचालुओं पर शोध -पेज 9
- हिम्मत है तो आरोपियों का करें एनकाउंटर: संजय राउत -पेज 13
- भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर -पेज 14

भरमौर के कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल का विज्ञापन चर्चा में

पोस्ट ग्रेजुएट टीचर को 8,450 व चौकीदार को 10, 630 मानदेय

ओपी शर्मा, भरमौर

सोशल मीडिया पर इन दिनों चंबा जिले के भरमौर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का विज्ञापन खूब सुर्खियां बटोर रहा है। विज्ञापन के अनुसार, अध्यापक के लिए बीएससी, एमएससी, बीएड और टेट क्वालीफाइड योग्यता रखी गई है और स्कूल प्रशासन की ओर से 8,450 रुपए दिए जाएंगे। चौकीदार के लिए क्षेत्र की योग्यता दसवीं और मासिक वेतन 10,630 रुपए दिया जाएगा। वहीं, सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत भ्रांति को लेकर स्कूल प्रशासन ने कड़ा ऐतराज जताया है। स्कूल प्रशासन ने बताया कि पार्ट टाइम टीचर दिन में सिर्फ दो घंटे ही बच्चों को पढ़ाएगा, जबकि चौकीदार शाम 5:00 बजे से लेकर सुबह 10:00 तक अपनी ड्यूटी देगा। इसकी गाइडलाइन जारी की है। ब्वॉयज स्कूल की प्रधानाचार्य अरुणा चाडक ने कहा कि बिना तथ्य जाने इस तरह के पोस्ट शेयर करने से वह आहत हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने बिना तथ्य पढ़े पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है। उक्त रिक्त पदों पर सिलेक्ट होने वाले लोगों को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास भरमौर में अपनी सेवाएं देनी होंगी। (अनंत ज्ञान)

सोशल मीडिया पर फैलाई गलत भ्रांतियों पर स्कूल प्रशासन का ऐतराज

सार्वजनिक सूचना

1	Part time teacher	B Sc/ M Sc B.Ed Tet qualified	8450/-
2	Choukidar	10th	10630/-

Member/Secretary
S.M.C. (K.G.B.V)
Govt. S.S.S. Bharmour
Distt. Chamba (H.P.)

अंतरराष्ट्रीय दशहरा

दूसरे दिन निकली भगवान नरसिंह की शाही जलेब

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे के दूसरे दिन सोमवार को भगवान नरसिंह की शाही जलेब निकाली गई। जलेब में आगे-आगे नरसिंह भगवान की घोड़ी चली, जबकि पीछे-पीछे आधा दर्जन से ज्यादा देवी-देवताओं की झांकियां और बीच में भगवान नरसिंह की पालकी निकली। जलेब की शुरुआत ढालपुर स्थित राजा की चणनी से हुई। फोटो : कमलेश वर्मा

पालमपुर में मुख्य एसडीआरएफ प्रशिक्षण संस्थान खुलेगा : सुक्खू

मुख्यमंत्री बोले- बादल फटने की घटनाओं पर शोध करवाएगी सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पालमपुर में मुख्य राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 'समर्थ-2024 की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आपदा के प्रभावी प्रबंधन में जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है, जिससे जान-माल की क्षति को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बादल फटने की घटनाओं पर शोध करवाएगी।

जलवायु परिवर्तन के कारण आपदा की घटनाओं में वृद्धि हुई है, इसलिए आपदाओं का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित कर हमें इन चुनौतियों के साथ जीना सीखना होगा। राज्य सरकार पर्याप्त धनराशि व्यय कर लोगों को आपदा से निपटने की तैयारियों के बारे में जागरूक कर रही है और कई उपाय अपनाए जा रहे हैं। फ्रांस की एजेंसी एएफडी के सहयोग से 800 करोड़ रुपए की परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है और मिटीगेशन फंड से 500 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इससे पूर्व सीएम ने रिज पर आपदा जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया।

राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि पोर्टल का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि पोर्टल का शुभारंभ किया और हिमाचल प्रदेश में महत्वपूर्ण भवनों के लिए भूकंप रेट्रोफिटिंग कार्यक्रम की शुरुआत की। इस पहल को सीबीआरआई रुड़की, एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ और एनआईटी हमीरपुर की तकनीकी विशेषज्ञता का सहयोग मिलेगा। इसके अतिरिक्त, बाल रक्षा भारत और जी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के सहयोग से सोलन जिले की ग्राम पंचायत बवासनी में रेजिलिएंट मॉडल विलेज विकसित करने के लिए रीबिल्डिंग लाइव नामक एक कार्यक्रम भी शुरू किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) ने सीबीआरआई रुड़की के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के तहत कांगड़ा जिले के रैत में एएफडी कार्यक्रम के लक्ष्यों के अनुरूप एक प्रशिक्षण और प्रदर्शन इकाई (टीडीयू) स्थापित की जाएगी।

कांगड़ा व चंबा को 'सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले जिला' पुरस्कार से किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने आपदा राहत प्रयासों में राजनीतिक हस्तक्षेप की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश को अभी तक आपदा उपरांत आवश्यकता आकलन (पीडीएनए) के 10,000 करोड़ रुपए नहीं मिले हैं। इस प्रकार के मामलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए और प्रभावित लोगों को पूरी सहायता प्रदान की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय भवन अनुसंधान रूड़की के वैज्ञानिकों की ओर से तैयार किए गए प्रकाशन कवच-1 व कवच-2 का विमोचन भी किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। समेज, बागीपुल, राजवन में बादल फटने की घटनाओं के दौरान किए गए असाधारण राहत कार्यों के लिए विभिन्न लोगों को सम्मानित भी किया। वहीं, युवा स्वयंसेवियों की टास्क फोर्स के लिए कांगड़ा और चंबा जिले को 'सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले जिला' पुरस्कार से सम्मानित किया।

एलायंस एयर ने भुंतर से जयपुर के लिए शुरू की हवाई सेवा

भुंतर एयरपोर्ट पर वाटर कैनन से स्वागत, 2500 रुपए होगा किराया

कमलेश वर्मा, कुल्लू

एलायंस एयर ने भुंतर से जयपुर के लिए हवाई सेवा शुरू की है। पर्यटक 2500 रुपए में भुंतर से पिंक सिटी जयपुर की हवाई सैर कर सकेंगे।

कुल्लू जिले के भुंतर हवाई अड्डे से सोमवार से जयपुर के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। जयपुर से आए 72 सीटर विमान का भुंतर पहुंचने पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने विमान का स्वागत वाटर कैनन से किया। जयपुर से भुंतर 55 और भुंतर से 22 यात्री जयपुर के लिए रवाना हुए। यह हवाई उड़ान सप्ताह में 2 दिन होगी। हवाई सेवा के शुरू होने से यात्री जयपुर से कुल्लू और कुल्लू से जयपुर का सफर कम समय और कम पैसों में कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

पहले दिन जयपुर से 55 यात्री पहुंचे भुंतर, 22 जयपुर रवाना

हफ्ते में दो दिन होगी हवाई उड़ान

यह हवाई सेवा सोमवार और बुधवार को जारी रहेगी। एलायंस एयर का 71 सीटर विमान जयपुर से सुबह 8:20 बजे उड़ान भरेगा और सुबह 10:15 पर लैंड करेगा। 20 मिनट रुकने के बाद 10:35 बजे वापस उड़ान भरेगा और दोपहर 12:40 पर जयपुर पहुंचेगा। वहीं, मनाली होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश व मणिकर्ण होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर आदि ने कहा कि हवाई सेवा के शुरू होने से आम जनमानस को बहुत फायदा होगा।

> **एलायंस** एयर की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए भुंतर से जयपुर के बीच 72 सीटर विमान की सेवा शुरू की है। भुंतर से सीधे जयपुर और जयपुर से भुंतर के लिए यात्री 2500 रुपए में यात्रा कर सकेंगे। एलायंस एयर हवाई यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।
> **-मनीष स्टेशन मैनेजर, एलायंस एयर भुंतर।**

पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी मामले में थरूर को राहत

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला पीएम नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर कथित 'शिवलिंग पर बिच्छू' वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है। न्यायमूर्ति ह्रषिकेश रॉय की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: अस्थि परीक्षण में आरोपी नाबालिग नहीं

एजेंसी, मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने आरोपी धर्मराज कश्यप की उम्र का पता लगाने के लिए उसका अस्थि परीक्षण किया। इस परीक्षण में यह साबित हो गया है कि वह नाबालिग नहीं है।

बाबा सिद्दीकी की उपनगर बांद्रा में शनिवार को तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुंबई पुलिस ने इस मामले में हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23) और उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) को गिरफ्तार किया है, जबकि गोलीबारी के वक्त घटनास्थल पर मौजूद उनका एक और साथी फरार है।

फरार शूटर की तलाश में उज्जैन और खंडवा पहुंची मुंबई पुलिस

बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उधर, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने प्रवीण लोणकर को 21 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा है।

ऊना के अजौली में टोल बैरियर में घुसी कार दो कर्मियों की मौत

ऊना। ऊना जिले के संतोषगढ़-नंगल रोड स्थित अजौली टोल बैरियर पर सोमवार शाम को एक तेज रफ्तार कार बैरियर चेंबर में घुस गई। इस हादसे में टोल कर्मियों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। एक घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की पहचान रणजीत सिंह (45) निवासी कुठेड़ा, अंब व परविंदर सिंह (33) निवासी टिकरी बावड़ी, जिला सोलन हुई है। वहीं, 50 वर्षीय सोनी निवासी अजौली, जिला ऊना घायल हुआ है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

दुर्गा विसर्जन के बाद हुए पथराव और गोलीबारी में युवक की मौत पर बवाल

बहराइच में हिंसा: इंटरनेट बंद, भीड़ ने अस्पताल और शोरूम में लगाई आग

एजेंसी, बहराइच (उप्र)

उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा विसर्जन के बाद हुए पथराव और गोलीबारी में युवक की मौत के बाद बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मृतक रामगोपाल मिश्रा के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

वहीं सैकड़ों लोग शव को लेकर सड़क पर उतर आए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान हिंसा और आगजनी की गई है। इलाके में तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। उपद्रवियों ने इस दौर एक अस्पताल में भी आग लगा दी। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जब पुलिस प्रशासन गोलीकांड में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के शव को लेकर जब गांव पहुंचा तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. जिसके बाद ग्रामीण हाथों में लाठी डंडे लेकर तहसील की ओर निकल पड़े और उन्होंने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की, इस दौरान भीड़ ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। वहीं, ग्रामीणों ने स्थानीय अस्पताल को आग के हवाल कर दिया और हीरो होंडा मोटरसाइकिल के शोरूम को भी आग लगा दी।

पुलिस ने रविवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है और करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया है। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

अमेरिका और ब्रिटेन के तीन अर्थशास्त्रियों को इकोनॉमिक्स का नोबेल

स्टॉकहोम। राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं।

तीन फ्लाइट्स और एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी, नई दिल्ली

मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइटों में सोमवार को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एयर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर खड़ा है।

विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की है। यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट भी इंडिगो की है। यह मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। सभी पैसेंजर्स को विमान से उतार दिया गया है। वहीं, मुंबई-हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि, जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

एयर इंडिया की उड़ान दिल्ली डायवर्ट, इंडिगो के दो विमानों की भी जांच

कोलकाता जा रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

कोलकाता जा रहे एयर इंडिया के विमान को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा। सुबह फ्लाइट नंबर एआई 100 में उड़ान भरने के तुरंत बाद समस्या का पता लगते ही इमरजेंसी लैंडिंग की घोषणा की गई।

सफलता 5जी को रिकॉर्ड समय में लागू करने के बाद अब 6जी तकनीक पर तेजी से काम

6जी तकनीक पेटेंट दाखिल करने में भारत टॉपर

एजेंसी, नई दिल्ली

देशभर में 5जी को रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक लागू करने के बाद भारत 6जी तकनीक पर तेजी से काम कर रहा है। देश 6जी से संबंधित पेटेंट दाखिल करने के मामले में शीर्ष स्थान पर है। वैश्विक 6जी पेटेंट फाइलिंग में भारत अब शीर्ष छह देशों में शामिल हो गया है।

पीएम मोदी ने 2030 तक भारत के 6जी तकनीक के डिजाइन, विकास और तैनाती में अग्रणी योगदानकर्ता बनने की परिकल्पना की है। भारत 6जी विजन के तहत केंद्र सरकार पहले से ही 6जी इकोसिस्टम पर त्वरित शोध पर 470 प्रस्तावों का मूल्यांकन कर रही है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 6जी शोध को आगे बढ़ाने के लिए दो अगली पीढ़ी के टेस्टबेड को वित्तीय सेवा दी है। सरकार के नेतृत्व वाली एक समिति के अनुसार, भारत अगले तीन वर्षों में सभी 6जी पेटेंट में 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी और वैश्विक मानकों में छठा योगदान हासिल कर सकता है। भारत ने पहले ही पेटेंट और आईपीआर समर्थन ढांचे और टेस्टबेड की कमीशनिंग के साथ-साथ 'भारत 6जी विजन' और 'भारत 6जी अलायंस' जैसी विभिन्न पहल शुरू कर दी है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के लिए टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने के लिए विश्वसनीय कनेक्टिविटी के साथ वायरलाइन और इंटेलिजेंट वायरलेस ब्रॉडबैंड नेटवर्क दोनों का प्रसार महत्वपूर्ण है।

भारत को मिलेगा सम्मेलन का लाभ

90 से अधिक देशों के विश्व दूरसंचार लीडर, विशेषज्ञ और शिक्षाविद 24 अक्तूबर तक भारत में आयोजित होगा, जिससे भारत को काफी लाभ मिलेगा। इस बार डब्ल्यूटीएसए सम्मेलन में जो देश हिस्सा ले रहे हैं, वे 6ज हाई स्पीड इंटरनेट सेवा और दूसरे जरूरी मानकों पर चर्चा करेंगे। 6जी भविष्य की पीढ़ी की मोबाइल नेटवर्क टेक्नोलॉजी है। माना जा रहा है कि यह 5जी से कई गुना तेज और अधिक सुरक्षित होगी। 6जी से काम का तरीका बेहद आसान हो जाएगा।

डॉक्टरों का अनशन जारी, दो और की बिगड़ी तबीयत, भर्ती

एजेंसी, कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर घटना के बाद मांगों को लेकर कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी रहा। इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गई। एक डॉक्टर को रविवार को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है और इलाज करने के लिए एक चिकित्सा बोर्ड का गठन किया है।

वहीं, एक और कनिष्ठ चिकित्सक की सोमवार दोपहर को तबीयत बिगड़ गई। प्रदर्शनरत चिकित्सक ने बताया कि हालत ठीक नहीं है और वह अभी प्रदर्शन स्थल पर निगरानी में है। अभी तक तीन कनिष्ठ चिकित्सकों को अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है। आमरण अनशन कर रहे चिकित्सकों की कुल संख्या सात है। करीब 50 वरिष्ठ डॉक्टरों और संकाय सदस्यों ने जूनियर डॉक्टरों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, 12 चिकित्सक संघों के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव मनोज पंत के बीच सोमवार को स्वास्थ्य भवन में हुई बैठक में कोई समाधान नहीं निकला।

न्यूज ब्रीफ

सरस्वतीनगर कॉलेज में करवाया शपथ ग्रहण समारोह

दशमी रावत, जुब्बल। लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर में केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का विधिवत रूप से आयोजन किया गया। अकादमिक सत्र 2024-25 केंद्रीय छात्र परिषद का गठन प्रदेश विश्वविद्यालय व लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. गोवर्धन चौहान ने की। सभी अध्यापकों ने चयनित विद्यार्थियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस परिषद में प्रधान सलोनी जगोभटा, उप प्रधान सुनीता ठाकुर, सचिव कशिश और संयुक्त सचिव आंचल को अकादमिक अंक सूची वरिष्ठता के माध्यम से चुना गया। इसके साथ-साथ प्रत्येक कक्षा व महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में शामिल छात्रों में सदस्यों का भी चयन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की,हृह्यह्लह्ल समिति के सदस्य, शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

छह दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सभी भागों में आगामी छह दिनों के दौरान मौसम साफ रहने के आसार हैं। हालांकि, आज राजधानी शिमला में हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के सभी भागों में 20 अक्तूबर तक मौसम शुष्क बना रहने का पूर्वानुमान है। शिमला में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को यहां न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सोमवार को शिमला में 11.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह सुंदरनगर में न्यूनतम तापमान 13.1, भुंतर 11.1, कल्पा 5.4, धर्मशाला 14.6, ऊना 15.2, नाहन 17.8, केलांग 3.0, पालमपुर 11.2, सोलन 13.0, मनाली 7.9, कांगड़ा 13.8, मंडी 15.7, बिलासपुर 16.5, चंबा 14.0, डलहौजी 13.4, कुकुमसेरी 1.9, धौलाकुआं 18.4, समदो 6.1, कसौली 14.1, पांवटा साहिब 21.0, सराहन 11.5, मशोबरा 11.9 व सैंज में 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

राम मंदिर शिमला में स्थापित होगा गो ध्वज

अनंत ज्ञान, शिमला। श्री शंकराचार्य स्वागत समिति हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत पारित प्रस्ताव में गो ध्वज स्थापना का निर्धारण स्थल राम मंदिर शिमला घोषित किया गया है। श्रीशंकराचार्य स्वागत समिति के राज्य अध्यक्ष अक्षय भारद्वाज ने बताया कि श्री शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद जी महाराज ने अयोध्या में शुरू की गई गो प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा 24 अक्तूबर को शिमला पहुंचेगी। उनके स्वागत के साथ गो ध्वज स्थापित किया जाएगा। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद के नेतृत्व में पूरे भारत में गो प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा 22 सितंबर से 26 अक्तूबर तक चल रही है। श्री शंकराचार्य स्वामी 24 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक गो ध्वज की स्थापना करेंगे और गो महासभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह देहरादून, उत्तराखंड के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर पंडित पवन कालिया एवं स्थानीय पुजारियों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की प्रथम यात्रा का अभिवादन प्रस्तुत किया और यात्रा के उद्देश्य में सहर्ष स्वीकृति प्रस्तुत करते हुए माता के दरबार में सफलता हेतु पूजा अर्चना की।

हेलि टैक्सी सेवाएं शुरू करने की दी हरी झंडी

शिमला। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शिमला के समीप ढली हैलिपोर्ट से रिकांगपिओ, कुल्लू और शिमला-चंडीगढ़-मंडी रूट पर हैली टैक्सी सेवाएं शुरू करने की हरी झंडी दी है। डीजीसीए की निरीक्षण टीम ने बीते जून माह में ढली हैलिपोर्ट का निरीक्षण किया था।

इस दौरान डीजीसीए की टीम ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। इस दौरान पूर्व में जो आपत्तियां इस हैलिपोर्ट को लेकर लगाई गई थीं, उस पर हुए कार्यों को भी देखा। डीजीसीए की निरीक्षण टीम ने आपत्तियां लगाने के बाद हुए कार्यों को लेकर संतोष जताया है। ढली हैलिपोर्ट में 50 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था के अलावा वीआईपी लॉन्ज व रिसेप्शन काउंटर आदि भी मौजूद हैं।

डॉ. संजय ने संभाला झंडूता कॉलेज का कार्यभार

अनंत ज्ञान, झंडूता। राजकीय महाविद्यालय झंडूता में नवनियुक्त प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार ने कार्यभार संभाला लिया है।उनकी नियुक्ति पर महाविद्यालय के स्टाफ स्टूडेंट्स ने खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद की है कि नियमित प्रिंसिपल के होने से महाविद्यालय उन्नति के नए आयाम हासिल करने में कामयाब होगा। डॉ. संजय पहा लदरौर से संबंध रखते हैं। इससे पहले उन्होंने हमीरपुर कॉलेज में भूगोल विषय के प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दीं हैं।

मरम्मत कार्य के चलते आज बिजली बंद रहेगी

अनंत ज्ञान, डंगार चौक। उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपमंडल नंबर-2 के तहत मरम्मत कार्य के चलते 15 अक्तूबर मंगलवार को 11 केवी एचटी नसवाल डंगार फीडर के तहत आने वाले डंगार हरितल्याङ्गर नसवाल, छंजयार, दख्यूत, घोखल, जरयाणी, मरयाणी, भराड़ी, देहलवीं, केट, बाह तथा आसपास के गांवों में सुबह 9 से शाम 5.30 तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल नंबर-2 घुमारवीं के सहायक अभियंता विवेकानंद ने यह जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

कैडेट्स ने एनसीसी-बी व सी स्तर की परीक्षा की उत्तीर्ण

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के 4 एचपी (आई) कॉम एनसीसी यूनिट के सभी कैडेट्स ने एनसीसी-बी और सी स्तर की प्रमाणपत्र परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। सी स्तर की परीक्षा में कुल 13 कैडेट्स सम्मिलित हुए, जिनमें से सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'ए' ग्रेड प्राप्त किया। बी स्तर की परीक्षा में 11 कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमें से अधिकांश कैडेट्स ने 'ए' ग्रेड हासिल किया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी राजीव शर्मा ने कैडेट्स के समर्पण और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि कैडेट्स ने महाविद्यालय और एनसीसी यूनिट का नाम रोशन किया है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एसएस रावत और प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने भी सभी कैडेट्स को इस सफलता के लिए बधाई दी।

स्वयंसेवियों ने किया दधोल स्कूल का सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन स्वयंसेवियों द्वारा पाठशाला सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। वहीं, अभिलाषी विश्वविद्यालय मंडी से आए सहायक प्रोफेसर डॉ. नवदीप शर्मा ने स्वयंसेवियों का पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में हमारी धरती मां से संबंधित सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण की है, वे चाहे वायु, जल, ध्वनि या फिर समाज में फैली बुराइयों की हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इन सभी बुराइयों को मिटाने के लिए तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए भूमिका निभा सकती है। सभी स्वयंसेवियों को पर्यावरण प्रेमी होना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश भारद्वाज व अन्य स्टाफ सदस्य अभी मौजूद रहे।

मॉकड्रिल से किया बचाव-राहत कार्यों का अभ्यास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिलासपुर की तरफ से आपदा प्रबंधन के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया। इस कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र बिलासपुर के विद्यार्थियों को आपदा के समय व्यवहार, बचाव के उपाय और आपदाओं से निपटने के तरीके बताए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशानिर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा इस वर्ष भी एक से 15 अक्तूबर तक आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम 'समर्थ 2024' के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सोमवार को डीडीएमए ने स्कूल के जिला भाषा व कला संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम परिसर में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें भूकंप एवं आगजनी से बचाव के विभिन्न तरीकों को प्रदर्शित किया गया। इस मॉकड्रिल में एनडीआरएफ, होम गार्ड, अग्निशमन, स्वास्थ्य, पुलिस, रेडक्रॉस और स्वयंसेवकों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

नवरात्र में मां नयना देवी में चढ़ा 1.04 करोड़ का चढ़ावा

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी। हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में जहां पर शारदीय नवरात्र में लगभग 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए। इन नवरात्रों में माता जी को चढ़ावे के रूप में एक करोड़ चार लाख 372 रुपए नकद और सोना 114 ग्राम 800 मिलीग्राम और चांदी 15 किलो 275 ग्राम चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुआ। नवरात्रों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर रोज माता जी के दर्शन किए और दिल खोल कर चढ़ावा चढ़ाया। जिला प्रशासन के द्वारा मंदिर न्यास के द्वारा और पुलिस के द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थीं।

चीखर स्कूल एक अध्यापक के सहारे

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)

असंख्य स्कूल बंद होने के बावजूद भी मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सतलाई के राजकीय प्राथमिक पाठशाला चीखर बीते पांच वर्षों से एक ही अध्यापक के सहारे चल रहा है जिनके द्वारा इस स्कूल के कुल 58 बच्चों को पहली से पांचवी कक्षा तक पढ़ाया जा रहा है जिससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय बन चुका है ।

शिक्षा विभाग की लचर प्रणाली और सरकार के गुणवता शिक्षा प्रदान करने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। हिप्र किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने कड़ा संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि बच्चों के भविष्य में मध्यनजर रखते हुए शीघ्र अति शीघ्र इस पाठशाला में अध्यापकों को नियक्ति की जाए अन्यथा किसान सभा धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला चीखर की फाइल फोटो।

स्कूल के कुल 58 बच्चों का भविष्य खतरे में

डॉ. कुलदीप तंवर ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति के आग्रह पर उनके द्वारा चीखर स्कूल का दौरा करने पर एसएमसी के सदस्यों ने अवगत करवाया कि एसएमसी ने बीते दो वर्षों से अनेकों बार इस समस्या को लेकर कसुंपंटी विस के विधायक एवं प्रदेश सरकार मे काबीना मंत्री अनिरूद्ध सिंह से भेंट की गई परंतु हर बार आश्वासन के अतिरिक्त कुछ भी नहीं मिल पाया है । डॉ. तंवर ने हैरानी प्रकट करते हुए कहा कि एक अध्यापक द्वारा 58 बच्चों को शिक्षा प्रदान करवाना बच्चों के भविष्य के साथ एक भददा मजाक है ।

एक अध्यापक को पांच कक्षाओं को पढ़ाना बहुत कठिन है और ऐसी स्थिति में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती है । उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि इस समस्या को लेकर किसान सभा शीघ्र की निदेशक शिक्षा विभाग और शिक्षा मंत्री से मिलेगें अगर उसके बावजूद अगर अध्यापक की नियुक्ति नहीं की गई तो किसान सभा विभाग की लचर प्रणाली के विरूद्ध धरना प्रदर्शन करने में गुरेज नहीं करेगा।

उच्चाधिकारियों के समक्ष मामला उठाया है: सुनिता

खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मशोबरा सुनिता कंवर से जब इस बारे बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस स्कूल में पहले दो बार शिक्षक की नियुक्ति की गई थी परंतु ज्वाइन नहीं किया गया था । इस स्कूल में अध्यापक की कमी बारे उच्चाधिकारियों के समक्ष मामला उठाया गया है।

युवाओं के पहले बैच को विदेश में प्राप्त हुए रोजगार के अवसर: सीएम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार की युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने की पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। आज इस योजना के अंतर्गत पांच युवाओं का पहला बैच अपनी नई भूमिका शुरू करने के लिए सऊदी अरब पहुंच गया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन युवाओं को 31 अगस्त, 2024 को शिमला में नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। इन युवाओं में ऊना जिला के रजत कुमार, सुनील कुमार, जसप्रीत सिंह और अभिनव तथा जिला हमीरपुर के दिनेश शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूएई स्थित दुबई में ईएफएस फैसिलिटीज़ सर्विसिज ग्रुप लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया है। दिसम्बर, 2023 में मुख्यमंत्री की दुबई यात्रा के उपरांत इएफएस ने विदेश भर्ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हिमाचल से 15-20 प्रतिशत भर्तियां करने का लक्ष्य रखा है। इसके अंतर्गत आतिथ्य, तकनीकी सेवाओं, हाउस कीपिंग, खाद्य व पेय पदार्थ और कार्यालय सहायक जैसे क्षेत्रों में प्रदेश से प्रतिवर्ष लगभग 1000 उम्मीदवारों को दुबई में रोजगार दिया जाएगा।

सरकार ने सिर्फ 20 माह के अपने कार्यकाल के दौरान सरकारी क्षेत्र में 31000 पद सृजित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भी सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य कर रही है ताकि भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के लिए विदेश में और अवसर प्राप्त हों।

बालूगंज के तवी मोड़ में पलटा टिप्पर

अनंत ज्ञान, शिमला

शिमला के बालूगंज में एक टिप्पर दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। हादसे में टिप्पर चालक को गंभीर चोटें आई है।

उसे उपचार के लिए आईजीएमसी में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि बजरी से लदा टिप्पर तवी मोड़ के पास करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने ड्राइवर को खाई से सड़क पर पहुंचाया और उपचार के लिए आईजीएमसी में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि मोड़ पर आंखों पर लाइट पड़ने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया।

टिप्पर चालक चक्षु (22) शिमला के घणाहट्टी का रहने वाला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पिछले वर्ष के एरियर को तरस रहे कंप्यूटर शिक्षक

शिमला। स्कूलों में कार्यरत लगभग 1300 कम्प्यूटर शिक्षकों को पिछले वर्ष का सात महीने का एरियर नहीं मिला है। इन शिक्षकों का अप्रैल से लेकर अक्तूबर 2023 तक का एरियर पैंडिंग है। 1300 शिक्षकों को प्रति शिक्षक 14 हजार रुपए के हिसाब से यह एरियर मिलना है। अब शिक्षक सरकार से दीवाली से पहले इस एरियर को जारी करने की मांग कर रहे हैं। कर्मियों ने भुगतान दीवाली से पहले भुगतान की मांग की।

फ्लाइंग फेस्टिवल का शुभारंभ करेंगे राज्यपाल

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)

राजधानी से सटे रियासतकालीन शहर जुन्गा घाटी 16 अक्तूबर से मानव परिदों से सराबोर होगी। इस सूने शहर में दूसरी बार 16 से 19 अक्तूबर तक पर्यटन विभाग और द ग्लाईड इन के संयुक्त तत्वाधान में फ्लाइंग फेस्टिवल एंव हॉस्पीटेलिटी एक्सपो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। द ग्लाईड इनके प्रबधंक निदेश्क अरूण रावत ने बताया कि फ्लाइंग फेस्टिवल के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। फ्लाइंग फेस्टिवल भाग लेने के लिए पंजीकरण का क्रम जारी है।

उन्होंने बताया कि 16 अक्तूबर को पौने 11 बजे फ्लाइंग फेस्टिवल का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला करेंगे। इसी प्रकार 18 अक्तूबर को द ग्रेट खली उर्फ दलीप सिंह राणा प्रात: 11 बजे और जबकि दोपहर बाद 2 बजे ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह इस फ्लाइंग फेस्टिवल में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

इस उत्सव के अंतिम दिन 19 अक्तूबर को पुरस्कार वितरण समारोह में हिप्र सरकार के मिडिया सलाहकार नरेश चौहान और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

वॉलीबॉल में स्कॉर्पियन बॉयज अलसिंडी की टीम ने जीती ट्रॉफी

अनंत ज्ञान, शिमला

लक्ष्मी युवक मंडल अलसिंडी द्वारा आयोजित वालीबॉल टूर्नामेंट में स्कॉर्पियन बॉयज अलसिंडी की टीम ने फाइनल जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। दो दिन तक चली वॉलीबॉल चैंपियनशिप में कुल आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें स्कॉर्पियन बॉयज अलसिंडी और कांडा टीम के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें अलसिंडी टीम ने जीत हासिल की जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच सिक्स ब्रदर्स धरमौड और शंकर देहरा के बीच खेला गया जिसमें धरमौड टीम ने जीत हासिल की।

स्कॉर्पियन बॉयज अलसिंडी और सिक्स ब्रदर्स धरमौड के बीच फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचित रहा जिसमें स्कॉर्पियन बॉयज अलसिंडी ने 3 -1 से बढ़त बनाकर वालीबॉल टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। युवक मंडल अलसिंडी स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्य दिनेश, कामेश्वर, गोपाल वर्मा और राजेंद्र ने बताया कि दशहरा पर्व के अवसर पर हर वर्ष वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है जिसका मकसद युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना है ।

वहीं लक्ष्मी नाट्य निकेतन अलसिंडी के अध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर और सचिव पुनीत कुमार ने विजेता टीम के साथ साथ वालीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

पंजाब की मंडियों में हिमाचली धान खरीद पर रोक

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल के किसानों का धान पंजाब की मंडियों में लेना बंद कर दिया है। पिछले दो साल से यहां के किसान चोरी-छिपे पंजाब किसानों की जमीन की फर्द के नाम पर धान बेच देते थे। इस बार पंजाब की मंडियों में हिमाचल के किसानों का धान नहीं लिया जा रहा है।

इस बार हिमाचल में नालागढ़ व मलपुर में खुले खरीद केंद्रों में ही सारा धान बिकेगा। बीबीएन में इस बार 3750 हेक्टेयर जमीन पर धान लगाया गया है। यहां पर करीब 18 हजार मीट्रिक टन धान होने की उम्मीद है। चार साल पहले भी पंजाब ने हिमाचल के किसानों का धान गेहूं लेना बंद कर दिया था। इसके लिए पंजाब की जमीन फर्द होना जरूरी था। किसान आढ़तियों से मिली भगत कर अपना धान बेच देते थे। सिविल सप्लाई विभाग ने नालागढ़ और बद्दी के मलपुर में धान व गेहूं के लिए खरीद केंद्र खोल रखे हैं।

टोकन प्रणाली में कई खामियां होने से यहां के किसान केंद्र खुलने के बावजूद पंजाब में फसल बेचते थे। पंजाब के किसान इस बात पर अड़े हैं कि आढ़ती पहले उनका धान लें और उसके बाद ही बाहरी राज्यों से आने वाले धान की खरीद करें। जिससे हिमाचल के धान अब आढ़ती नहीं ले रहे।

जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक हुई

बिलासपुर। जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डॉक्टर प्रवीण चौधरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर की अध्यक्षता में विभागीय समागार में संपन्न हुआ। इसमें जिला के सभी चार स्वास्थ्य खंडों के प्रमुख, जिला प्रोग्राम अधिकारी डॉ. अनंत राम चौहन, जिला कार्यक्रम अधिकारी व सहयोगी स्टाफ ने भाग लिया। डॉ. प्रवीन ने जानकारी दी कि जिले में गर्भवती महिलाओं की अर्ली रजिस्ट्रेशन की दर 85 प्रतिशत है जो एक अच्छा संकेत है। इसी तरह 95 प्रतिशत से अधिक प्रसव सरकारी व प्राइवेट स्वास्थ्य संस्थानों मे हो रहे हैं। जिससे मातृ-शिशु मृत्यु दर में भारी गिरावट आई है। इसे हम अति-जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करने के उपरांत उन्हें उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाकर तथा प्राइवेट प्रसव संस्थानों अस्पतालों के साथ तालमेल बनाकर कर इस लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। संस्थागत सामान्य प्रसव में तीन दिन तथा सिजेरियन प्रसव मे महिला को सात दिन तक अस्पतालों मे मुफ्त पोषाहार दिया जाता है। इसके अतिरिक्त यदि महिला प्रसव के तुरन्त बाद पीपीआईयूसीडी लगवाती है तो उन्हे 300 रुपए की आर्थिक प्रोत्साहन राशि मिलती है।

बिलासपुर फूड सेफ्टी विभाग को मिलेगी एमएफटीएल लैब वैन

विभाग द्वारा मौके पर भरे जाएंगे सैंपल और 15 मिनट के भीतर आएगी सैंपल की रिपोर्ट

शुभम राही, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में जल्द ही फूड सेफ्टी विभाग को अपनी-अपनी एमएफटीएल यानि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन मिलने जा रही है। इस वैन से विभाग को सबसे अधिक फायदा सैंपलिंग प्रक्रिया में मिलेगी, क्योंकि इस आधुनिक तकनीक से लैस वैन में सैंपल की रिपोर्ट मात्र 15 मिनट में पहुंच जाएगी।

वहीं, साथ ही में यह भी पता लगाया जा सकता है कि कौन-सा खाद्य पदार्थ खाने लाइक है या नहीं। बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर जल्द ही यह वैन पहुंचने वाली है। वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में यह वैन पहुंच भी गई है और विभाग द्वारा इसका प्रयोग भी किया जा रहा है।

खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि इस वैन से आने से विभाग को सैंपल की रिपोर्ट उसी वक्त पर मिल जाएगी। जिससे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का समय भी बचेगा साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच भी सही समय पर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि

पूरे प्रदेशभर के फूड सेफ्टी विभाग को प्रदेश सरकार देने जा रही एमएफटीएल लैब वैन

दूध, दहीं, पनीर, खोसा पानी, जूस, तेल और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भरेगी वैन

फाइल फोटो

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

इससे पहले यह वैन जोन के तहत मिलती है। जिसमें माह में एक आधी बार यह वैन बिलासपुर में आती थी, जिससे विभाग इस वैन का यूज करके सैंपल तो ले लेता था, लेकिन एक दो दिन के बाद यह वैन वापस चली जाती थी, लेकिन अब बिलासपुर जिला को एक अपनी अलग से मिल रही इस वैन से अधिक लाभ होंगे।

वहीं, विभागीय अधिकारी का यह भी कहना है कि इस वैन के माध्यम से लोगों और दुकानदारों को जागरूक भी किया जाएगा कि कौन-सा पदार्थ कब तक खाने लाइक है या नहीं।

बता दें कि इस वैन के शुरू होने से बिलासपुर जिला के दुकानदारों के लिए भी जागरूकता शिविर वैन के माध्यम से लगाए जाएंगे। जिसमें खाद्य पदार्थों के सैंपल की जांच की जाएगी और दुकानदारों के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के बारे में भी बताया जाएगा। विभाग का मानना है कि अभी तक भी ग्रामीण स्तर पर दुकानदार ऐसे भी है कि जिनको खाद्य पदार्थों की ज्यादा जानकारी नहीं होती है और वह अपनी दुकान से वह खाद्य पदार्थ बेचते आ रहे है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर इसका अधिक असर पड़ता है। वहीं, दूसरी ओर इस वैन के माध्यम से कुछ सैंपल विभाग अपने स्तर पर रिपोर्ट भी प्राप्त कर सकता है। ताकि आपातकाल के दौरान सैंपल की रिपोर्ट चाहने पर विभाग इसकी रिपोर्ट प्राप्त कर सकें। (अनंत ज्ञान)

> बिलासपुर जिला को जल्द ही एफएफटीएल यानी मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन मिलने जा रही है। इस वैन से विभाग मौके पर ही सैंपल लेगा और इसकी रिपोर्ट भी कुछ ही समय में आ जाएगी। विभाग इस वैन के माध्यम से दुकानदारों और लोगों को खाद्य पदार्थों को लेकर जागरूक भी करेगा।
>
>
>
> **-महेश कश्यप, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर**

बच्ची की डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही होगा खुलासा

नीरज शर्मा, घुमारवीं। पुलिस थाना घुमारवीं के तहत करीब डेढ़ माह पहले घुमारवीं शहर के साथ लगते इंदरा वार्ड के एक खेत में मृत अवस्था में मिले नवजात के बच्ची के शव के मामले में अब डीएनए रिपोर्ट आने के बाद कई खुलासे होंगे। नवजात बच्ची के शव का डीएनए जांच के लिए जुन्गा लैब में भेजा गया है। इसके बाद अब पुलिस पता लगाएगी की मृतक बच्ची को जन्म को कितना टाइम हुआ था, बच्ची की मौत कैसे हुई थी। बहरहाल पुलिस डीएनए रिपोर्ट के अलावा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार भी कर रही है। देखा जाए तो डेढ़ माह का वक्त बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। बता दें कि 18 अगस्त को घुमारवीं के साथ लगते इंदरा वार्ड में खेतों में पड़ा नवजात बच्ची का शव मिला था। जिसके बाद पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। शुरुआती दौर में पूरा प्रशासन इस मुद्दे को लेकर सख्त था, लेकिन पुलिस की जांच में अभी तक कोई सकारात्मक नतीजा नहीं मिला है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल ने कहा कि बच्ची के शव का डीएनए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही जानकारियां मिलने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

बिलासपुर कॉलेज में हुआ इंटर कॉलेज युवा महोत्सव शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव ग्रुप-1, 2024- 25 का आगाज धूमधाम से हुआ। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व सदर विधायक बंबर ठाकुर व विशेष अतिथि के रूप मे भावना ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने मुख्यातिथि का विधिवत स्वागत किया। उन्होंने महाविद्यालय में होने वाले अलग-अलग इवेंट्स के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। जैसा कि ज्ञात है कि हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के द्वारा हर वर्ष प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय के बीच इंटर कॉलेज युवा महोत्सव ग्रुप 1, 2, 3 व 4 का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें ग्रुप वन की मेजबानी इस साल बिलासपुर महाविद्यालय के द्वारा ली गई है। ग्रुप वन के अंदर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाती है जिसमे भाग लेने के लिए पूरे प्रदेश से 80 महाविद्यालयों के लगभग 800 छात्र व छात्राएं व 160 कंटिजेंट इंचार्ज ने भाग लिया है। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में महाविद्यालय प्राचार्य व पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह बिलासपुर के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि हमारे महाविद्यालय में पूरे प्रदेश के बुद्धिजीवी लोग इकट्ठा हुए हैं। आज ग्रुप वन के पहले दिन एलोक्यूशन, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, क्विज प्रिलिमनरी, कोलाज मेकिंग, कार्टूनिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के साथ विशेष अतिथि के तौर पर भावना ठाकुर, महाविद्यालय के पीटीए प्रेसिडेंट नईम मोहम्मद, सेवानिवृत्त प्राचार्य, प्रोफेसर व प्रदेश कांग्रेस के अतिथि भी उपस्थित रहे।

मेला ढोल-नगाड़ों से निकाली भव्य शोभायात्रा, बाबा की नगरी में छाई रौनक

शाहतलाई में दो दिवसीय दशहरा मेला शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बाबा बालक नाथ की तपोभूमि शाहतलाई में दो दिवसीय दशहरा मेला सोमवार से शुरू हो गया। सनातन सेवा समिति शाहतलाई के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे मेले का शुभारंभ झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने किया। विधिवत रूप से मेले का शुभारंभ करने से पहले उन्होंने ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भी उपस्थिति दर्ज करवाई, जिसकी अगुवाई सिर पर कलश उठाए बालिकाओं ने की। मेला शुरू होते ही बाबा की नगरी में रौनक छा गई है।

मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि मेले और त्योहार सनातन संस्कृति को संजोए रखने का सशक्त माध्यम हैं। यह आयोजन सदियों से हो रहे हैं। मेलों से जहां समृद्ध संस्कृति और प्राचीन परंपराओं का संरक्षण होता है, वहीं इससे आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। मेले मनोरंजन का भी साधन हैं। उन्होंने मेले के शुभारंभ के लिए कमेटी को शुभकामनाएं देते हुए इसके सफल आयोजन के लिए बीस हजार रुपए की राशि भेंट की। साथ ही कमेटी को यथासंभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर बाबा बालक नाथ मंदिर के महंत श्री-श्री 1008 राजेंद्र गिरी, संत रूपेश्वर गिरी, झंडूता भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कंचन धीमान तथा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे। कटवाल ने तलाई नगर पंचायत तथा बड़गांव, बलोह व झंडूता पंचायतों का दौरा भी किया। लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं से बात करने के साथ ही उन्होंने झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है। उसके लिए देश हित सर्वोपरि है। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं। ज्यादातर समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। बाकी समस्याओं के जल्द समाधान के लिए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

न्यूज ब्रीफ

अटल बिहारी वाजपेयी के निवास पहुंचे राज्यपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने चार दिवसीय कुल्लू जिला के दौरे के दौरान सोमवार को मनाली पहुंचे। इस दौरान वह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के प्रीणी स्थित आवास गए। परिसर में उन्होंने कुछ समय बिताया और स्व. अटल जी के साथ बिताए पलों और स्मृतियों को याद कर भावुक हो गए। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थीं।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल पत्नी के साथ नग्गर में माता का आशीर्वाद लेते हुए।

पूर्व पीएम को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा, 'हिमाचल और हिमाचलवासियों से उन्हें बहुत स्नेह था। वह इसे अपना दूसरा घर मानते थे। उन्होंने यहां के शांत वातावरण में अनेक कविताएं लिखीं हैं।' राज्यपाल ने रौरीक आर्ट गैलरी और नग्गर कैसल का दौरा भी किया। राज्यपाल ने कहा, 'महान कलाकार निकोलस रौरीक ने हिमाचल की सुंदरता को अपनी कला के माध्यम से तस्वीरों में उकेरा है। यह गैलरी भारत और रूस के मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाती है।' इससे पूर्व, राज्यपाल ने काईस मठ का दौरा भी किया। राज्यपाल के सचिव चंद्र प्रकाश वर्मा तथा जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

अनुराधा ने फकैड लाइटिंग प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। जिला लाहौल एवं स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने स्पीति के काजा मोनेस्ट्री में 20 लाख रुपए की लागत से स्थापित किए गए फकैड लाइटिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि इन फकैड लाइटों के लगने से मोनेस्ट्री में रात्रि के समय पर्याप्त मात्रा में रोशनी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा मोनेस्ट्री में रात्रि के समय आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान भी यह लाइटें कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने इन लाइटों को लगाने के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर काजा मोनेस्ट्री के प्रमुख लोबजंग लामा जी ने विधायक अनुराधा राणा को थंका पेंटिंग भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इससे पूर्व, काजा मोनेस्ट्री प्रबंधन समिति ने विधायक को खतक पहनाकर स्वागत किया और बौद्ध मंदिर की विभिन्न गतिविधियों से उन्हें अवगत करवाया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य केसंग रापचिक, छेवांग रिंगज़िन, वीर भगत और सनी, एसडीएम शिखा, डीएफओ मंदार उमेश जेवरे, तहसीलदार भूमिका जैन, खंड विकास अधिकारी उपस्थित थे।

काजा मोनेस्ट्री में फकैड लाइटिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन करते हुए विधायक अनुराधा राणा।

पांवटा में कार की टक्कर से युवती की मौत

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। पांवटा साहिब उपमंडल में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवती की मौत हो गई है। पुरुवाला पुलिस थाना की सिंघपुरा पुलिस चौकी ने आरोपी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पूजा और बबली सड़क से पैदल गुजर रही थी। इसी बीच मेहरूवाला में एक कार ने बबली को टक्कर मार दी, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। अस्पताल पहुंचते ही उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। मृतक बबली की बहन पूजा देवी निवासी व्यासली, डाकघर नथेता, तहसील पांवटा साहिब ने पुलिस को बताया कि शनिवार को जब यह पैदल मेहरुवाला पहुंचे तो गाडी नंबर एचपी17ई-8066 सिंघपुरा की तरफ से तेज रफ्तारी से आई और बबली को टक्कर मार दी। हादसे के दौरान अनियंत्रित हुई गाड़ी भी सड़क से नीचे रैंप में गिर गई। आईपीएस अधिकारी अदिति सिंह ने हादसे की पुष्टि की।

फ्रांस से डेयरी फार्मिंग सीखेगा हिमाचल

शिमला। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार डेयरी फॉर्म मैनेजमेंट सीखने के लिए 7 सदस्यीय टीम को फ्रांस भेज रही है। ये टीम 20 अक्टूबर तक फ्रांस में अलग अलग डेयरी फर्म का दौरा करेगी और वहां दूध से बनने वाले विभिन्न प्रोडक्ट को बनाने और इनकी मार्केटिंग की जानकारी हासिल करेगी। इस 7 सदस्यीय टीम में हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार के अलावा 2 विधायक सरकारी उपक्रम मिल्कफेड के सचिव, मिल्कफेड के एमडी और डेयरी फर्म चलाने वाली 2 महिलाएं फ्रांस जा रही हैं। फ्रांस में डेयरी कारोबार खूब फल फूल रहा है। दावा किया जाता है कि यूरोप में फ्रांस दूसरा सबसे बड़ा दूध उत्पादक और दुनिया का सातवां सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। फ्रांस में 58 हजार डेयरी फॉर्म है। यही वजह है कि सुक्खू सरकार डेयरी फॉर्म मैनेजमेंट को बारीकी से समझने के लिए हिमाचल की टीम को फ्रांस भेज रही है। बता दें कि हिमाचल सरकार कांगड़ा में आधुनिक सुविधाओं से लैस 201 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश का सबसे बड़ा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट बनाने जा रही है। इससे पता चलता है कि सुक्खू सरकार प्रदेश में दूध के कारोबार को बढ़ाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कुल्लू में 18.20 करोड़ की पेयजल योजनाएं की लोकार्पित

जल शक्ति विभाग की चल रही परियोजनाओं के लिए 3 करोड़ की घोषणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू प्रवास के दौरान सुमा में लगभग 18 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित जलशक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। उन्होंने पीज फाटी की करीब 16 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन किया, इससे फाटी, पीज व भुमतीर के गांवों के लगभग 8050 लोगों को पेयजल उपलब्ध होगा।

विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।

उन्होंने 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना का भी उद्घाटन किया। इस पेयजल योजना से ग्राम पंचायत डुगीलग के सुमा, छुरला, धाराबाग व भालठा गांवों की करीब 3000 आबादी लाभांवित होगी। इससे दूर-दराज के इलाकों में पानी की समस्याओं से निजात मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की ओर से कुल्लू में पेयजल की 708 योजनाएं पूरी कर दी गई है और 111 पर काम चल रहा है। सिंचाई की 89 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 49 योजनाओं पर काम चल रहा है। बाढ़ नियंत्रण की 29 योजनाएं पूर्ण हो चुकी है और 7 योजनाओं पर काम चल रहा है। मल निकासी की 4 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है और 5 योजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कुल्लू क्षेत्र की जल शक्ति विभाग की चल रही योजनाओं के लिए तीन करोड़ जारी करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि कुल्लू में नाबार्ड में 187 करोड़ की 38 पेयजल योजनाओं की स्वीकृत प्राप्त हुई है इनमें से 5 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है वह 33 पर कार्य प्रगृति पर है। इस वर्ष 2024- 25 में कुल्लू जिले में विभिन्न पेयजल सिंचाई व मल निकासी योजनाओं पर कुल 38 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण के तहत इस वर्ष कुल्लू जिला की 24 योजनाएं मंजूर हुई हैं, जिन पर कुल 158 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए जनता को संबोधित किया। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू भुट्टी चौक से पथ परिवहन की दो बसों की विधिवत पूजा अर्चना करके हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कुल्लू से बुआई वाया बागन बस में लगभग तीन किलोमीटर का सफर किया।

अनुराग इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन के चुने गए सदस्य

अनंत ज्ञान, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन (आईपीयू) के निर्विरोध सदस्य चुने गए हैं। अनुराग ठाकुर आईपीयू की स्टेंडिंग कमेटी ऑन यूएन अफेयर के सदस्य चुने गए हैं।

बता दें कि बीते कल आईपीयू के एशिया पेसेफिक ग्रुप की बैठक स्विटजरलैंड के जेनेवा में आयोजित की गई। बैठक में आईपीयू की स्टेंडिंग कमेटी ऑन यूएन अफेयर के खाली पड़े पद को भरने के लिए सदस्य का चयन करने को लेकर चर्चा गई थी। बैठक में सभापति ने आईपीयू की स्टेंडिंग कमेटी ऑन यूएन अफेयर की खाली सीट को भरने के लिए अनुराग ठाकुर के नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने सहमति जताई। एशिया पेसेफिक ग्रुप ने अनुराग के नाम की सिफारिश आईपीयू को भेज दी है। आगामी 17 अक्टूबर को आईपीयू की जनरस असैंबली की बैठक में आईपीयू इस पर अपनी अनुमति देगा।

कब हुई थी आईपीयू संगठन की स्थापना? आईपीयू संगठन की स्थापना आज से 130 साल पहले हुई थी। इस संगठन की स्थापना दुनिया के पहले बहुपक्षीय राजनीतिक संगठन के रूप में हुई थी। वर्तमान में आईपीयू में 179 सदस्य सांसद और 13 एसोसिएट सदस्य शामिल हैं।

प्रदेश के आधारभूत ढांचा विकास में केंद्र सरकार का योगदान : राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के आधारभूत ढांचा विकास में (इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमैंट) में सर्वाधिक योगदान केंद्र सरकार का रहता है और विशेषतौर पर नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा ढांचागत विकास में सर्वाधिक सहयोग किया गया।

बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण में क्रांति आई तो केवल प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कारण, जिसकी शुरूआत अटल बिहारी वाजपेयी ने हिमाचल से की और वर्तमान में 50 प्रतिशत ग्रामीण सड़कें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्मित है।

वर्तमान में भी लगातार केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा हजारों करोड़ रुपए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निरंतर दिया जा रहा है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की बड़ी सड़कों के निर्माण में विगत 7-8 वर्षों में जो क्रांति आई है, उसने हिमाचल के भविष्य को नए सिरे से लिखना शुरू किया है। फोरलेन हाईवे का निर्माण केवल नरेंद्र मोदी की सरकार, जगत प्रकाश नड्डा की सरकार, भाजपा सरकार की देन है। लगभग 40 हजार करोड़ रुपए से हिमाचल प्रदेश को एक छोर से दूसरे छोर तक जोड़ने का काम तीव्र गति से चला है। इन सड़कों के निर्माण से आवागमन में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है और हो रहा है।

बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के नेता और वर्तमान कांग्रेस की सरकार इन सभी उपलब्धियों को नकारने का असफल प्रयास कर रही है। हिमाचल प्रदेश के लिए टनल्स का निर्माण केवल एक स्वप्न जैसा रहता था। दशकों से यह विषय आता था कि टनल्स निर्माण के माध्यम से दूरियां कम होंगी, आवागमन सुगम होगा परन्तु होता कुछ नहीं था। मैं कांग्रेस के नेताओं को और वर्तमान कांग्रेस सरकार का याद दिलाना चाहता हूं कि अटल टनल्स रोहतांग से लेकर प्रदेश में निर्मित सभी टनल्स केवल और केवल नरेंद्र मोदी सरकार की देन है।

लोकतंत्र में विचारों को स्वतंत्रता से प्रकट करने का अधिकार : शांता कुमार

पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में अपने विचारों को स्वतंत्रता से प्रकट करने का बुनियादी अधिकार होता है। स्वतंत्र पत्रिकारिता लोकतंत्र की आत्मा होती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में न्यू रडार के संवादाता सुनील चड्ढा के विरूद्ध एक एफआईआर की बात पढ़ कर उन्हें हैरानी ही नहीं, बहुत दुख भी हुआ है। पिछले दिनों सुनील चड्ढा ने एक समाचार छापा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की हालत को देख कर हरियाणा की जनता ने भाजपा की सरकार बनाई है। ऐसे समाचार के कारण ही संवादाता के विरूद्ध एफआईआर का कोई आधार ही नहीं है।

शांता कुमार ने कहा कि हरियाणा की विजय का प्रभाव महाराष्ट्र तक पड़ने वाला है। इस प्रकार एफआईआर दर्ज करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। यह समाचार किसी भी अपराध की व्याख्या में नहीं आता। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विशेष आग्रह किया है कि इस एफआईआर को तुरन्त रद्द करवाएं और हिमाचल प्रदेश की स्वतंत्रता पत्रिकारिता को स्वतंत्र रखें।

जिस ईवीएम से सीएम बने, उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठा रहे हैं सुक्खू : जयराम ठाकुर

जिन झूठी गारंटियों ने कांग्रेस को हिमाचल में जिताया, उसने ही हरियाणा में हराया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिस ईवीएम से इस बार चुनकर आए हैं, उनकी पार्टी के 40 विधायक चुनकर आए हैं, जिसके कारण वह हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं, उसी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं। अपने आकाओं को खुश करने के लिए वह बेहद गैर जिम्मेदाराना और अलोकतांत्रिक बयान दे रहे हैं।

एक चुने हुए मुख्यमंत्री के लिए इससे शर्मनाक बयान नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री लोकतंत्र, जनादेश और जनमत का अपमान कर रहे हैं। इसके पहले भी वह तीन बार इस ईवीएम मशीन द्वारा चुनकर विधानसभा पहुंचे। उनके सुर में और मिलने वाले उनके अन्य सहयोगी भी इसी ईवीएम मशीन से जनमत पाकर कई बार विधानसभा में पहुंचे और एक माननीय के रूप में विभिन्न वैधानिक पदों को सुशोभित किया। उसके बाद भी सिर्फ अपने आला कमान को खुश रखने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाना शर्मनाक, औचित्यहीन और गैर जिम्मेदाराना है।

कहा-मुख्यमंत्री लोकतंत्र जनादेश और जनमत का अपमान कर रहे हैं

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की हार का कारण कांग्रेस का सफेद झूठ बोलना, जनहित से अलग पार्टी हित और अपने नेताओं के हित को ध्यान में रखकर काम करना है। कांग्रेस की हार का करण देश भर में कांग्रेस की राज्य सरकारों का प्रदर्शन है, जो जनहित और प्रदेश हित के बजाय खुद और खुद से जुड़े हुए लोगों का हित करने का काम करती है।

कांग्रेस की हार का कारण हिमाचल में दी गई झूठी गारंटियां हैं, जिसके कारण हरियाणा के लोग सतर्क हुए और कांग्रेस की ठगी की योजना कामयाब नहीं होने पाई।

निर्माणाधीन बस अड्डे का किया निरीक्षण

सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आए जयराम ठाकुर ने जंजैहली के निर्माणाधीन बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे बस अड्डे का शिलान्यास उनके मुख्यमंत्री रहते किया गया था।

निर्माण के लिए बजट का प्रावधान भी पूर्व सरकार द्वारा ही किया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता के चलते बस अड्डे के निर्माण कार्य में विलंब हुआ। उन्होंने सरकार से बस अड्डे का संचालन अति शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगी राजीव जागरूकता

इस साल प्रदेश में 150 से अधिक लोग करवा चुके सर्पदंश का उपचार

गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना : बाली

'हिम उन्नति योजना' से 50,000 किसान होंगे लाभान्वित

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

राज्य के किसानों व बागवानों के समग्र विकास एवं समृद्धि के लिए खेती की लागत को कम करने, आय एवं उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है। यह उद्गार पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कांगड़ा में अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने 10 वर्षों में प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'आत्मनिर्भर हिमाचल' की परिकल्पना की है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में प्राकृतिक खेती से रोजगार को बढ़ावा देने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तीसरे चरण में एक नई योजना 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना' की शुरूआत की है, जिसमें किसानों को जोड़ा जाएगा। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदने और पूरे देश में गेहूं व मक्का के लिए सबसे अधिक 40 और 30 रुपए का समर्थन मूल्य तय किया गया है तथा इसके तहत प्रत्येक प्राकृतिक खेती किसान परिवार से 20 क्विंटल तक अनाज खरीदा जाएगा।

प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बाजार मुहैया करवाने और उनके विपणन के लिए इस वर्ष 10 नए किसान-उत्पादक संघ बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की दर से खरीदने का निर्णय लिया गया है। हिम उन्नति योजना को राज्य में क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य रासायन मुक्त उत्पादन और विपणन करना है। इस योजना में लगभग 50,000 किसानों को शामिल करने के अलावा, 2,600 कृषि समूह स्थापित जाएंगे। राज्य सरकार डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए भी महत्त्वपूर्ण कदम उठा रही है।

ध्यान से काटें घास, लापरवाही बरती तो काटेगा सांप

रविंद्र जस्टा, शिमला

प्रदेश में इन दिनों घास काटने का काम जोरों पर चला हुआ है। ऐसे में अब अस्पतालों में सांप के काटने के मामले काफी ज्यादा आ रहे हैं। लोगों को ध्यान रखना होगा कि अगर घास काटते समय जरा सी भी लापरवाही बरती तो सांप भी काट सकता है। लोगों को खेतों व घास काटने का काम थोड़ा संभलकर करना होगा।

वहीं लोगों को रास्ते में भी चलते समय थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। चिंता की बात है कि हिमाचल में सर्पदंश के मामले प्रत्येक वर्ष बढ़ते ही जा रहे हैं। आईजीएमसी के मेडीसन विभाग में हर साल 170 से 180 मामले सांप काटने के पहुंचते हैं। यहां तक कुछ लोगों की जान तक चली जाती है। हालांकि इस बार विधानसभा मानसून सत्र के दौरान भी यह मामला उठा था। ऐसे में सरकार ने पीएचसी स्तर में भी इसका उपचार करने के निर्देश दिए है। लोगों से चिकित्सक भी अब यही अपील कर रहे है कि अगर किसी भी लोगों को सांप काट लेता है, तो वे समय से अपना उपचार करवाने अस्पताल में आए। अस्पताल में उपचार के पूरे साधन है। इस साल अकेले आईजीएमसी में अभी तक 100 से अधिक लोग सांप के काटने पर अपना उपचार करवा चुके है।

प्रदेश की अगर बात की जाए तो 150 से अधिक लोगों को सांप ने काटा है। सांप काटने के ज्यादातर मामले ग्रामिण क्षेत्र से आते है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और बागवान घास काटने का काम करते है, यही कारण है कि लोग घास के बीच रहते है और वे सांप का शिकार बन जाते है।

घास काटते समय किसानों और बागवानों की जान को इन सांपों से जान का जोखिम हमेशा बना रहता है। शहर में भी लोगों को अपने घर के आसपास झाड़ियों व घास को काट देना चाहिए, ताकि सांप कमरे के अंदर तक न पहुंचे। सर्पदंश के मामले गर्मियों में सबसे अधिक सामने आते है। सांप ठंडे रक्त वाले जीव होते हैं और सर्दियों में ये लंबे हाइबरनेशन के लिए जमीन के नीचे चले जाते हैं व गर्मी शुरू होते व भोजन के लिए जमीन के बाहर आ जाते है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

क्रेट व ग्रीन पिट सांप का काटना घातक

चिकित्सक का कहना है कि खासकर क्रेट और ग्रीन पिट सांप का काटना घातक हो सकता है। हिमाचल में आईजीएमसी और टांडा में लगातार सर्पदंश के मामले सामने आते हैं। हालांकि चिकित्सकों का दावा है कि अभी तक आईजीएमसी में वैसे लगतार कोई मामला नहीं आ रहा है। कभी कभी बीच में एक आधा मामला आ जाता है। नवंबर माह तक सांप काटने के मामले अस्पतालों में लगातार आते है।

सांप के काटने पर इन चीजों का रखें ध्यान

सर्पदंश वाली बाजू या टांग को सपोर्ट और स्थिर करें, ताकि जहर ज्यादा न फैल जाए। स्प्लिंट्स के साथ अंग की पकड़ बनाने के लिए पट्टियों या कपड़े का हलके से बांधने के लिए प्रयोग करें, लेकिन रक्त आपूर्ति को अवरुद्ध न करें या अंग पर ज्यादा दबाव न डालें। रोगी को अपने सांस सुरक्षित रखने के लिए बाई ओर करवट देकर झुका हुआ लेटाना चाहिए।

जब तक पीड़ित को चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा तक नहीं पहुंचाया जाता, तब तक मुंह से कुछ भी न डालें। सर्पदंश पीड़ित को यथासंभव शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा पीएचसी या अस्पताल में जाएं।

प्रदेश में पिछले दो साल के आंकड़े

पिछले दो सालों में कांगड़ा जिला में 356 लोगों को सांप ने अपना शिकार बनाया है जबकि मंडी जिला में 179 लोगों व हमीरपुर में 175 लोग। बिलासपुर में 141 मामले, चंबा में 166 मामले, किन्नौर में 16 मामले, कुल्लू में 62, लाहुल-स्पीति में 1 मामला, शिमला में 144, सिरमौर में 89, सोलन में 126 और ऊना में 82 मामले सामने आए हैं। इन सब लोगों को समय रहते 108 एंबुलैंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल में लाया गया।

> किसी व्यक्ति को सांप काट लेता है तो उसे अस्पताल में जाकर डॉक्टरी सलाह व एंटी वेनम उपचार लेना चाहिए। आईजीएमसी में सांप के काटने पर पूरा इलाज होता है। ऐसे में लोगों को ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। लोगों को यह ध्यान देने की जरूरत है कि अगर किसी को सांप काटता है तो उसे समय से अस्पताल लाए। लोगों को घास काटते समय ध्यान रखना होगा।
>
> -डॉ. सीता ठाकुर
> प्रिंसिपल आईजीएमसी।

...जब यमराज को सावित्री के पति सत्यवान के लौटाने पड़े प्राण

❖ ब्रह्मा जी के कहने पर असुरों को हराने के लिए पहली बार देवताओं की पत्नियों ने किया था करवा चौथ का व्रत

❖ अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए विवाहित महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक निराहार रहकर करती हैं उपवास

(गगनार्णवमाणिक्य चंद्र दाक्षायणीपते गृहाणार्घ्यं मया दत्तं गणेशप्रतिरूपक)

अर्थात : चंद्रमा को अर्घ्य देते हुए सभी सुहागिनों को इस श्लोक का उच्चारण करना चाहिए।

करवा चौथ हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है, जिसे विवाहित हिंदू महिलाएं हर साल मनाती हैं। यह त्योहार भारत के जम्मू, हिमाचल-प्रदेश, पंजाब, उत्तर-प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाता है। करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक निराहार रहकर उपवास करती हैं और अपने सुहाग की भलाई और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं। इस दिन सुहागिनें सुहाग की निशानियों जैसे चूड़ी, बिंदिया, सिंदूर, मेहंदी इत्यादि का आपस में आदान-प्रदान भी करती हैं।

वैसे तो करवा चौथ के व्रत की शुरुआत के कहीं भी सही प्रमाण नहीं मिलते, लेकिन शास्त्रों, पुराणों, महाभारत में भी करवा चौथ के महात्मय पर कई कथाओं का वर्णन है। कहा जाता है कि एक बार देवताओं और असुरों में युद्ध छिड़ गया। असुर देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। देवताओं को असुरों को हराने का उन्हें कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। सभी देवता असुरों को हराने के लिए ब्रह्मा जी के पास गए। तब उन्होंने देवताओं से कहा कि वे अपनी-अपनी पत्नियों से कहें अपने पति की मंगल कामना और असुरों पर विजय के लिए उपवास करें। इससे निश्चित रूप से देवताओं की ही विजय होगी। तत्पश्चात पहली बार देवियों ने यह व्रत किया जिससे देवताओं की असुरों पर जीत हुई। माना जाता है कि तभी से इस व्रत का चलन हुआ।

मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को करवा चौथ की यह कथा सुनाते हुए कहा था कि पूर्ण श्रद्धा और विधिपूर्वक इस व्रत को करने से समस्त दुख दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख सौभाग्य तथा धन-धान्य प्राप्त होते हैं। श्रीकृष्ण की आज्ञा मानकर द्रोपदी ने भी करवा चौथ का व्रत रखा था। इस व्रत के प्रभाव से ही अर्जुन सहित पांचों पांडवों ने महाभारत के युद्ध में कौरवों की सेना को पराजित कर विजय हासिल की। एक अन्य कथा सावित्री और सत्यवान की है जिसमें यमराज सत्यवान के प्राण हर लेते हैं और सावित्री करुण रुदन करते हुए उनके पीछे-पीछे चली जाती है तथा यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की भीख मांगती है। सावित्री के विलाप से विचलित होकर यमराज उन्हें सत्यवान के जीवन को छोड़कर कुछ भी मांगने का वचन देते हैं। सावित्री ने यमराज से पुत्रवती होने का आशीर्वाद मांग लिया, तो यमराज ने तथास्तु कह दिया। इस पर सावित्री ने यमराज से पूछा 'जब आप मेरे पति के प्राणों को ले जा रहे हैं तब में पुत्रवती कैसे हो सकती हूं।' वचन में बंधने के कारण यमराज ने सत्यवान के प्राणों को लौटा दिया था। कहा जाता है कि तभी से महिलाएं अन्न और जल त्यागकर पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत करती हैं।

-रक्षा कुमारी
खनियारा (धर्मशाला)

धर्म और संकल्प का प्रतीक
करवा चौथ

कहने को तो करवा चौथ एक उपवास है, लेकिन आस्था, निष्ठा और श्रद्धा के प्रतीक इस उपवास को महिलाएं बहुत ही शौक और यकीन से मनाती हैं। उत्तर भारत के अतिरिक्त करवा चौथ नेपाल में भी मनाया जाता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी करवाचौथ का व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ रखती हैं। पति की दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में दिनभर उपवास रखकर रात में चंद्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है।

वर्तमान समय में करवाचौथ के उपवास को अधिकतर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चंद्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। महिलाएं चंद्रोदय से पहले श्रृंगार करके समूह में बैठकर करवाचौथ की कहानी सुनती हैं और भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की पूजा करती हैं। यह उपवास सवेरे सूर्योदय से पहले लगभग चार बजे से आरंभ होकर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होता है। सुहागिनों के लिए यह मात्र उपवास न होकर एक धर्म और संकल्प का प्रतीक है। यह उपवास 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक निरंतर प्रति वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। उद्यापन करने के पश्चात कुछ स्त्रियां दिन के समय में जल या कोई पेय पदार्थ ग्रहण भी कर लेती हैं जो आज की जीवन शैली में आवश्यक भी है, क्योंकि मधुमेह या अन्य किसी रोग से ग्रस्त महिलाएं निर्जलीकरण की शिकार भी हो सकती हैं।

दो शब्दों का संगम 'करवा चौथ'

'करवा चौथ' शब्द दो शब्दों का संगम हैं, 'करवा' यानी 'मिट्टी का बर्तन' और 'चौथ' यानी 'चतुर्थी'। इस त्योहार पर मिट्टी के बर्तन यानी करवे का विशेष महत्व माना गया है। सभी विवाहित स्त्रियां सालभर इस त्योहार का इंतजार करती हैं और इसकी सभी विधियों को बड़ी श्रद्धा और शौक से पूरा करती हैं। करवा चौथ का त्योहार पति-पत्नी के मजबूत रिश्ते, प्यार और विश्वास का प्रतीक है। विवाहित स्त्रियों के साथ आजकल इस व्रत को अविवाहित लड़कियां जिनकी शादी होने वाली है या जिनकी आयु शादी की हो चली है वो भी इस व्रत को विधान के साथ रखती हैं। इस त्योहार पर उपहार का भी अलग महत्व है। विवाहित स्त्रियां अपनी सास और ननद को उपहार देकर अपने सुहाग की लंबी उम्र का आशीष लेती हैं। साथ ही पति और पत्नी भी एक-दूसरे को उपहार अवश्य देते हैं।

-राकेश मनहास, वरिष्ठ प्रबंधक, केसीसी बैंक थुरल (पालमपुर)

चांद को अर्घ्य तोड़ा जाता है व्रत

करवा चौथ की एक और खासियत है। इस दिन व्रत को तोड़ने से पहले महिलाएं चांद को अर्घ्य देने से पहले खूब सजती संवरती हैं। हाथों और पैरों को विभिन्न प्रकार के मेहंदी के डिजाइनों से सजाया जाता है और एक नई नवेली दुल्हन की तरह श्रृंगार किया जाता है। कुल मिलाकर सोलह श्रृंगार किए जाते हैं। सोलह श्रृंगारों में प्रथम श्रृंगार स्नान है। इसके अतिरिक्त बिंदी, सिंदूर काजल, मेहंदी, चूड़ियां, मंगलसूत्र, नथ, गजरा, मांग-टीका, झुमके, बाजूबंद, कमरबंद, बिछुआ, पायल और अंगूठी इन सोलह श्रृंगारों में शामिल हैं। यद्यपि आज के आधुनिक दौर में इन सोलह श्रृंगारों को शामिल करना हर महिला के लिए संभव न हो, लेकिन फिर भी इस व्रत की पवित्रता को बनाए रखने के लिए महिलाएं हर संभव प्रयास करती हैं। इस पर्व पर बाजारों की रौनक भी देखते ही बनती है। व्रत से जुड़ी सामग्री और तोहफों की जमकर खरीदो-फरोखत होती है।

रिश्तों को मजबूत बनता पर्व

यह पर्व रिश्तों को मजबूत बनाने वाला होता है जिस कारण यह पति-पत्नी दोनों के लिए खास महत्व रखता है। करवा चौथ वाले दिन पत्नी द्वारा अपने पति की लंबी आयु और उसकी सुख-समृद्धि के लिए की गई पूजा-अर्चना पति की जिंदगी में पत्नी की अहमियत को और भी ज्यादा बढ़ा देती है। पत्नी के साथ कई पति भी इस पवित्र दिन में उपवास रखते हैं। पति-पत्नी के प्रेम का यह पावन पर्व उनके रिश्ते में प्रगाढ़ता लाता है।

अकारण न खाएं दूसरे का अन्न

जैसा खाएंगे अन्न वैसा ही होगा आचरण और स्वभाव

शास्त्र कहते हैं हम जैसा अन्न खाते हैं वैसा ही हमारा आचरण और स्वभाव आदि हो जाता है। अकारण क्रोध आना, सही गलत का मूल्यांकन निष्पक्षता से न करना आदि, हमारे खाए हुए अन्न का ही प्रभाव है। अन्न यदि सात्विक होगा तो विचार भी सात्विक ही होंगे। और सात्विक विचार सदा ही प्रगति का श्रेष्ठ पथ हैं...

अन्न के विषय में पुराणों में कई व्याख्यान मिलते हैं जो हमें अन्न कब, कहां, किसके यहां, क्यों और कैसे खाना है, का दिव्य संदेश देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को गीता उपदेश देते हुए कहा कि संपूर्ण प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न की उत्पत्ति वृष्टि से होती है, वृष्टि यज्ञ से होती है और यज्ञ विहित कर्मों से उत्पन्न होने वाला है। कर्मसमुदाय को

तू वेद से उत्पन्न और वेद को अविनाशी परमात्मा से उत्पन्न हुआ जान। इससे सिद्ध होता है कि सर्वव्यापी परम अक्षर परमात्मा सदा ही यज्ञ में प्रतिष्ठित है।

जो मनुष्य अमावस्या को दूसरे का अन्न खाता है, उसका महीने भर का किया हुआ पुण्य अन्नदाता को मिल जाता है। अयनारम्भ के दिन दूसरे का अन्न खाए तो छह महीने का और विषुवकाल (जब सूर्य मेष अथवा तुला राशि पर आए) में दूसरे का अन्न खाने से तीन महीनों का पुण्य चला जाता है। चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण के अवसर पर दूसरे का अन्न खाए तो बारह वर्षों से एकत्र किया हुआ सब पुण्य नष्ट हो जाता है। संक्रांति के दिन दूसरे का अन्न खाने से महीने भर से अधिक समय का पुण्य चला जाता है।

व्रते च तीर्थे अध्ययने श्राद्धेअपि च विशेषतः। परान्नं भोजनाद्देवि यस्यान्नं तस्य तत्फलम्।। -निर्णयसिंधु

व्रत, तीर्थ, अध्ययन तथा श्राद्ध में दूसरे का अन्न नहीं खाना चाहिए, क्योंकि जिसका अन्न खाएगा उसी को फल मिलेगा। उचित निमंत्रण के बिना दूसरे के पकाए अन्न में रुचि नहीं रखनी चाहिए। किसी के घर का अन्न या तो प्रेम के कारण खाना चाहिए या आपत्ति में पड़ने पर खाना चाहिए।

संप्रीतिभोज्यान्नानि आपद्भोज्यानि वा पुनः।
न च सम्प्रीयसे राजन् न चैवापद्गतावयम्।। -महाभारत

जो निबुद्धि गृहस्थ अतिथि-सत्कार के लोभ से दूसरे के घर जाकर उसका अन्न खाता है, वह मरने के बाद उस अन्नदाता के यहां पशु बनता है।

परान्नं च परस्वं च परशय्याः परस्त्रियः।
परवेश्मनि वासश्च शक्रादपि श्रियं हरेत् -गरुड़पुराण

दूसरे का अन्न, दूसरे का वस्त्र, दूसरे का धन, दूसरे की शय्या, दूसरे की गाड़ी, दूसरे के घर में वास-ये इंद्र के भी ऐश्वर्य को नष्ट कर देते हैं। अतः अपने व परिवार के लिए स्वयं ही अन्न पकाना चाहिए और उससे ही प्रभु भोग, अतिथि भोग, गऊ ग्रास, कौ ग्रास और श्वान के लिए भी निकाल लेना चाहिए। ये गृहस्थ के दैनिक व्रत हैं इनका पालन करने वाला सब पापों से मुक्त होकर अंत में मोक्ष को पाता है। शास्त्रों में गृहस्थ को पांच ही दैनिक कर्म बताए हैं जिनमें से ये दो मुख्य हैं।

-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।

यहां भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए
रावण ने की थी तपस्या

52 खंभों पर बने बीसलदेव मंदिर को संरक्षण का इंतजार

राजस्थान के बड़े बांधों में शामिल बीसलपुर के गेट संख्या एक के करीब बना प्राचीन बीसलदेव मंदिर रामायण काल से जुड़ा है। किवदंती है कि यहां रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए तपस्या की थी। शिव पुराण में भी इसका उल्लेख है। बाद में वहां बीसलदेव का मंदिर बना दिया गया, लेकिन इस मंदिर पर न तो प्रशासन का ध्यान है और न ही पुरातत्व विभाग कार्य कर रहा है। ऐसे में मंदिर की कलाकृतियां धीरे-धीरे धूमिल होती जा रही हैं। यह मंदिर सालों तक पुरातत्व विभाग के अधीन रहा, लेकिन अन्य विभाग इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। कुल मिलाकर यह मंदिर दुर्दशा का शिकार होता जा रहा है। पौराणिक कथाओं व लोगों के अनुसार, सदियों पूर्व बनास व डाई नदियों के संगम पर दोनों तरफ अरावली पर्वत मालाओं की श्रृंखलाओं की पहाड़ियों की गुफाओं पर कभी रावण ने कड़ी तपस्या की थी। दोनों नदियों के संगम पर एक तरफ गुफा में गोकर्णेश्वर शिव मंदिर है तो दूसरी ओर डाई नदी के किनारे पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करने वाला बीसलदेव नामक शिव मंदिर बना है। बीसलदेव मंदिर का निर्माण विक्रम संवत 1200 ईसवीं में बीसलपुर के तत्कालिन राजा बीसलदेव ने करवाया था, जो आज बीसलपुर बांध के जलभराव किनारे स्थित है। मंदिर के खंभों पर वर्षों पूर्व की बनावट व पत्थरों पर की गई आकर्षक कारीगरी के चलते मंदिर को पुरातत्व विभाग ने अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था, जो आज भी पुरातत्व विभाग के पास है।

मंदिर की खासियत

बीसलदेव मंदिर में पत्थरों को आपस में जोड़ने के लिए तत्कालीन शिल्पियों द्वारा यहां किसी भी प्रकार का चूना, सीमेंट या फिर मिट्टी आदि का कोई प्रयोग नहीं किया गया। मंदिर के गुंबद पर कुछ साल पहले पुरातत्व विभाग की ओर से ही सीमेंट लगाई गई है, जिससे गुंबद टूटे नहीं। बिना चूने व सीमेंट के बने मंदिर की बनावट इसे देखते ही लोगों को आश्चर्यचकित कर देती है। मुख्य मंदिर के सामने बड़ी-बड़ी शिलाओं से बने 52 खंभों पर आगे का संपूर्ण हिस्सा आज भी त्यों का त्यों खड़ा है।

नियम बने अड़चन

किसी भी प्रकार की पौराणिक धरोहर जो पुरातत्व विभाग के अधीन चले जाने के बाद उस जगह पर अन्य कोई विभाग क्षतिग्रस्त जगह पर मरम्मत तक नहीं करवा सकता। उस जगह की देखरेख सार संभाल पुरातत्व विभाग ही करवाता है। पुरातत्व विभाग के अधीन वाले क्षेत्र या जगह से लगभग 100 मीटर की दूरी के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण व अन्य कार्रवाई आदि करने पर दंडनीय अपराध की श्रेणी में माना जाता है, जिससे बांध के तट पर बना बीसदेव मंदिर जहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बांध परियोजना भी किसी प्रकार का कार्य नहीं कर सकती न ही जिले के आला अधिकारी कोई कार्रवाई कर सकते हैं।

कुल भराव में भरता जल

बीसलदेव मंदिर के करीब होने से बांध का कुल जलभराव 315.50 आर एल मीटर होने पर बीसलदेव मंदिर भी जलमग्न हो जाता है, जिससे ये जगह कुल जलभराव के बाद पर्यटक भी नहीं निहार पाते हैं। मंदिर के चारों तरफ रोशनी का अभाव है। वहीं, साफ सफाई को लेकर कोई इंतजाम नहीं हैं, जिससे यहां पर लोग कचरा डाल जाते हैं। वहीं, पर्यटक उक्त मंदिर पर घर से बने भोजन व चाय नाश्ता करने के उपयोग में लेते हैं जिससे मंदिर की गुणवत्ता धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने पर सीएम का जताया आभार

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ उपमंडल बैजनाथ के अध्यक्ष रवि स्याल, चैयरमेन राजेश राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, महासचिव संजय शर्मा तथा संपूर्ण कार्यकारिणी ने चार प्रतिशत मंहगाई भत्ते की किस्त जारी करने तथा इस महीने का वेतन 28 तारीख को देने की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। हिमाचल सरकार कर्मचारी हितैषी है जो समय-समय पर आर्थिक तंगी होने के बावजूद भी कर्मचारियों को उनका वाजिब आर्थिक हक दे रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वेतन आयोग के बकाया पड़े एरियर तथा महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों की अदायगी भी शीघ्र ही सरकार द्वारा कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

सांस्कृतिक खेलकूद में गरली बाल स्कूल छाया

सालबिया शर्मा, गरली। जिला स्तरीय अंडर-19 सास्कृतिक खेलकूद प्रतियोगिता मे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली के छात्रों ने काबलियता का लोहा मनवाया है। विद्यालय के श्लोकोच्चारण में पंकुश व साईनिर्मित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में विभूति ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर कब्जा किया है। गीतिका, वन एक्ट प्ले, लोकनृत्य, श्लोकोच्चारण वाय-यंत्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पाने वाले तीनों विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुल्लू निरमंड में होगी प्रधानाचार्य अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने स्टूडेंट्स को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

फ्री-मेडिकल कैंप 16 अक्तूबर को पालमपुर में

आशीष दमीर, कांगड़ा। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा 16 अक्तूबर यानी बुधवार को वेदांता क्लीनिक, घुग्गर, पालमपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है, जिसमें फोर्टिस कांगड़ा के स्पेशलिस्ट डॉक्टर क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। फोर्टिस जनसेवा अभियान के तहत इस स्वास्थ्य शिविर में फोर्टिस अस्पताल के जनरल फिजीशियन, स्त्री रोग, हड्डी रोग तथा कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में मरीजों के लिए ईसीजी, शुगर एवं बीपी आदि के टेस्ट की निशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस संबंध में फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लड्ढ ने बताया कि इस मेडिकल कैंप में अस्पताल के विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्रवासियों के लिए बेहतरीन चिकित्सा परामर्श उपलब्ध करवाया जाएगा। कैंप के बारे में अधिक जानकारी व पंजीकरण हेतु 98050-04648 एवं 89889-50505 पर संपर्क करें।

महक मिस और अमित मिस्टर फ्रेशर बने

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। राजकीय महाविद्यालय मटौर में कला संकाय तृतीय वर्ष द्वारा प्रथम वर्ष में आए नए विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने सभी नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए आगामी कॉलेज के तीन वर्षों में अपने व्यक्तित्व को निखारने, और भविष्य के लिए बनाए अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत करने, साथ ही महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखते हुए सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वागत समारोह में कुमारी महक को मिस फ्रेशर, अमित कुमार को मिस्टर फ्रेशर, कुमारी रितिका को मिस पर्सनैलिटी, समीर कुमार को मिस्टर पर्सनैलिटी चुना गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पहाड़ी, पंजाबी नृत्य, गीत संगीत, शायरी रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अंत में महाविद्यालय इको क्लब ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।

भगवान राम का राज्याभिषेक के साथ रामलीला संपन्न

अजीत वर्मा, जयसिंहपुर। पिछले कई दिनों से जयसिंहपुर में चल रही रामलीला का भगवान राम को राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया। कमेटी पिछले लगभग 60 सालों के

अपनी संस्कृति को संजोए भगवान राम के आदर्शों को रामलीला मंचन द्वारा लोगों तक पहुंचा रही है। रामलीला में एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर बतौर मुख्यातिथि पधारे, जिन्हें रामलीला के डॉरेक्टर सुरेश कलोत्रा ने शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कमेटी द्वारा रामलीला देखने आए बच्चों के लिए पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी इनामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों इनाम स्थानीय लोगों के सहयोग से हर दिन बच्चों में बांटे गए तथा राज्याभिषेक के दिन अन्य इनामों के साथ साथ कंवर दुर्गा चंद कॉलेज जयसिंहपुर के प्रो. रविंद्र जग्गी द्वारा स्पांसर साइकिल मेगा प्राइज में दी गई। एसडीएम द्वारा बच्चों इनाम बांटे, साथ ही 21000 रुपए रामलीला कमेटी को भेंट किए। (अनंत ज्ञान)

द्रमण में बनेगा मार्केट यार्ड : पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि द्रमण में मार्केट यार्ड बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 50-60 दुकानें होंगीं। फोरलेन से प्रभावित हुए दुकानदारों को पुनर्वास में यार्ड के अंतर्गत बनाई जाने वाली दुकानों में प्राथमिकता

दी जाएगी ताकि प्रभावित दुकानदार अपना व्यवसाय पुनः शुरू कर सकें। ये बातें पठानिया रविवार देर द्रमण के दशहरा उत्सव में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृत संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि द्रमण के मैदान को भी संवारा जाएगा तथा रामलीला कमेटी द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों को यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा। रामलीला कमेटी के प्रधान विकास गुप्ता ने उपमुख्य सचेतक का कार्यक्रम में आने पर स्वागत किया एवं आभार जताया। उन्होंने कहा कि द्रमण की रामलीला को सुचारु रूप से चलाए रखने में केवल पठानिया का बहुत ही सहयोग रहा है, इसके लिए वह हमेशा उनके आभारी रहेंगें। उन्होंने रामलीला से संबंधित कुछ मांगों को भी उनके सम्मुख रखा। उपमुख्य सचेतक ने रामलीला में विभिन्न किरदार निभा रहे बच्चों एवं युवाओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिप सदस्य नीना ठाकुर, डीडी शर्मा, स्थानीय पंचायत के प्रधान अरुणा देवी, उपप्रधान विनोद, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, अश्वनी चौधरी, देवराज, डॉ. विजय शील आदि उपस्थित रहे।

...तो कांगड़ा जिले में बंद होंगे 78 प्राइमरी स्कूल

शिक्षा निदेशालय ने प्रस्ताव बनाकर शिक्षा मंत्री की मंजूरी को भेजा

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

मंजूरी मिलती है तो कांगड़ा जिला के करीब 78 स्कूल जल्द ही मर्ज होंगे। सूची मे शामिल स्कूलों की जानकारी की सत्यता व भौगोलिक परिस्थितियों को देखने के बाद रिपोर्ट बना कर के उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिस पर विभाग व प्रदेश सरकार द्वारा ही अगला निर्णय लिया जाएगा।

बता दें कि शिक्षा निदेशालय के तहत ऐसी रिपोर्ट तैयार की गई है जिसके अनुसार कांगड़ा जिले के दर्जनों स्कूलों को मर्ज कर दिया जाएगा। दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित पांच या इससे कम बच्चों की संख्या वाले 525 प्राइमरी स्कूल मर्ज करने को लेकर प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने प्रस्ताव बनाकर शिक्षा मंत्री की मंजूरी को भेजा है। लिहाजा मंजूरी मिलती है तो प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा में 78 प्राइमरी स्कूल बंद हो जाएंगे। विभागीय सूत्रों के अनुसार दूरी के साथ बच्चों के संख्या तथा नदी-नालों की समस्या जैसा पहलुओं पर गौर करते हुए स्कूलों को मर्ज किया जा सकता है।

उधर, इससे पहले शिक्षा विभाग की अधिसूचना के बाद कांगड़ा जिले में पहले ही 18 स्कूलों को डेनोटिफाई, जबकि 81 स्कूल को अन्य स्कूलों में मिला चुके हैं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इन स्कूलों के भवनों को खाली कर दिया गया है तथा इन भवनों में जिम तथा पुस्तकालय खोलने की शिक्षा विभाग की योजना है। वहीं, अगर नए प्रस्ताव पर अधिसूचना जारी होती है तो अकेले कांगड़ा जिला में दर्जनों स्कूल भवन खाली होंगे। बता दें कि पांच या इससे कम बच्चों की संख्या वाले 525 प्राइमरी स्कूल नए शैक्षणिक सत्र में मर्ज करने का खाका तैयार है। इससे पूर्व प्रदेश में दो किलोमीटर की दूरी में स्थित ऐसे 361 स्कूल मर्ज किए गए थे। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं शिक्षा उपनिदेशक

उधर, इस संदर्भ में जब धर्मशाला स्थित शिक्षा उपनिदेशक अश्विनी भट्ट से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि नए मापदंडों को लेकर अगर अधिसूचना जारी होती है तो इसका असर कांगड़ा जिले के 78 स्कूलों पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में सूची मे शामिल स्कूलों की जानकारी की सत्यता व भौगोलिक परिस्थितियों को देखने के बाद रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिस पर विभाग व प्रदेश सरकार द्वारा ही अगला निर्णय लिया जाएगा।

किसानों की आर्थिकी सुधारने के लिए विशेष प्रयास : किशोरी लाल

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत सकड़ी में साढ़े 7 लाख की लागत से बने लोक सेवा केंद्र का लोकार्पण कर लोगों को समर्पित किया। सीपीएस ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार, किसानों-बागवानों एवं दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुधारने के लिए नवीन योजनाएं कार्यान्वित कर रही है और अनेक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों को सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि विकास निरंतर प्रक्रिया है और विकास की कोई सीमा नहीं होती। बैजनाथ हलके में समान विकास को सुनिश्चित बनाकर, लोगों मांग तथा जरूरत के अनुसार मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने पर बल दिया गया।

किशोरी लाल ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सकड़ी में कार्यशाला का कार्य पूर्ण करके यहां कक्षाएं आरंभ की जाएंगी, ताकि यहां के बच्चें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि सकड़ी में सोलर लाइटस के प्रोजेक्ट के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है और सभी औपचारिकताएं पूरी करके सोलर प्रोजेक्ट का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि दयोड़ा से बही सड़क का कार्य लगभग पूरा हो गया है। शेष छिटपुट कार्य को पूर्ण होने के उपरांत बस सुविधा भी आरम्भ की जाएगी। उन्होंने पंचायत घर के पीछे चारदीवारी, भराड़ी पुली के निर्माण, गुरु रविदास मंदिर के पास सराय, भराड़ी में वर्षा शालिका के लिए संबंधित विभागों को प्राक्लन तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा रखी गई मागों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल, प्रधान सकड़ी बबीता कुमारी, उपप्रधान सकडी कुलदीप नलहोच, मनोज कपूर , बलबीर राणा, जगत सिंह, कुलदीप सोनी, संसार राणा, रवि स्याल , अशोक कटोच, डॉ. जोशी, मेहर चंद, कृष्ण कटोच, त्रिलोक धीमान, विजय कटोच, एसडीओ विद्युत विभाग सुभाष कपूर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

अमनी गांव में ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

जेसीबी से ट्रैक्टर को निकालते लोग।

अनंत ज्ञान, डाडासीबा

डाडासीबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बह धौंटा के गांव अमनी में सोमवार को खेतों को जोतने आया एक ट्रैक्टर अचानक अंसतुलित होकर पलट गया, जिससे एक 63 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है।

बता दें कि दोदरा गांव के योगेश शर्मा जो कि पिछले काफी वर्षों से ट्रैक्टर चलाने का कार्य करते थे। सोमवार को वह अमनी गांव में अपने ट्रैक्टर के साथ खेतों को जोतने के लिए पहुंचे जहां अचानक उक्त ट्रैक्टर पलट गया, उसकी चपेट में चालक भी आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं, देहरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेज दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल ने जीते 3 गोल्ड, 6 सिल्वर, 13 ब्रॉन्ज मेडल

अशोक ठाकुर, इंदौरा

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में किए अधिकतम मेडल हासिल ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में विजेता प्राप्त कर मेडल हासिल किए। इमम्योर स्पोर्ट्स कल्ब की तरफ से यह प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें 15 स्कूलों के 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में ग्रीनलैंड के 22 स्टूडेंट्स ने भाग लिया तथा सभी ने मेडल प्राप्त कर स्कूल एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया किया। स्कूल के छात्रों ने 3 गोल्ड 6 सिल्वर, 13 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। इसके साथ ग्रीनलैंड स्कूल को एक ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनुमीत कौर ने सभी प्रतिभाशाली प्रतिभागियों बधाई दी, विशेषकर प्रथम रह कर गोल्ड प्राप्त करने वाले सौम्या, अनुकूल, गौरव व दूसरे स्थन पर रहने वाले विनय, साहिल, इश्कि, अंशुमन, अरनव, व छात्रा कृतिका सहित सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेहनत और लग्न से किए जाने वाले सभी कार्यों में विजय अवश्य मिलती है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद था। (अनंत ज्ञान)

हैप्पी बर्थडे

बणी के रुद्रांश शर्मा को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

नई जोड़ी

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

पठानकोट में शराब से भरा कैंटर पकड़ा

अनंत ज्ञान, पठानकोट

एक तरफ यहां पूरे राज्य में पंचायती चुनाव को लेकर प्रशासन और सरकार की तरफ से सख्ती की हुई है। वहीं, कुछ शराब तस्कर अभी भी पठानकोट में सरगम चल रहे हैं, जिसके चलते पठानकोट में चुनाव से पहले किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाहरी राज्य या फिर शहर से अवैध शराब मंगाई थी और पुलिस प्रशासन ने इस भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा बरामद कर लिया है। यह शराब एक कैंटर ट्रक में भरी हुई थी और गुजरात नंबर के ट्रक से पठानकोट लाई गई।

सूत्रों की माने तो यह शराब का जखीरा पठानकोट के एक नेता की तरफ से मंगवाया गया था। हालांकि, इस अवैध शराब का इस्तेमाल वोट बैंक बढ़ाने के लिए किया जाना था या फिर किसी ओर काम के लिए इस्तेमाल होना था, यह पुलिस की जांच का विषय है।

जानकारी देते हुए डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की एक कैंटर ट्रक में अवैध शराब की पेटियां लोड करके पठानकोट लाई गई हैं और अब इसको पठानकोट सिटी से किसी दूसरी जगह पहुंचाया जा रहा है। थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस ने तुरंत दबिश देते हुए एक कैंटर ट्रक पकड़ा और जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें से 305 पेटियां अलग अलग ब्रांड की अवैध शराब बरामद हुई। जांच में यह भी पता चला कि शराब की बोतलों से होलोग्राम भी उतारे हुए थे, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने अवैध शराब बरामद करने के बाद अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि पठानकोट में इतनी बड़ी मात्रा में किसकी ओर से अवैध शराब मंगवाई गई।

सुक्खू सरकार जिस थाली में खा रही उसी में कर रही छेद : चक्षु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के मीडिया को-आर्डिनेटर रहे एडवोकेट विश्व चक्षु ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार जिस थाली में खा रही है उसी में छेद कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मदद के बदले सरकार के मुख्यमंत्री और सभी छोटे-बड़े नेता केंद्र सरकार को कोसने से बाज नहीं आ रहे हैं। सुक्खू सरकार दो बार समय से वेतन और पेंशन देने में नाकाम हुई है। तीसरी बार भी ऐसे ही स्थिति होने वाली थी, मगर केंद्र सरकार द्वारा स्टेट टैक्स शेयर के 1479 करोड़ का एडवांस भुगतान हिमाचल प्रदेश के लिए किया गया, जिसके चलते मुख्यमंत्री आज यह कहने की स्थिति में है कि वे दिवाली के पहले प्रदेश में कर्मचारियों को वेतन दे सकते हैं। केंद्र सरकार के इतने बड़े सहयोग के बाद भी मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके मंत्रियों ने केंद्र सरकार के बारे में एक भी अच्छा शब्द नहीं कहा है। मुख्यमंत्री को शिष्टाचार दिखाते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताना चाहिए।

भंडारा लगाया

जयसिंहपुर। रामलीला क्लब झुंगा देवी द्वारा रामलीला के समापन पर रविवार रात्रि को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों भंडारे का लुत्फ उठाया। झुंगा देवी रामलीला क्लब के प्रधान लकी चौधरी ने बताया कि क्लब द्वारा यहां पर पिछले 22 सालों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर रामलीला की शुरुआत युवा क्लब झुंगा देवी द्वारा 2002से की गई थी। इस मौके पर सोल वनेहड़ पंचायत के प्रधान रणवीर सिंह, रविकांत, रजनीकांत, दिनेश राणा,संजय चौधरी, सुदर्शन रड़वाल आदि मौजूद रहे।

जोगिंद्रनगर की मृदुला और आदर्श को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

अधिकारी एक, जिम्मेदारियां अनेक

आशीष दमीर, कांगड़ा

जी हां हम बात कर रहे हैं, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा की जहां पर एक अधिकारी को निभानी पड़ रही है अनेक जिमेदारियां। हम बात करने जा रहे है डॉक्टर अशोक वर्मा की जो कि गायनी के एचओडी है। इनका जन्म शिमला में ही हुआ है और इन्होंने डॉक्टरी की पढ़ाई भी शिमला से ही की है।

वर्ष 1986 से लेकर 1990 तक शिमला से एमबीबीएस की पढ़ाई की और उसके बाद वर्ष 1993 से 1996 तक एमडी की पढ़ाई पूरी की। उनकी पहली नौकरी चंबा में लगी उसके बाद वर्ष 2000 में उन्हें टांडा में सेवाएं देने का मौका मिला। वर्ष 2003 में उन्हें हमीरपुर भेज दिया गया, जहां पर उन्होंने तीन वर्ष अपनी सेवाएं दीं। उसके वापस टांडा बुला लिया गया, तब से लेकर आज लगभग 18 वर्ष तक वह टांडा में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके पास एमएस के कार्यभार के साथ-साथ अस्पताल में गाइनी की ओपीडी के अलावा यहां पर पड़ने वाले प्रशिक्षुओं को पढ़ाने का भी अतिरिक्त जिम्मा है। डॉक्टर अशोक ने बताया कि पहले फाइलों को निपटाते हैं, उसके बाद ओपीडी में जाकर मरीजों को देखते हैं और अंत में प्रशिक्षु डॉक्टरों को पढ़ाते हैं।

'अनंत ज्ञान' ने जब उनसे पूछा कि आखिर इतनी सारी जिमेदारियों को वह एक समय पर कैसे निभा पाते हैं, क्या उन्हें इन कार्यों को एक साथ करने में कोई कठिनाइयां नहीं होती, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि इंसान पढ़-लिखकर अगर किसी काबिल बना है तो वह उसका कर्तव्य है की उसे अच्छे ढंग से निभाए न की पीछे हटे। उन्होंने कहा की इंसान के जीवन में कई उतार चढाव आते जाते है पर इंसान को अपनी हिम्मत नही छोड़नी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

डीआर पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रत्यूष प्रथम

अनंत ज्ञान, गरली

डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर मे सोमवार को एलकेजी व यूकेजी के बच्चों के बीच समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई इस प्रतियोगिता में नन्हे स्टूडेंट्स ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि एलकेजी का प्रत्यूष प्रथम व अनामिका शर्मा और कर्निश शर्मा ने दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह यूकेजी में मायरा सिद्धिक ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि यूकेजी मे व्योम प्रथम सचित दूसरे व साक्षी तीसरे स्थान पर रहे है।

पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम व डीएसपी से मिला

अशोक ठाकुर, इंदौरा

विश्व हिंदू परिषद जिला चंबा की इकाई के नेतृत्व में पूर्व सैनिक का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अरनी विश्वविद्यालय में कुछ दिन पहले देश विरोधी नारे लगाने वालों पर हुई कार्रवाई को लेकर एसडीएम इंदौरा सुरिंद्र ठाकुर व डीएसपी इंदौरा संजीव यादव से मिले व कुछ दिन पहले उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन पर हुई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की।

इस मौके पर पूर्व कर्नल नृप देव ने प्रशासन से अपील की कि इंदौरा एक शांत इलाका है, उसमें किसी भी तरह की देश विरोधी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी व जो भी दोषी है उन पर बनती कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाए। इस मौके पर डीएसपी ने कहा कि इस केस पर वह खुद काम कर रहे हैं। वहीं एसडीएम ने प्रतिनिधिसमंडल को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए ज्ञापन व आपके द्वारा जो भी समस्या है उनका हल किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

संवाद रोजमर्रा की समस्याओं का घर-द्वार पर निपटारा उनकी प्राथमिकता

कमलेश ठाकुर ने सकरी-बिलासपुर में सुनी जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान, देहरा

देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर सोमवार को ग्राम पंचायत सकरी और बिलासपुर में जाकर लोगों से मिलीं तथा उनको पेश आ रही समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए उनसे संवाद स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि देहरा के लोगों को रोजमर्रा की छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें तथा उनकी दिक्कतों का समाधान घर-द्वार पर ही सुनिश्चित हो, ऐसी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि देहरा के कायाकल्प को लेकर कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर सरकार काम कर रही है। साथ ही यहां की जनता को सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए कोई समस्या न आए इसके लिए वे स्वयं पंचायतों में जाकर लोगों से बातचीत कर उनसे फीडबैक ले रही हैं। इसी के तहत आज सकरी और बिलासपुर की जनता के बीच उनकी समस्याओं को जानने वे यहां आई हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार सड़क, पानी और बिजली संबंधी समस्याओं के निवारण पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में चल रही समस्याओं का उन्हें ध्यान है और जल्द ही इनका निपटारा कर लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी लंबित समस्याओं का समय से निवारण करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि सकरी और बिलासपुर पंचायत में लगभग 10 करोड़ रुपए के विकासात्मक कार्य चल रहे हैं। इस अवसर पर डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा, सुरेश वालिया, हरिपुर स्वतंत्र, गुरबचन चौधरी, वीना धीमान, मंजीत सिंह, किरण, इंद्रजीत शर्मा, प्रधान राम स्वरूप शर्मा, प्रधान करण सिंह आदि उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र में व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल के दिए टिप्स

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में एमबीए, एमसीए और अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। इस व्याख्यान का उद्देश्य प्रतिभागियों को उनकी व्यक्तिगत और पेशेवर क्षमता को निखारने के लिए प्रेरित करना था। यह व्याख्यान हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य डॉ. गीतांजलि उपाध्याय द्वारा दिया गया, जो व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपने वर्षों के अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण सिद्धांतों और प्रभावी संचार के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. गीतांजलि ने आत्म-विश्वास को बढ़ाने के लिए आत्म-जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और वक्ता के विचारों से प्रेरित हुए। व्याख्यान के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने सवालों के समाधान प्राप्त किए।

न्यूज ब्रीफ

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

एसके शर्मा, जाह्। जाह् में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजाना की लोगों को जानकारी दी गई। भोरंज पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि एक और दो किलोवाट प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजाना के अंतर्गत सोलर लगाने पर 33 हजार की सब्सिडी है, जबकि दो किलोवाट और तीन किलो वाट क्षमता के संयंत्रों पर 66 हजार की सब्सिडी उपभोक्ता को दी जाएगी। इसे अतिरिक्त 3 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले संयंत्रों पर उपभोक्ता को 85 हजार 800 रुपए का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजाना का लोग अधिक से अधिक लाभ उठाएं। केंद्र सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को बिजली के भारी भरकम बिलों से निजात दिलाई जाएगी।

वैदिक प्रचार सप्ताह के अंतर्गत शोभायात्रा निकाली

अनंत ज्ञान, भोरंज। डीएवी प्रबंधन समिति नई दिल्ली के तत्वावधान में वैदिक सप्ताह के अंतर्गत अंतिम और छठे दिवस डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा हंसराज और विरजा नंद के रूप में विद्यार्थियों ने पवित्र वेदों की अनूठी विशेषताओं, आर्य समाज और महर्षि दयानंद की शिक्षाओं के बारे में आम जनता को जागरूक किया। वैदिक सप्ताह के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी समृद्ध वैदिक संस्कृति और विरासत पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे भी प्रतिदिन वैदिक मंत्रों का जाप करें क्योंकि इससे सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

बड़ा स्कूल में छात्रों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

अनंत ज्ञान, बड़ा। नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी छात्रों के अतिरिक्त स्कूल प्रशासन ने विशेष रूप से भाग लिया। इस दौरान आपदा प्रबंधन प्रभारी किरण देवी ने आपदा के दौरान कैसे सुरक्षित रहना हैं और इससे कैसे निपटना है, के बारे में जानकारी दी। आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल भी विशेष रूप से उपस्थित थी।

उपायुक्त कार्यालय परिसर में आपदा पर जलाई अलख

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हमीरपुर जिले में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कार्यालय परिसर में मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के त्वरित प्रतिक्रिया दलों ने भवन के अंदर फंसे घायलों को रेस्क्यू कर राहत शिविर में पहुंचाया तथा उपमंडल स्तर पर निर्धारित आपदा प्रबंधन योजना के अनुसार अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वहीं, होमगार्ड अशोक रांगड़ा ने कहा कि किसी भी तरह की आपदा के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित एवं प्रभावी तरीके से अंजाम देने तथा इनके लिए हर समय तैयार रहने के लिए मॉकड्रिल बहुत जरूरी होती है। उन्होंने मॉकड्रिल के दौरान आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

छात्रों को कुल्लू-मनाली का इतिहास बताया

अनंत ज्ञान, डिडवीं टिक्कर। ओएसिस पब्लिक हाई स्कूल डिडवीं टिक्कर के प्रशासन ने छात्र-छात्राओं और स्टाफ के सदस्य को शैक्षणिक भ्रमण टूर करवाया। स्कूल के प्रिंसिपल राजन कटोच ने बताया कि बच्चों को मणिकर्ण, बिजली महादेव, अटल टनल और कुल्लू-मनाली के इतिहास के बारे में अवगत कराया।

वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को जांचा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य पर स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के मार्गदर्शन में हीरानगर के वरिष्ठ नागरिक केंद्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर और डॉ. अजय अत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को बढ़ती उम्र में स्वास्थ्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में हर वर्ष अक्तूबर माह में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमारे समाज में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और उनके योगदान की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। डॉ. राकेश ठाकुर और डॉ. अजय अत्री ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक किसी भी समाज के आधार होते हैं। उनके योगदान के कारण ही आज हम सभी इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिक केंद्र के संचालक मिलाप सिंह, मनप्रीत, सिद्धार्थ, एमआर भारद्वाज, हरनाम सिंह, मीरा देवी, पिंकी, शोभा, नीलम कौशल और स्वास्थ्य विभाग से बीसीसी समन्यक सलोचना, रजनीश, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी साक्षी, प्रियंका, आशा कार्यकर्ता उमा, नीता और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

'अनंत ज्ञान' के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया को मातृ शोक

फाइल फोटो

एसके ठाकुर, बड़सर। 'अनंत ज्ञान' के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया की माता ज्ञानो देवी का सोमवार सुबह 9 बजे के करीब निधन हो गया। ज्ञानो देवी का उनके पैतृक श्मशानघाट महारल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्हें मुखाग्नि बड़े बेटे विक्रम सिंह ढटवालिया ने दी। वह पिछले लंबे अर्से से अस्वस्थ चल रही थीं। वह अपने पीछे पति शिक्षाविद् शिव सिंह, तीन बेटे विक्रम सिंह, उत्तम सिंह और विजय को छोड़ गई हैं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने शोकग्रस्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व युवा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भी इस दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। वहीं, अनंत ज्ञान प्रबंधन ने भी दुख की इस घड़ी में गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और इस सदमे को सहने की प्रभु से प्रार्थना की है।

कोल्हू सिद्ध मंदिर से मलबा नहीं उठाया तो होगा प्रदर्शन

ग्रामीणों ने दी निर्माण कंपनी को चेतावनी, कहा-19 तक करें साफ-सफाई

रवि ठाकुर, हमीरपुर

कोल्हू सिद्ध मंदिर में काफी समय से मलबा पड़ा है, जिस कारण लोगों में रोष है।

हमीरपुर से अवाहदेवी नेशनल हाईवे नंबर 3 का निर्माण कर रही निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर दिख रहा है क्योंकि कोल्हू सिद्ध मंदिर को कंपनी ने तहस नहस कर दिया है।

करीब डेढ़ साल से चला हुआ कोहलू सिद्ध बचाओ अभियान अब बड़े आंदोलन की ओर बढ़ चुका है। निर्माण कंपनी के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है, लेकिन लोगों का आक्रोश अब तेज होने जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कंपनी रात के समय इस कार्य को अंजाम दे रही है।

स्थानीय ग्रामीणों में रघुवीर सिंह चौहान, जसवंत सिंह, संजीव कुमार, सुनील चौहान, देशराज चौहान, भूमि राज चौहान, हरबंस सिंह, बलवंत चौहान, जय राज चौहान, प्रीतम चौहान, महिला मंडल बारीं तथा अन्य सामाजिक संगठनों ने निर्माण कंपनी को शनिवार से पहले कोहलू सिद्ध मंदिर से मलबा अथवा सफाई करने तथा पुनर्निर्माण करने की चेतावनी दी है। वहीं, स्थानीय निवासी सुनील चौहान सहित अन्य लोगों ने बताया कि कंपनी द्वारा कुल्लू सिद्ध मंदिर पर मलबा लाया गया है, अगर शनिवार तक कंपनी द्वारा मालवा नहीं उठाया गया तो रविवार को सभी ग्रामीणों सहित निर्माण कंपनी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल में कांग्रेस कर रही झूठ की राजनीति : जम्वाल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक बिलासपुर त्रिलोक जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर गारंटियों को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। जम्वाल ने कहा है कि कांग्रेस झूठ बोलने की राजनीति हिमाचल में कर रही है। हमीरपुर के बाईपास स्थित निजी होटल में जिला भाजपा के कार्यकारिणी सदस्यों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सोमवार को दोपहर के समय कार्यशाला में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के संगठनात्मक पालक एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल का पहुंचने पर स्वागत किया गया।

विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा पार्टी का सदस्यता अभियान जोरों से चला हुआ है जिसके चलते ही आज जिला हमीरपुर भाजपा कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें आगामी दिनों के लिए सदस्यता अभियान को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश ठाकुर ,पूर्व विधायक अनिल धीमान, जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत, महामंत्री अजय रिंटू के अलावा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा वे मौजूद रहे।

भोटा और बड़सर में गीत-नाटक से बताए आपदा से निपटने के उपाए

आपदा प्रबंधन पर जागरूक करते कलाकार।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) हमीरपुर द्वारा एक से 15 अक्तूबर तक डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानी आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी के अंतर्गत नगर पंचायत भोटा के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा में और ग्राम पंचायत बड़सर के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़सर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध जीवन म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों ने गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आपदा से बचाव के उपायों और सुरक्षित भवन निर्माण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षित भवन निर्माण, आपदाओं से सुरक्षा और पारिवारिक आपातकालीन योजना से संबंधित ज्ञानवर्धक पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई।

भाजपा की सक्रिय सदस्यता को लेकर कार्यशाला संपन्न

अनंत ज्ञान हमीरपुर

भाजपा जिला हमीरपुर की सक्रिय सदस्यता कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य।

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर की सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्य रूप से बिलासपुर सदर के विधायक व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के संसदीय पालक त्रिलोक जम्वाल उपस्थित हुए।

बैठक में जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं मंडल से मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं सदस्यता अभियान के प्रभारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी के पहले चरण प्राथमिक सदस्यता अभियान 15 अक्तूबर तक चल रहा है।

इसमें जिला हमीरपुर से अभी तक लगभग 85000 प्राथमिक सदस्य बना दिए गए हैं और आज भी इस अभियान को तेज कर और सदस्यों को जोड़ा जाएगा। वहीं, इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे त्रिलोक जम्वाल ने पदाधिकारी को संबोधन करते हुए कहा 16 से लेकर 31 अक्तूबर तक भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में सक्रिय सदस्यता करने जा रही है और यह सक्रिय सदस्यता प्रत्येक मंडल के हर बूथ स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को 31 अक्तूबर तक प्रत्येक जिला स्तर पर पूरा कर लिया जाएगा

इस बैठक में त्रिलोक जम्वाल के अलावा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, जिला के महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू जिला उपाध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, हरदयाल सिंह, चतर सिंह, प्रमिला, चमन ठाकुर, पांचों मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा मौजूद रहे

भोटा गांव में कार के इंजन में घुसा किंग कोबरा, स्नेक कैचर ने किया रेस्क्यू

हमीरपुर। भोटा के मन्सूही गांव में शुक्रवार शाम के समय एक किंग कोबरा कार के इंजन में घुस गया था। जब कर मलिक ने कार के बीच कुछ आवाज सुनी तो उसने सभी जगह देखा, मगर कुछ नहीं मिला। थोड़ी देर बाद कोबरा फिर से फुंकारने लगा तो कार मालिक ने जब कार के बोनट को खोला तो तो उसमें चार फुट के करीब किंग कोबरा देखा। कार मलिक ने किंग कोबरा को निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किया लेकिन कोबरा कार के बोनट से नहीं निकला, के बाद स्नेक कैचर को मौके पर बुलाया गया और उसने किंग कोबरा को सुरक्षित पड़ा और जंगल में छोड़ दिया।

छह साल बाद भोरंज पेट्रोल पंप का स्वामित्व वापस सुरेश कुमार को मिला

अनंत ज्ञान, भरेड़ी। भोरंज स्थित पेट्रोल पंप का मालिकाना अधिकार छह वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद दोबारा से विधायक सुरेश कुमार को मिला गया है। इस पेट्रोल पंप को वर्ष 2018 में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने पुनर्गठन पॉलिसी के अंतर्गत अपने अधीन ले लिया था, जिसे सुरेश कुमार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।लंबे चले कोर्ट केस के बाद आखिर हाईकोर्ट ने सुरेश कुमार के हक में अपना फैसला सुनाया है और इसका मालिकाना हक वापस सुरेश कुमार को मिल गया है। सुरेश कुमार ने बताया कि पिछली सरकार बनने के तुरंत बाद राजनीतिक षड्यंत्र के अंतर्गत मुझे आर्थिक नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा किया गया था, लेकिन अंततः जीत सच्चाई और ईमानदारी की हुई है। उन्होंने कहा कि इन बीते छह वर्षों में कुछ राजनीतिक षड्यंत्रकारियों व कंपनी के गलत रवैये के कारण मुझे आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके खिलाफ वह कोर्ट जाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं ईमानदारी से काम करने वाला व्यक्ति हूं और जीत हमेशा ईमानदारी की होती है।

आज इन क्षेत्रों में बिजली सेवा रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, बड़ा। विद्युत उपकेंद्रों एवं विद्युत लाइनों के रखरखाव के लिए उपमंडल नादौन के 33 केवी सब-स्टेशन गगाल के अंतर्गत 11 केवी गगाल बड़ा फीडर पर आने वाले क्षेत्र फस्टे, भरोबड़, चड़ू, बटाहली, कुठेड़ा, जंगलू, सहूं, बूसल, जीहण, बढ़ेतर, भोऊ, धंगड़, प्लासी, अंदारा चमराल, जंगली झगड़ियाल, डब्बर पट्टा, दोबड़ कलां में 15 अक्तूबर को सुबह 9 से शाम पांच बजे तक विद्युत सेवा बंद रहेगी।

इस दौरान यदि किसी कारणवश मौसम खराब रहा तो यह कार्य 16 अक्तूबर को किया जाएगा। यह जानकारी विद्युत सब-स्टेशन रंगस के अधिकारी संदीप सांगल ने दी। उन्होंने लोगों से इसके लिए सहयोग बनाए रखने का विशेष आग्रह किया है।

पशुपालन व्यवसाय में पोषक खुराक महत्वपूर्ण : डॉ. डोगरा

संजीव चौहान, टौणी देवी

हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में पशुओं की फीड के बढ़ते मूल्य तथा समय से इनकी उपलब्धता की समस्याएं बनी रहती हैं, ऐसे में अजोला घास पशुपालकों के लिए एक बेहतरीन प्रोटीन फीड का विकल्प रहता है। इस घास को किसान बड़ी आसानी से वर्ष भर पैदा कर सकते हैं।

अजोला घास एक पानी में उगने वाली फर्न है, जिसमें 25 से 30 प्रतिशत प्रोटीन तथा जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो कि दुधारु पशुओं की खुराक में काफी महत्वपूर्ण रहते हैं। पशुओं की खुराक के लिए अजोला का उपयोग तीन किलोग्राम पशु आहार के साथ एक किलोग्राम अजोला घास मिलकर खिलाने का अनुमोदन है। इस विधि का प्रयोग कर पशु आहार में होने वाले खर्च को 10 से 15 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। किसानों को अजोला घास उगाने की विधि का प्रदर्शन तथा जागरूकता हेतु कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर में 'मानव एजुकेशनल एंड हेल्थ रिसर्च संस्था' के अध्यक्ष जेपी वर्मा द्वारा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विशाल डोगरा तथा फार्म इंचार्ज डॉ. नवनीत जरियाल की देखरेख में एक अजोला प्रदर्शन इकाई स्थापित की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर में अजोला घास के उत्पादन की विभिन्न विधियां अभी प्रदर्शित की जा रही हैं, जिनमें टेट्रा बेड का इस्तेमाल तथा कम लागत की इकाइयां प्रदर्शित की गई हैं।

डॉ. विशाल डोगरा ने आशा जताई है कि इन इकाइयों के प्रदर्शन के माध्यम से इलाके के किसान इस नव विचार के लिए जागरूक होंगे। इस विषय पर अधिक तकनीक की जानकारी के लिए इच्छुक किसान अपने स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में संपर्क कर सकते हैं।

लोगों को जागरूक करते डॉ. विशाल डोगरा।

आशा वर्कर्स के लिए स्थायी नीति बनाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान,हमीरपुर। हमीरपुर जिले में लंबे समय में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सेवाएं दे रही आशा वर्कर्स ने सेवाएं नियमित करने की मांग की है। हमीरपुर उपायुक्त कार्यालय परिसर में हमीरपुर आशा वर्कर संघ की सदस्यों ने डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन भेजा है। इस अवसर पर मौजूद आशा वर्कर कर्मचारी संघ की सदस्य किरण और पूजा ने बताया कि काफी लंबे समय से आशा वर्कर्स काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित मानदेय भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जल्द आशा वर्कर्स के लिए स्थायी नीति बनाई जाए और आशा वर्कर्स की लंबित मांगों को भी पूरा किया जाए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि आशा वर्कर की मृत्यु होने पर भी मुआवजा दिया जाए तथा सरकार उन्हें अच्छे टैब भी दे ताकि काम और बढ़िया तरीके से हो सके।

प्रदेशभर के डाकघरों में 'अढ़ाई आखर' प्रतियोगिता शुरू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राष्ट्र स्तर पर विजेता रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपए मिलेगा इनाम

प्रदेश भर के डाकघरों में अढ़ाई आखर प्रतियोगिता शुरू की गई है। इसमें दो कैटेगिरी में प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को अपने हाथों से लिखे पत्र अपने नजदीक के डाकघरों में 14 दिसंबर से पहले जमा करवाने होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश भर में विजेता रहने वाले प्रतिभागी को 25 हजार रुपए इनाम के तौर पर दिए जाएंगे, जबकि राष्ट्र स्तर पर विजेता रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपए इनाम में दिए जाएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

-संजय ठाकुर, उपाधीक्षक, मुख्य डाकघर हमीरपुर मंडल।

भारतीय डाक विभाग की ओर से अढ़ाई आखर लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसमें दो कैटेगिरी में प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। पहले वर्ग में 18 वर्ष की आयु वर्ग तक के प्रतिभागी युवा और दूसरे वर्ग में 18 वर्ष से ऊपर की आयु के प्रतिभागी इसमें भाग ले सकते हैं। यह प्रतियोगिता 14 दिसंबर तक चलेगी।

राष्ट्रीय स्तर की इस पत्र लेखन स्पर्धा का विषय 'लेखन का आनंद डिजिटल युग में पत्र का महत्व' है। इच्छुक प्रतिभागी इनलैंड लेटर कार्ड में अधिकतम 500 शब्द और ए-4 साइज एनवलप पेपर में 1000 शब्द तक हिंदी एवं इंग्लिश स्थानीय भाषा में लिख सकते हैं। केवल हाथ द्वारा लिखे पत्र ही प्रतियोगिता में स्वीकृत किए जाएंगे। प्रतिभागी अपने पत्र को 14 दिसंबर तक अपने नजदीकी डाकघर में जमा करवा सकते हैं, जबकि प्रतियोगिता का परिणाम जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में घोषित किया जाएगा।

हिमाचल परिमंडल में सर्वश्रेष्ठ प्रथम पत्र पुरस्कार विजेता को 25 हजार, द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 10 हजार और तृतीय स्थान हासिल करने वाले को प्रतिभागी को पांच हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा। चयनित पत्रों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में लिप्त किया जाएगा।

राष्ट्र स्तर पर इस प्रतियोगिता में चयन त सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को महानिदेशालय डाक विभाग नई दिल्ली द्वारा प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागी को 50 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार और तृतीय स्थान पर हासिल करने वाले प्रतिभागी को 10 हजार की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। ऐसे में अगर कोई प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है, तो जल्द से जल्द अपने पत्र नजदीक के डाकघरों में जमा करवाएं, ताकि यह इनाम आपको मिल सके।

पायलट स्नेहा शर्मा को विधायक सुरेश कुमार ने भरेड़ी स्कूल में किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, भरेड़ी। भारत की प्रथम फॉर्मूला फोर कार रेसर स्नेहा शर्मा को भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरेड़ी में सम्मानित किया। स्नेहा शर्मा मूल रूप से पल्ली गांव से संबंधित है और वर्तमान मे विस्तारा एयरलाइंस में पायलट के पद कार्यरत हैं। स्नेहा शर्मा को फाइटिंग लेडी ऑफ इंडिया का खिताब भी दिया गया है। स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय विद्यापीठ वाराणसी के द्वारा स्नेहा शर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के द्वारा नेशनल यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। स्नेह शर्मा ने अपने भाषण में विद्यार्थियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। विधायक सुरेश कुमार ने स्नेहा शर्मा की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक ने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वॉलीबाल के सिंथेटिक कोर्ट व फ्लड लाइट्स लगाने की घोषणा की। स्नेहा शर्मा के पिता सेवानिवृत्त विजय शर्मा जो कि नौसेना से कैप्टन सेवानिवृत हुए हैं, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए 10000 और 15000 रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 2000 रुपए देने की घोषणा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजगीर सिंह, कांग्रेस ब्लॉक महासचिव विजय डोगरा, बालक सेवादल के अध्यक्ष सुरेंद्र जरयाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

आयोजन सत्य साई सेवा संगठन हिमाचल का राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन कल्लर जलाड़ी में आयोजित

समाज में शांति और सद्भाव पैदा करने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान, नादौन

राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य व अन्य।

नादौन में श्री सत्य साई सेवा संगठन हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन नादौन के कल्लर जलाड़ी में आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में सत्य साई समितियां के बाल विकास गुरु और ग्रामीण महिलाओं तथा बाल विकास के बच्चों ने भाग लिया।

सम्मेलन का उद्देश्य समाज में फैलती हुई बुराइयों को दूर करने तथा सारी मानवता कल्याण के लिए महिलाओं के सद्गुणों तथा शक्तियों से उन्हें जागरूक किया गया ताकि वे सामाजिक परवर्तन में महत्वपूर्ण साधन बन सकें और अपने बच्चों को उत्तम संस्कार दें। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र वर्मा ने बताया कि आज महिलाओं को डेमोंस्ट्रेशन द्वारा बताए गया कि कैसे बाल विकास की शिक्षा बच्चों को दी जाए। महिलाओं को बताया गया किस प्रकार बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण तथा मानवीय मूल्य प्रदान किए जाते हैं।

किस प्रकार संगठन भजन, वेदम ध्यान द्वारा व्यक्ति को उस की दिव्यता को जागने में कार्य करता है। बाल विकास से बच्चों में जो उनके व्यक्तिगत और व्यवसायिक जीवन में जो प्रभाव पड़ता है, उसके उदाहरणों तथा रोल मॉडल के द्वारा प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया। बाल विकास के बच्चों के लिए वेल्यू गेम्स एग्जीबिशन तथा वीडियो प्रेजेंटेशन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल्ड डेवलपमेंट के प्रोग्राम भी करता है, जिसकी एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

भगवान सत्य साई बाबा की शिक्षाओं पर आधारित श्री सत्य साई संगठन प्रदेश में जो सेवा कार्य करता है, उसकी भी एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान सभी शामिल भक्तों ने यह प्रण किया कि वे अपने चरित्र को सुधारेंगे, अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे, परिवार तथा समाज में शांति और सद्भाव पैदा करेंगे। समाज में पीड़ितों दुखियों और जरूरतमंदों की जैसे वे सेवा करते रहे हैं, भविष्य में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण करेंगे। इस वर्ष संगठन ने 10000 से अधिक पौधे लगाए हैं, रिक्वेस्ट पर रोगियों को रक्त उपलब्ध करवाया जाता है। स्कूलों में वैल्यू एजुकेशन, बाल विकास और आध्यात्मिक कार्यक्रमों द्वारा चरित्र निर्माण का कार्य किया है और यह सब कार्य संगठन बिना किसी पब्लिसिटी से करता है, क्योंकि इस संगठन का ढांचा सत्य साई बाबा की शिक्षाओं पर आधारित है।

न्यूज ब्रीफ

15 को विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, मंडी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू ई. हुकम चंद ने बताया कि 15 अक्तूबर को बीर फीडर में पुरानी बिजली की तारों को बदलने और नए बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिस कारण 15 अक्तूबर को विद्युत उपमंडल साईगलू के अन्तर्गत अनुभाग बीर के गाँव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठ्याना, सदोह, नल्होग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खडकल्याणा, खपरेहडा, भलेड, तरनोह, घेरु, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपुर्ती सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक बाधित रहेगी। मौसम खराब होने के स्थिती में तारों को बदलने और नये बिजली के पोल लगाने का कार्य अगले दिन किया जाएगा।

वहीं जोगिंद्रनगर के तहत विद्युत उपमंडल चौंतड़ा के अंतर्गत आने वाली 33 केवी बस्सी बैजनाथ लाइन में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य पेड़ों की कटाई-छंटाई और लाइन की मरम्मत के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या बाधा से बचा जा सके। विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित यह मरम्मत कार्य 15 अक्तूबर से 18 अक्तूबर 2024 तक चलेगा, जिसके दौरान सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। यह सूचना स्थानीय विद्युत विभाग द्वारा दी गई है। विभाग ने बताया कि इस दौरान गांव सुखबाग, चौंतड़ा, भटेड़, कोहरा, सैंथल, नागन, भालरिहड़ा, खेतड़ू, राजा, सगनेहड, त्रामट, खोली, एहजू, बीड़ रोड, भंजराला, मोहन घाटी, सूजा, मटरू, टिकरी, खज, लदरूही, भगेहड, डोहग, मोरा गलू, पट्ट, बनाड़ और आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे। विद्युत विभाग ने सभी प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस मरम्मत कार्य के दौरान सहयोग करें और असुविधा के लिए विभाग को अग्रिम क्षमा प्रदान करें। विभाग का कहना है कि इस कार्य के बाद विद्युत आपूर्ति अधिक सुरक्षित और सुचारू रूप से की जा सकेगी।

रितिक ने बच्चों को दी जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा

आदर्श यादव, नेरचौक। मंडी जिला के शकरेवड़ी रोहंडा गांव से ताल्लुक रखने वाले एरो डिजाइन इंजीनियर रितिक चौहान ने जिला की राजकीय प्राथमिक पाठशाला ठिहकर में नौनिहालों को लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। रितिक चौहान शुरू से ही पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी होनहार रहे हैं तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हैं।वर्तमान में रितिक जेजेजी एरो एंड पेश डिवीजन बेगलुरु में एरो डिजाइन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। इनके पिता लीलाधर चौहान वर्तमान में दिल्ली में सीबीआई इंस्पेक्टर है। 24 वर्षीय रितिक चौहान जब भी छुट्टी पर घर आते हैं तो नौजवानों को जीवन में लक्षण निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं इसी कड़ी में इन्होंने सोमवार को ठिहकर पाठशाला के बच्चों को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया पाठशाला में पधारने पर स्थानीय पाठशाला के शिक्षक वासुदेव वी स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान सावित्री देवी वह बच्चों ने इनका स्वागत किया तथा बच्चों को प्रेरित करने के लिए इनका आभार प्रकट किया। एसएमसी प्रधान सावित्री देवी ने कहा कि रितिक चौहान आज जिस मुकाम पर है यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

कलाकारों ने फोक मीडिया के माध्यम से दिया सुरक्षित भवन निर्माण का संदेश

आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए उचित तकनीक से निर्माण जरूरी

अनंत ज्ञान, चंबा

नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए कलाकार।

समर्थ-2024 कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के सौजन्य से कलाकारों ने फोक मीडिया के माध्यम से आज उपमंडल डलहौजी और चुराह में ग्रामीणों को सुरक्षित भवन निर्माण में प्रयोग की जाने वाली तकनीकों और सामग्री के अलावा निर्माण के समय बरती जाने वाली महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे जागरूक किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध निजी नाट्य दल आर्यन कला मंच द्वारा बस स्टैंड भंजराड़ू व नकरोड बाजार तथा वंदना कला मंच द्वारा बस स्टैंड सलूणी और सुंडला बाजार में लोगों को नुक्कड़-नाटकों के जरिए भूकंपरोधी भवन की निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

कलाकारों ने बताया कि किसी भी प्रकार की आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए उचित तकनीक से घरों का निर्माण करना बेहद जरूरी है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि भवनों के निर्माण से पूर्व तथा किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पूर्व विशेषज्ञ वास्तुकार से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकंप या अन्य किसी प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

नाट्य दलों ने सुरक्षित भवन निर्माण के लिए प्रयोग की जाने वाली तकनीकों और गुणवत्तायुक्त सामग्री इत्यादि के बारे में भी लोगों को जागरूक किया।

गो तस्करों के चक्कर में पशु व्यापारियों की कर दी धुनाई

अनंत ज्ञान, मंडी। गउओं की रक्षा करने के लिए गोरक्षक दलों ने पूरे देश में अभियान चला रखा है, लेकिन इस अभियान के चक्कर में अब गाय, भैंस और बकरियों का व्यापार करने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला मंडी जिला के बल्ह में पेश आया है जहां पर बीते 3 अक्तूबर की शाम लगभग आठ बजे ढाबण के रहने वाले पशु व्यापारियों की गाड़ी को कुछ लोगों के द्वारा पुलिस थाना रती के पास रोका गया और फिर उनके साथ मारपीट की गई।

मारपीट भी स्थानीय लोगों के द्वारा ही की गई जिसमें जय सिंह निवासी मंदिर टांडा उम्र 33 वर्ष और संदीप कुमार निवासी ढाबण उम्र 27 को चोटें भी आई। परेशानी का कोई हल न होता देख सोमवार को अपनी समस्या को लेकर लबाणा व्यापारी समूदाय के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी मंडी अपूर्व देवगन से मिला और उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें बल्ह के पशु व्यापारियों ने जिला प्रशासन से उनकी सुरक्षा के लिए कुछ कदम उठाने का आग्रह किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार उनके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अमित मैहरा ने विश्व मानक दिवस पर दिलाई शपथ

अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए अमित मैहरा।

अनंत ज्ञान, चंबा

विश्व मानक दिवस के अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने आज उपायुक्त कार्यालय के परिसर में भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानकों की अनुपालना करने को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

अमित मैहरा ने कहा प्रत्येक वर्ष 14 अक्तूबर को विश्व मानक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उपभोक्ता, नियामक और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मानकीकरण की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उत्पादों का मानकीकरण सुरक्षा, दक्षता और नवाचार को बढ़ावा देता है। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों ने

14 अक्तूबर को मनाया जाता है विश्व मानक दिवस

भारतीय मानक ब्यूरो के माध्यम से क्रियान्वित किए जा रहे गुणवत्ता मिशन के तहत अपना पूरा योगदान देने की शपथ लेते हुए अपने परिवार के सभी सदस्यों तथा अपने आसपास के लोगों द्वारा दैनिक जीवन में भी मानकों के उपयोग के लिए प्रेरित करने और केवल मानकीकृत और प्रमाणित सामान खरीदने सहित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और सेवाओं की मांग और अपने आसपास के लोगों से भी ऐसा करने को प्रेरित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सहायक आयुक्त पीपी सिंह सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

ओपी शर्मा, चंबा

कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा प्रशामक देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए छ: दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने की।

इस प्रशिक्षण के बाद ये स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जाकर आशा वर्कर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियों की सयुंक्त टीम के साथ मानसिक रोगियों, बुजुर्गों तथा असहाय (दूसरों पर आश्रोत) बीमार लोगों का पता लगाएंगे तथा ऐसे लोगों की देखभाल करेंगे तथा यदि उन्हें चिकित्सिय उपचार की जरूरत होगी तो उन्हें उपचार उपलब्ध करवाने में सहायता करेंगे तथा समय-समय पर उनका फॉलोअप करेंगे।

कलोट हादसे के हीरो राकेश डोगरा को मिला सम्मान

रितेश चौहान, सरकाघाट

राकेश डोगरा को सम्मानित करते हुए एसडीएम स्वाति डोगरा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सरकाघाट की रखोह पंचायत के क्लोट गांव में जहरीली गैस का शिकार हुए दंपति के शवों को जान पर खेलकर निकालने वाले हीरो राकेश डोगरा को आखिरकार सम्मान मिल ही गया है।

अनंत ज्ञान ने प्रशासन द्वारा उन्हें पूर्णतया भुलाने के बाद 29 सितंबर को विस्तृत खबर छापी थी उसी को लेकर सोमवार को सरकाघाट कॉलेज में एक विशेष समारोह में

एसडीएम सरकाघाट ने उन्हें ना सिर्फ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया बल्कि उनके द्वारा नौसेना में जीते गए अवार्ड और अनुभवों का लाभ भी छात्र-छात्राओं को बताया गया पूर्व भारतीय नौ सेना से सरकाघाट कॉलेज में आयोजित मार्क ड्रिल के अवसर पर सेवानिवृत्त मानद लेफ्टिनेंट राकेश डोगरा (विशिष्ट सेवा मेडल) ने आपदा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बेसिक लाइफ सपोर्ट, डूबने पर प्राथमिक उपचार, सीपीआर तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने इस सब को दर्शाते एक चलचित्र का भी प्रदर्शन किया। साथ ही नौसेना में हासिल विभिन्न अनुभवों को भी साझा किया।

उन्होंने कलोट में कुएं में जहरीली गैस का शिकार हुए दंपति की मौत कैसे हुई इस पर विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को ऐसे मौके पर क्या करना चाहिए इसका भी डेमो दिया उन्होंने यह भी बताया कि अगर कहीं भी ऐसा हो तो उसका बचाव कैसे करना चाहिए गॉड क्लब है कि नौसेना से रिटायर्ड राकेश डोगरा और विनोद कुमार ने इस हादसे के बाद प्रदेश भर के स्कूलों में बच्चों को और आम जनता को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है जिसकी पहल आज सरकाघाट कॉलेज में हुई मॉकड्रिल से की गई। (अनंत ज्ञान)

बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान बिजली बंद

भरमौर। विद्युत उपमंडल गरोला के अंतर्गत 33/11केवी के जरूरी रखरखाव व मुरम्मत के चलते मंगलवार को गरोला,खड़ामुख, सुतनाला, पिल्ली, ककरी, चन्हौटा, लांबू , चोली, त्यारी, होली, सामरा रुनहकोठी, लूना कूंर, कोडला, देयोल नयाग्राम में सुबह 9:00 से लेकर शाम 6:00 तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

सहायक अभियंता तेज सिंह व कनिष्ठ अभियंता दिनेश ठाकुर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि इस दौरान सभी गांव वासियों से सहयोग की अपील की जाती है। मौसम के खराब रहने पर यह कार्य अगले दिन के लिए स्थापित किया जा सकता है।

आखिर कब मिलेगी डलहौजी विधानसभा क्षेत्र को अल्ट्रासाउंड की सुविधा : मनीष सरीन

मुकेश कुमार, डलहौजी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने एक बार फिर डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र की लचर स्वास्थ्य प्रणाली पर प्रदेश सरकार व डलहौजी विधायक पर निशाना साधा है। मनीष ने कहा की डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र में तीन नागरिक अस्पताल हैं परंतु तीनों में ही दशकों से अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

कई वर्षों से वे प्रदेश सरकारों से डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए संघर्षरत रहे हैं किन्तु डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थय व्यवस्था भी स्थानीय ओच्छी राजनीति का शिकार होती आई है जिसका परिणाम है की आज तक डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध नहीं है जिस कारण जनता को अल्ट्रासाउंड करवाने कभी दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में तो कभी दूसरे जिलों में जाना पड़ता है।

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व में रहे शासकों की ये कुछ बड़ी असफलताओं में से एक मानी जा सकती है। मौजूदा विधायक को जनता ने इसलिए चुना था की शायद वे डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के लचर स्वाथ्य ढांचे को सुधारने में कोई कदम उठाएंगे परन्तु उनकी चुप्पी ये साबित करती है की शायद स्वास्थय क्षेत्र भी विधायक की प्राथमिक्ता सूची का हिस्सा नहीं है।

कांग्रेस सरकार व डलहौजी के भाजपा विधायक से मनीष सरीन ने सवाल किया है की आखिर कब तक डलहौजी विधानसभा क्षेत्र स्वास्थ्य प्रणाली की मूलभूत सुविधाओं के लिए स्थानीय राजनीति का शिकार होता रहेगा व आखिर कब मिलेगी डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र को अल्ट्रासाउंड की सुविधा।(अनंत ज्ञान)

अभिलाषी कॉलेज में ओरिएंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

कार्यक्रम के दौरान लैब की जानकारी हासिल करते विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान, नेरचौक

अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नेरचौक में साप्ताहिक ओरिएंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम का समापन हो गया है कार्यक्रम की शुरूआत 7 अक्तूबर से की गई थी जिसमें विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सेशन करवाए गए।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में स्थापित सभी प्रयोगशालाओं के बारे में अवगत करवाया गया तथा विद्यार्थियों का सभी प्रयोगशालाओं में विजिट भी करवाया गया जिसमें मुख्य तौर पर करिकुलम लैब, आईसीटी रिसोर्स सेंटर, एजुकेशनल साइकोलॉजी लैब के सभी इंचार्ज ने विद्यार्थियों को प्रयोगशाला के महत्व शिक्षण अधिगम में प्रयोग तथा प्रयोगशाला को उपयोग करने तथा सावधानियां से अवगत कराया।

22 को होगा कैंपस इंटरव्यू

चंबा। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रोजगार कार्यालय बालू चम्बा में 22 अक्तूबर को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में निजी कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड कला अंब जिला सिरमौर के द्वारा टेंपरेरी ऑपरेटर और अप्रेंटिसशिप के 100 पद भरे जाएंगे ।

उन्होंने बताया महिला और पुरुष दोनों इस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं जिसकी शैक्षणिक योग्यता आईटीआई से पास इलेक्ट्रिकल, फिटर, वेल्डर, रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनर, मैकेनिस्ट प्लंबर, टर्नर, पंप ऑपरेटर व इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन रखी गई है ।

एनएसएस कैंप में बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कैंप के दौरान मुख्यातिथि के साथ मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पीएम श्री राआवमा (छात्र) पाठशाला नगरोटा बगवां में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि अशोक शर्मा सेवानिवृत्त उपशिक्षा निदेशक द्वारा किया गया।

इस अवसर बच्चों संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान मुख्यतिथि ने छात्रों को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पाठशाला के प्रधानाचार्य तथा समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। वहीं संगीता महाजन ने इस शिविर में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस शिविर में 50 स्वयंसेवी हैं जिनमें 26 लड़के और 24 लड़कियां शामिल हैं।

सूडोकु 0087								***** कठिनतम
			4				3	
		6		2		4		
		8			5			
	3						7	
7				4				9
	9						5	
			2			1		
		1		7		6		
	5				3			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0086 का हल

7	8	5	4	2	9	6	3	1
3	6	4	1	5	7	8	9	2
9	2	1	6	3	8	7	4	5
6	5	3	2	8	4	9	1	7
1	7	2	3	9	6	4	5	8
4	9	8	7	1	5	2	6	3
2	4	7	5	6	1	3	8	9
5	3	9	8	4	2	1	7	6
8	1	6	9	7	3	5	2	4

एनएसएस सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना : प्रेम लाल

भीम बसेड़ू, महादेव

कार्यक्रम दौरान सामूहिक चित्र में मुख्यातिथि एवं स्वयंसेवी।

पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड में सात दिवसीय एन एसएस शिविर का समापन बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए मंडी जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष प्रेम लाल गुड्डू ने उपप्रधानाचार्य रचना गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप शर्मा, शारीरिक शिक्षक अमीं चंद, मीना शर्मा, भौर पंचायत के प्रधान सेवामुक्त कैप्टन हल्का राम सहित कांग्रेस सेवादल नाचन अध्यक्ष भगत राम सुंदरनगर से चमन लाल मंडी जिला महासचिव लाल मन त्यागी ज्ञान चंद भुवनेश्वर लाल बंसी लाल, कृष्ण लाल आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। योजना में स्कूल व कॉलेज के बच्चे स्वेच्छा से राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हैं वे श्रम का महत्व समझते हैं ऐसे बच्चे बधाई के पात्र हैं जो अपने मां-बाप का नाम भी रोशन करते हैं।

ईएफएस फैसिलिटिज सर्विसिज यूएएफ द्वारा बाइक राइडर के भरे जाएंगे 200 पद

अनंत ज्ञान, ऊना।

मैसर्ज ईएफएस फैसिलिटिज़ सर्विसिज यूएएफ द्वारा बाइक राइडर ग्रेड ए के 200 पद दो वर्ष के अनुबंध पर भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी इसके लिए 19 अक्तूबर तक गूगल फॉर्म और अपना बायोडाटा संबंधित दस्ताबेज जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय ऊना में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गूगल फॉर्म जिला रोजगार अधिकारी ऊना के फेसबुक पेज़ पर उपलब्ध है।अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु 21 से 40 वर्ष और यूएई ड्राइविंग लाईसेंस तथा तीन साल के लिए वैध होम कंट्री दोपहिया वाहन लाइसेंस होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि रहने की सुविधा, बाइक, पेट्रॉल, सिम कॉर्ड और प्रशिक्षण स्थल तक परिवहन की सुविधा भी कम्पनी की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

15 अक्तूबर, 2024, मंगलवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** त्रयोदशी : (00:21)**: नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद, **पक्ष :** शुक्ल **योग :** वृद्धि (02:13) **शुभ मुहूर्त :** अभिजित (11:43-12:29), **राहुकाल** (02:58 -04:24)।

विशेष दिन

- 15 अक्तूबर : भौम प्रदोष व्रत आज।
- 16 अक्तूबर : शरद पूर्णिमा कल।

मेष: जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकावे से अपने संबंध तोड़ने से बचें।

वृषभ: जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें।

मिथुन: बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा।

कर्क: सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे।

सिंह: आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आये परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा।

कन्या: स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यक्षेत्र पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध से परिजन नाखुश होंगे।

तुला: जल्दबाजी में फैसलों से नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातें को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृश्चिक: समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंतजार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे।

धनु: व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें।

मकर: अपने अक्खड़ व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। व्यवहार नम्र रहे और अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। घर का वातावरण गरमा सकता है।

कुंभ: अपने हिसाब से जिन्दगी जीना पसंद है। जो लोग आप के कार्यों को सराहना करते थे, वे आप का विरोध करेंगे।

मीन: समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

लाखों रुपए हड़पने पर पोस्टमास्टर बर्खास्त

चंबा। उपभोक्ताओं की आरडी और बचत खाते के पैसे हड़पने के आरोप में दरेकड़ी के पोस्टमास्टर को बर्खास्त कर दिया गया है। इससे पहले विभाग ने पोस्टमास्टर को लोगों के 12.37 लाख रुपए हड़पने पर निलंबित कर दिया था। अब जांच पूरी होने के बाद पोस्टमास्टर पर लगे सारे आरोप सही निकलने पर डाक विभाग चंबा ने अपने स्तर पर उसे नौकरी से निकाल दिया है। हालांकि, विभाग ने पोस्टमास्टर पर केस भी कर दिया था और पुलिस को यह मामला सौंपा गया था।

सारी जांच होने के बाद अब दरेकड़ी के पोस्टमास्टर को विभाग ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। पोस्टमास्टर को यह राशि जमा करवानी पड़ेगी।

सलूणी में तहसीलदार और नायब तहसीलदार के पद खाली होने पर समाजसेवियों ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान, सलूनी

धरने पर बैठीं हुए समाजसेवी।

हौजी विधानसभा के उपमंडल सलूणी में एक माह से तहसीलदार और नायब तहसीलदार के रिक्त पदों के चलते परेशान हो रही जनता के मध्य नजर अब समाजसेवियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले कुछ समय से यहां पर सरकारी कार्यालय में अधिकारियों के पद रिक्त होने पर जनता को बहुत परेशानीहो रही हैं।

क्षेत्र की समाजसेवी अंजू धीमान ने पदों को भरने के लिए सरकार को आगाह किया था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन व सरकार द्वारा अभी तक यहां पर सरकारी कार्यालय में अधिकारियों के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। जिसकीचलते सोमवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रांगण में क्षेत्र की समाज सेवावी अंजू धीमान ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। इस मौके पर सोमवार को उनके साथ क्रमिक अनशन में लता सूर्यवंशी भी कॉमिक अनशन में बैठी रही।

अंजू धीमान का कहना है कि जब तक यहां पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार का पद नहीं भरा जाता है उनका क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं, शान्ता देवी (55 वर्ष) स्पुत्री स्व. श्री फते राम निवासी गांव व डाकघर धवेहड़, तहसील बाली चौकी, जिला मण्डी, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा नाम परिवार नकल रजिस्टर, आधार कार्ड व बच्चों के स्कूल प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों में शान्ता देवी दर्ज है। लेकिन ग्राम पंचायत बाली चौकी के जन्म रजिस्टर के रिकॉर्ड में मेरा नाम खिम दासी गलत दर्ज है। अतः अब मेरा नाम जन्म रजिस्टर में खिम दासी के स्थान पर शान्ता देवी सही दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

सेवा-कार्यों की उम्मीद सरकार से नहीं की जा सकता। उसके लिए समाज-सेवी संस्थाओं को ही आगे उगना पड़ेगा। -अटल बिहारी वाजपेयी

संपादकीय

भाग्यरेखाएं सड़कें

प्रदेश की सुक्खू सरकार सड़कों की गुणवत्ता को लेकर बेहद गंभीर हो गई है। सीएम सुक्खू ने सड़क निर्माण में देरी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने की व्यवस्था कर दी है। यानी अब अगर कोई अधिकारी सड़कें बनाने तथा मेंटेन करने में कोताही बरतेगा, तो उसकी जवाबदेही तय होगी। निश्चित रूप से सरकार की यह सख्ती भविष्य में कई रंग लाएगी बशर्ते, सरकार इसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग भी करे। अक्सर देखा जाता है कि योजनाएं तो बहुत बनती हैं, लेकिन उन्हें अमलीजामा पहनाने में कहीं न कहीं कमी रह जाती है। देवभूमि हिमाचल एक पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है और यहां बरसात के मौसम में खासकर जुलाई से लेकर सितंबर तक लगातार बहुत तेज बारिश होती है, जिससे सड़कों और फोरलेनों पर जगह-जगह भूस्खलन होता है। कई बार तो सड़कों का नामोनिशान तक मिट जाता है। ऐसे में उन्हें नए सिरे से तैयार करने में वक्त लगता है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार सड़कों के रखरखाव पर ध्यान नहीं देती, लेकिन जब तक सरकार टूटी हुई सड़कों को दोबारा चलने की हालत में तैयार करती है तब तक फिर से बरसात आ जाती है और यह सिलसिला यूं ही चला रहता है।

इस चक्कर से मुक्ति पाने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। वैसे हिमाचल की सड़कें दूसरे पड़ोसी राज्यों के मुकाबले काफी हद तक सही हैं। बस जरूरत है उनकी गुणवत्ता को सुधारने की। सड़कें विकास की भाग्य रेखाएं होती हैं। बिना सड़क निर्माण के विकास कार्य संभव नहीं हो सकते। किसी भी देश या प्रदेश के विकास के लिए सड़कों का योगदान बेहद अहम है। हिमाचल ने सड़कों के जरिए लोगों के जीवन को बदलने का काम किया है। चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बाद अब तक प्रदेश के सड़क नेटवर्क में 41,202 किलोमीटर तक का विस्तार हुआ है, जिसमें 34,917 किलोमीटर पक्की सड़कें हैं। संतोषजनक बात यह है कि इन सड़कों के माध्यम से पहाड़ में कठिन जीवन जीने वाले लोगों की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो रही है। लोक निर्माण विभाग ने 2,519 पुलों और 36,763 किलोमीटर क्रॉस ड्रेनेज का निर्माण कर एक रिकॉर्ड कायम किया है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से हिमाचल के 17, 882 गांवों में से 15,778 को सड़क सुविधा से जोड़ा जा चुका है। अब 2104 गांव सड़क सुविधा से जोड़े जाने शेष हैं। जिस रफ्तार से लोक निर्माण विभाग काम कर रहा है उसे यह लक्ष्य हासिल करने में देर नहीं लगेगी। प्रदेश में 12,500 करोड़ के निवेश से फोरलेन राजमार्ग और 68 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है।

सुक्खू सरकार ने सड़कों के आधारभूत ढांचे के लिए इस वित्त वर्ष में 2,240.27 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है, जो यह दर्शाता है कि सरकार की सड़कों के निर्माण के प्रति नीयत साफ है। प्रदेश सरकार राज्य में सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में क्वालिटी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। ठेकेदारों के कार्यों की निगरानी होती रहती है और गुणवत्ता विहीन कार्य करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाती है। यदि सड़कें अच्छी होंगी, तो निश्चित रूप से उद्योगों और व्यवसायों को गति मिलेगी, क्योंकि इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। अच्छी सड़कें यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। दुर्घटनाओं का अंदेशा कम हो जाता है। लोग अकाल मृत्यु से बच जाते हैं। अच्छी सड़कें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं, जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलता है। पर्यटन किसी भी राज्य के लिए अहम होता है, क्योंकि इसके जरिए राज्य की आर्थिकी को बल मिलता है। यही कारण है कि हिमाचल सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने पर ज्यादा फोकस कर रही है। इस समय पर्यटन हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ बन गया है। हिमाचल का पर्यटन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अच्छी सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं तक पहुंच को सुगम बनाती हैं। यदि सड़कों की दशा सुधारनी हो तो सबसे पहले तो इनका नियमित रखरखाव करना बेहद जरूरी होता है। समय-समय पर मरम्मत होती रहनी चाहिए, क्योंकि इसमें अगर देरी हो जाए, तो अधिक यातायात के बोझ के कारण सड़कों की दुर्दशा और भी बिगड़ती जाती है। साथ ही जो काम पहले सस्ते में हो सकता है उसी काम के लिए बाद में ढेरों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। इससे समय और धन की बर्बादी होती है। सड़कों का विस्तार और सुधार तथा बेहतर यातायात प्रबंधन भी सड़कें के लंबे जीवन के लिए जरूरी है। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारत के पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक

अवुल पकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम जिन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम से जाना जाता है, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रसिद्ध वैज्ञानिक और अभियंता के रूप में विख्यात थे। उनका राष्ट्रपति कार्यकाल 25 जुलाई, 2002 से 25 जुलाई, 2007 तक रहा। उन्हें मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है। वह एक गैर राजनीतिक व्यक्ति थे। विज्ञान की दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रपति भवन के द्वार उनके लिए स्वत: ही खुल गए। जो व्यक्ति किसी क्षेत्र विशेष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है, उसके लिए सब सहज हो जाता है और कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता। अब्दुल कलाम इस उद्धरण का प्रतिनिधित्व करते नजर आते थे। उन्होंने विवाह नहीं किया था। चमत्कारिक प्रतिभा के धनी अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व इतना उन्नत था कि वह सभी धर्म, जाति एवं संप्रदायों के व्यक्ति नजर आते थे। वह एक ऐसे स्वीकार्य भारतीय थे, जो सभी के लिए 'एक महान आदर्श' बन चुके हैं। विज्ञान की दुनिया से देश का प्रथम नागरिक बनना कपोल कल्पना मात्र नहीं है। डॉक्टर अब्दुल कलाम राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन राष्ट्रवादी सोच और राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की कल्याण संबंधी नीतियों के कारण इन्हें कुछ हद तक राजनीतिक दृष्टि से संपन्न माना जा सकता है। इन्होंने अपनी पुस्तक %इण्डिया 2020% में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। ■

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम
जन्म : 15 अक्तूबर, 1931
मृत्यु : 27 जुलाई, 2015

अपनी बात

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पूरी दुनिया में एक मशहूर नाम हैं। उन्हें 21वीं सदी के महानतम वैज्ञानिकों में गिना जाता है। इतना ही नहीं, वे भारत के 11वें राष्ट्रपति बने और उन्होंने अपने देश की सेवा की। वे देश के सबसे मूल्यवान व्यक्ति थे क्योंकि एक वैज्ञानिक और राष्ट्रपति के रूप में उनका योगदान अतुलनीय है। इसके अलावा, इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उन्होंने कई परियोजनाओं का नेतृत्व किया, जिन्होंने समाज में योगदान दिया और वे अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों के विकास में भी मदद करने वाले व्यक्ति थे। भारत में परमाणु ऊर्जा में उनकी भागीदारी के लिए , उन्हें 'भारत का मिसाइल मैन' कहा जाता था और देश के लिए उनके योगदान के कारण, सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया। एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु में हुआ था। उस समय उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी, इसलिए उन्होंने कम उम्र से ही अपने परिवार की आर्थिक मदद करना शुरू कर दिया था, लेकिन उन्होंने कभी भी पढ़ाई नहीं छोड़ी। अपने परिवार की मदद करने के साथ-साथ उन्होंने अपनी पढ़ाई भी जारी रखी और ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की। सबसे बड़ी बात यह है कि वे 1998 में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण के सदस्य थे। देश के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का योगदान अनगिनत है, लेकिन वे अपने सबसे बड़े योगदान के लिए प्रसिद्ध हुए, जो अग्नि और पृथ्वी नामक मिसाइलों के विकास में था। महान मिसाइल मैन 2002 में भारत के राष्ट्रपति बने। उनके राष्ट्रपति काल में सेना और देश ने कई उपलब्धियां हासिल कीं, जिनका देश के लिए बहुत बड़ा योगदान रहा।

विकास, कांगड़ा

महान प्रेरणादायी व्यक्तित्व डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम

जयंती विशेष

लेखक : विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक

भारत वर्ष की पुन्य भूमि पर अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपनी सादगी और संघर्ष से अपनी मातृभूमि को गौरवान्वित किया है। जिनके जीवन में न केवल सुविधाओं का अभाव था, बल्कि अनेक प्रकार की कठिनाइयां भी मार्ग में थी, परंतु अपनी प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और जीवन में कुछ नवीनतम एवं रचनात्मक उपलब्धि हासिल करने की मानसिकता के समक्ष कोई भी बाधा टिक नहीं सकीं और उनका जीवन औरों के लिए प्रेरणास्रोत और अतुलनीय उदाहरण बन गया और उनका व्यक्तित्व भारत और विश्व में सदैव स्मरणीय बन गया। ऐसे ही महान व्यक्तित्व का जन्म हुआ तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्तूबर 1931 को, जो अपने कठिन परिश्रम, समस्याओं से जूझने की क्षमता और निरंतर सीखने की क्षमता से एक निर्धन परिवार से देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचे, नाम था अबुल पाकिर जैनुलाअबदीन अब्दुल कलाम।

जिनके पिता जी अपने परिवार की आय के लिए नाव चलाने का काम करते थे। कलाम को अपनी पढ़ाई का खर्चा निकालने के लिए अखबार बेचने का कार्य भी करना पड़ता था, परंतु किसी भी प्रकार की समस्या और मुश्किलें उनके रास्ते में बाधा नहीं बन सकी, क्योंकि वह अपनी धुन के पक्के थे। डॉक्टर कलाम ने मद्रास इंस्टीट्यूट से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करने के उपरांत 1958 में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन में शामिल हुए। भारतीय रक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट योजना और योगदान से ऐसे कार्यक्रम की योजना बनाई जिसके तहत की सफल मिसाइलें बनाईं, जिससे उन्हें मिसाइल मैन ऑफ इंडिया का उपनाम मिला। अपनी अद्भुत क्षमता और कार्यशैली से वे 1992 से 1997 तक रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार रहे। देश में 1998 में हुए परमाणु हथियार परीक्षणों में उनकी प्रमुख भूमिका रही, जिससे उन्होंने भारत को एक परमाणु शक्ति के रूप में मजबूत किया और अपने आपको एक सच्चे राष्ट्रभक्त और नायक के रूप में स्थापित किया।

डॉक्टर कलाम ने हमेशा ही सीखने और अध्ययन को महत्वपूर्ण माना और निरंतर भिन्न-भिन्न विश्वविद्यालयों में अपने वक्तव्य देकर युवाओं को प्रेरित किया। डॉक्टर कलाम के प्रेरणा दायक विचार आज भी युवा हृदय में हलचल पैदा करने का कार्य करते हैं। उन्होंने अपने जीवन अनुभव और विजन को जन जन तक पहुंचाने के लिए अत्यंत प्रेरणादायी पुस्तकें भी लिखीं जो उनके अथक प्रयासों और अनमोल अनुभवों को संजोए हुए हैं।

विंग्स ऑफ फायर(अग्नि की उड़ान) पुस्तक में वे कहते हैं कि 'बिना उद्देश्य के जीवन जीना निरर्थक है, यह उसी प्रकार है जैसे किसी पर्वत की चोटी बिना किनारों का अनुभव किए चढ़ने जैसा है, पर्वत के किनारों पर ही जीवन का विस्तार किया जाता है, चोटी पर नहीं।

यह वह अनुभव है जहां पर चीजें बढ़ती है, अनुभव ग्रहण किया जाता है और तकनीक पर महारत हासिल की जा सकती है। पर्वत चोटी का महत्व इसी में है कि वह किनारों को दर्शाती है। वे युवाओं से जीवन में सपने देखने के महत्व पर प्रकाश डालते है' सपने वो नहीं जो हमें नींद में आते हैं, सपने तो वो हैं जो हमें सोने ही नहीं देते वे कहते हैं कि मुश्किलें और कठिनाइयां हमें भगवान द्वारा अपनी प्रतिभा और योग्यता को साबित करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाता है। अपनी प्रेरणादायक पुस्तक अग्नि की उड़ान में उद्धृत करते हैं कि 'हम सभी अपने भीतर एक दिव्य ज्योति को लेकर उत्पन्न हुए हैं हमारे प्रयास होने चाहिए कि हम उस ज्योति को पंख लगाकर संसार को उसकी दीप्ति और अच्छाई से आलोकित करें' अपने जीवन में सफल होने के लिए उन्होंने तीन बातों को अपनाने पर बल दिया, इच्छा, विश्वास और उम्मीद। जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए वो एकाग्र मन से समर्पित होने को अत्यधिक महत्व देते हैं। डॉक्टर कलाम के अनुसार जीवन में सोच, विजन और नजरिया बहुत महत्वपूर्ण होता है वो उद्धृत करते हैं कि वर्षा होने पर सभी पक्षी शरण ढूंढने में लग जाते हैं, परंतु बाज बादलों से भी ऊपर उड़ कर यह साबित कर देता है कि समस्याएं सभी के लिए एक समान होती है, परंतु यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि हमारा नजरिया क्या है और हम समस्या को किस दृष्टि से देखते हैं। डॉक्टर कलाम एक महान वैज्ञानिक होने के साथ-साथ अत्यंत सादगी पसंद और विनम्र व्यक्तित्व थे। उनका जीवन विशेष कर युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणा दायक और अतुलनीय उदाहरण है। उन्होंने हमेशा देश सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

उनमें शिक्षा के प्रति अनवरत लगन थी और निरंतर विद्यार्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अपने अनमोल वक्तव्य दिया करते थे। उनके विचारों और विजन को उनके द्वारा रचित पुस्तकों से भलीभांति समझा और ग्रहण किया जा सकता है। अग्नि की उड़ान (विंग्स ऑफ फायर), मनस्वी मन, बदलता दौर विजन 2020 इत्यादि ऐसी महान रचनात्मक कृतियां हैं, जो वर्तमान समय में प्रत्येक युवा को, विद्यार्थियों को और अपने जीवन में कुछ नया कर गुजरने की इच्छा लिए नवयुवकों को अवश्य अध्ययन करना और मनन करना चाहिए, जिससे डॉक्टर कलाम के महान व्यक्तित्व और विजन को समझा और आत्मसात किया जा सकता है। डॉक्टर कलाम की राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा और देशप्रेम के लिए उनको कई प्रकार के पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया गया। उनको वर्ष 1997 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वर्ष 2002 से 2007 तक वे भारत के राष्ट्रपति रहे।

डॉक्टर कलाम जैसे व्यक्तित्व सदियों में विरले ही पैदा होते हैं, जिनका जीवन औरों के लिए आदर्श और अनुकरणीय बन जाता है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी वर्तमान और भावी पीढ़ी को ऐसे महान राष्ट्रभक्त और समर्पित हस्तियों से करवाने का उत्तरदायित्व निभाने का निरंतर प्रयास करें, ताकि हमारी भावी पीढ़ी संस्कारवान और सामर्थ्य वान बनकर अपने समाज और राष्ट्र के लिए अपने योगदान और उत्तरदायित्व का समर्पण भाव से निर्वहन करने में सक्षम बन सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

भगवान राम में विश्वास करें, संशय में न पड़ें

लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज साईं बाबा को लेकर सियासत हो रही है और एक मुहिम सा हो गया है, आखिर सच्चाई क्या है। आज साईं बाबा को लेकर सियासत हो रही है, लेकिन कुछ प्रश्न जरूर है जो संदेह पैदा करती है। साईं बाबा का समाधि स्थल जैसा लगता नहीं है, वह एक मजार सा दिखता। खाने के बारे में भी कहीं कहीं नॉन वेज का भी जिक्र आता है और उनके सारे सहयोगी का भी शिरड़ी में मजार है। आज साईं बाबा को लेकर सियासत हो रही है, लेकिन कुछ प्रश्न जरूर है, जो संदेह पैदा करती है साईं बाबा का समाधि स्थल जैसा लगता नहीं और भगवान राम से कोई ऐसी खास चीज नहीं मिली है, जो भगवान राम के आदशों से जोड़ता हो आदर्शों राम केवल एक नाम भर नहीं , बल्कि वे जन-जन के कंठहार हैं, मन-प्राण हैं, जीवन-आधार हैं। उनसे भारत अर्थ पाता है। वे भारत के प्रतिरूप हैं और भारत उनका। उनमें कोटि-कोटि जन जीवन की सार्थकता पाता है। भारत का कोटि-कोटि जन उनकी आंखों से जग-जीवन को देखता है। उनके दृष्टिकोण से जीवन के संदर्भों-परिप्रेक्ष्यों-स्थितियों-परिस्थितियों-घटनाओं-प्रतिघटनाओं का मूल्यांकन-विश्लेषण करता है। भारत से राम और राम से भारत को विलग करने के भले कितने कुचक्र-कलंक रचे जाएं, भले कितनी 'वामी-विदेशी' चालें चली जाएं, यह संभव होता नहीं दिखता, क्योंकि राम भारत की आत्मा हैं। राम भारत के पर्याय हैं। राम निर्विकल्प हैं, उनका कोई विकल्प नहीं। जिस प्रकार आत्मा को शरीर से और शरीर को आत्मा से कोई विलग नहीं कर सकता, उसी प्रकार राम को भारत से विलग नहीं किया जा सकता। राम के सुख में भारत के जन-जन का सुख आश्रय पाता है, उनके दु:ख में भारत का कोटि-कोटि जन आंसुओं के सागर में डूबने लगता है और वे अश्रु-धार भी ऐसे परम-पुनीत हैं कि तन-मन को निर्मल बना जाते हैं। सारे महापुरुषों ने इसी सनातन धर्म की शिक्षा दी है सब से उसी एक ईश्वर की भक्ति की है। साईं बाबा ने भी सदा उस एक ईश्वर की भक्ति की है , उनका तारक मंत्र भी यही था कि 'सबका मालिक एक है' मगर कुछ लोगों ने साईं बाबा को ही ईश्वर के स्थान पर बैठा दिया और उनकी पूजा-अर्चना शुरू कर दी और जनता में यह झूठा भ्रम फैला दिया कि जो साईं बाबा की भक्ति करता है वो धनवान हो जाता है, अश्रुओं की उस निर्मल-अविरल धारा में न कोई ईर्ष्या शेष रहती है, न कोई अहंकार, न कोई लोभ, न कोई मोह, न कोई अपना, न कोई पराया। कैसा अद्भुत है यह चरित-काव्य, जिसे बार-बार सुनकर भी और सुनने की चाह बची रहती है और रसपान की प्यास बनी की बनी रह जाती है। कैसा अद्भुत है यह नाम जिसके स्मरण मात्र से नयन-चकोर उस मुख-चंद्र की ओर टकटकी लगाए एकटक निहारते रह जाते हैं। उस चरित्र को अभिनीत करने वाले, उस चरित्र को जीने वाले, लिखने वाले हमारी आत्यंतिक श्रद्धा के सर्वोच्च केंद्र बिंदु बन जाते हैं। उसके सुख-दु:ख, हार-जीत, मान-अपमान में हमें अपना सुख-दु:ख, हार-जीत, मान-अपमान प्रतीत होने लगता है। उसकी प्रसन्नता में सारा जग हंसता प्रतीत होता है और उसके विषाद में सारा जग रोता है अत: किसी की पूजन करना मानना या न मानना यह आपका अधिकार है, लेकिन क्यों आप संशय में है जब भगवान राम आपके अंदर विराजमान है खोजिए उन्हें उनके आदर्शों पर चल कर तब सबकुछ समझ जायेंगे कि भगवान राम के जीवन में हुए घटनाओं से प्रेरणा लें, वही आपकी असली पूजा है भगवान राम सत्य है। सबका एक ही मालिक है वो है भगवान राम।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

रावण

अनिल शर्मा नील

दशहरे के पूर्व दिवस पर रावण के पुतले में
आत्मा प्रवेश कर गई।
चूंकि आत्मा है इसलिए वह सब देख पाती
भूतो भविष्यति।
और पुतला रूपी रावण जो देख रहा है
वही कहने लगा।
तभी वहां दलबदल के साथ बड़ी तोंद वाला
एक सफेदपोशधारी आया।
मंद मंद बहती हवा के संग पुतले में प्रवेश की हुई
रावण की आत्मा हंसने लगी।
और कहने लगी यही है, यही है, वो जिसने
जंगल से खैर के पेड़ कटवाए थे।
उस टोली में
सभ्य सा दिखने वाला
पेंट कोट टाई पहने मौजूद था।
हर चेहरे पर चेहरा
और हर चेहरे पे मुखौटा
जो दिखता है, वो वैसा होता नहीं है।
वह सोचने लगा
कैसा कलियुग आ गया है
कथनी-करनी हाथी दांत जैसी।
हर वर्ष रावण का दहन करते हैं
पर अपने भीतर का रावण
कभी जला नहीं पाए?

गुजरात हादसा : कब तक जिंदा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर

लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

कब तक जिंदा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है, बेशक प्रतिवर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। केवल मात्र एक दिन बड़े-बड़े सेमिनार, गोष्ठियां की जाती है। मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किए जाते है, मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं। ताजा हादसा 12 अक्तूबर को गुजरात के मेहसाणा के कड़ी कस्बे में घटित हुआ। जहां काम करते समय 9 मजदूर जिंदा दफन हो गए, सभी मजदूरों के शव निकाल दिए है, दफन होने वाले मजदूर 25 से तीस साल के थे। मजदूरों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी। देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें, यह एक यक्ष प्रश्न है। हर साल दिवस मनाए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है। मजदूरों का शोषण किया जाता है।

मजदूरों के नाम पर सैकड़ों योजनाएं चलाई जाती है, मगर उन्हें उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार उत्तरकाशी में बेकसूर मजदूरों ने 17 दिन और 16 रातें कैसे निकाली थी, यह मजदूर ही जानते होंगे । खौफनाक मंजर को कभी नहीं भूल पाएंगे। 17 दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए थे। मजदूरों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि जिस सुरंग का निर्माण कर रहे हैं, उसमें कैद हो जाएंगे। करोड़ों देश वासियों की दुआएं रंग लाई और मजदूरों को नया जीवन मिल गया और 12 दिन सुरंग की कैद से मुक्त हो गए थे। 12 तारीख को एक तरफ रविवार को दीपावली के दिन जहां पूरा भारतवर्ष दिवाली की खुशियां मना रहा था, वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में बहुत ही भयंकर दु:खद हादसा हुआ था। जब सुरंग ढहने से 41 मजदूर सुरंग के अंदर फंस गए थे।

उत्तरकाशी के सिल्कयारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग में फंसे 41 मजदूर जिंदगी व मौत के बीच झूल रहे थे। सरकार द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू अभियान का 17 दिन ऑपरेशन जारी रहा था और मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था। देश प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है, मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर साल दिवस मनाए जाते हैं, मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है, मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है। कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। हादसों की वजह से बच्चे अनाथ हो रहे है। मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारे, तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं, उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं।

मगर केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता, तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं, जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे हैं। हादसों को देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं। देश के राज्यों में चल रहे ईंटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं। मजदूरों के पसीने से ही ईंटें पकती हैं, मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है। मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है। मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके हैं। हादसों ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हालांकि यह कोई पहला हादसा नहीं है। पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। बीते वर्ष में रायबरेली के ऊंचाहार में एटीपीसी संयंत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100 के लगभग घायल हो गए थे। 500 मेगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था। उस समय 200 कामगार मौजूद थे।

सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है, मगर मुआवजा इसका हल नहीं है। एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था, जहां टाउसफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपुर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे। गत वर्ष एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए।

यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई, सात मजदूर तो भागकर बच गए, मगर बेचारे चार मजदूर जिंदा दफन हो गए थे। इन मजदूरों पर 42 मीटर लंबी दीवार गिर गई, यह बहुत ही दुखद हादसा था। मुंबई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 9 मजदूर मारे गए और 19 घायल हो गए थे और दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लू के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी, जो कि एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था। इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में फिर एक निर्माणाधीन इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते है मगर प्रकाश में नहीं आते। केन्द्र सरकार को मजदूरों के हित में कदम उठाने होगें तभी ऐसे हादसे रुक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पाठकों के पत्र...

मैं जिला ऊना के धुसाड़ा ग्राम पंचायत की स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर आधारित हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ती हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो चुरडू से बडूही आदि रूट पर समाचार पत्र पंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

सरिता शर्मा (धुसाड़ा, ऊना)

मैं जिला ऊना के धुंदला ग्राम पंचायत का स्थाई निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में वाहनों की ओवर स्पीड, नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो डोहगी, जखोला, भुगड़ियान आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

अजय वर्मा (धुंदला, ऊना)

अनंत ज्ञान अपने आप में संपूर्ण अखबार है इसमें हिमाचल प्रदेश से जुड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। इसके अलावा धार्मिक स्वास्थ्य संबंधित पाठक की रोचक तजानकारियां उपलब्ध है। अनंत ज्ञान समाचार के संपादकीय पन्ने रोज सामायिक विषयों को उजागर करता है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं।

सुरेंद्र भट्टी,
हिमाचल स्टूडियो सोलन

नवाचार, स्टाइल शीट सहित खबरों का कंटेंट्स अनंत ज्ञान समाचार पत्र को अलग पहचान दिला रहा है। जरूरी और बड़ी खबरों को प्रमुख पृष्ठों में जगह मिल रही है। खबरों का संतुलन भी अच्छा है। कोशिश हो कि खबरों में अशुद्धियां न रहे। पाठकों की रुचि बनी रहे इसके लिए सभी वर्ग की जरूरत के मुताबिक खबरें और संपादकीय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

अमन कुमार, कांगड़ा

अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों को त्वरित और सटीक जानकारी प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रहा हैं। समाचार पत्र में इस बात का समावेश मिलता है। यही कारण है अनंत ज्ञान प्रदेश उभरते अखबारों में शुमार हो रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में यह अखबार प्रदेश की दशा और दिशा तय करने में कारगर साबित होगा।

विपिन चौहान, गगल

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
Email : editoranantgyaan@gmail.com
Whatsapp no. : 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

लोक निर्माण मंत्री सुनेंगे जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान, मंडी। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार लोक निर्माण मंत्री 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मंडी पहुंचेंगे और कैंप कार्यालय में जन समस्याएं सुनेंगे। इसके उपरांत दोपहर 3.30 बजे वे कुल्लू के लिए प्रस्थान करेंगे।

समारोह पर चर्चा के लिए 17 को बैठक

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड द्वारा पेंशनरों और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के आयोजन पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 17 अक्तूबर को मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में होगी। संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री और महासचिव रमेश पठानिया ने बताया कि बैठक में 25 अक्तूबर को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह के आयोजन पर विस्तार से विचार किया जाएगा। नेक राम शास्त्री ने सभी पेंशनरों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस बैठक में शामिल होकर आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दें। यह सम्मान समारोह पेंशनरों और मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा और इसके आयोजन को भव्य रूप देने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री ने हाल ही में सरकार द्वारा पेंशनरों के महंगाई भत्ते (डीए) में 4 प्रतिशत वृद्धि किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया है।नेक राम शास्त्री ने पेंशनरों की कम्यूट कटौती को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

नारा लेखन में कल्पना चावला सदन की मृदुला प्रथम

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। पीएम श्री आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय आपदा दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा भूकंप से बचने के लिए मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही पेंटिंग, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध, और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नारा लेखन में कल्पना चावला सदन की मृदुला ने प्रथम और रानी लक्ष्मीबाई सदन की श्रेया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में लक्ष्मीबाई सदन की कनिका धरवाल प्रथम और कल्पना चावला सदन की रिद्धिमा दूसरे स्थान पर रहीं। निबंध लेखन में सरोजिनी नायडू सदन की कनिका ठाकुर ने प्रथम और लक्ष्मीबाई सदन की पलवी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

कन्या विद्यालय की आंचल ने झटका पहला स्थान

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी की छात्रा आंचल ने इंडिया टैलेंट हंट में पहला स्थान प्राप्त किया है। उपयोगिता में विकसित भारत विषय पर आंचल ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता पंजाब के संगरूर में आयोजित की गई थी। प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने आंचल की इस उपलब्धि पर सभी बच्चों को सीख लेने का आवाहन किया। उन्होंने आंचल के परिजनों व सभी अध्यापकों को बधाई दी।

मॉकड्रिल से बच्चों को बताएं आपदा बचाव के तरीके

अनंत ज्ञान, पधर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में भूकंप, आगजनी की स्थिति में आपदा की दृष्टि से पूर्वाभ्यास किया गया। इस पूर्वाभ्यास में अग्निशमन, पुलिस विभाग, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस मॉकड्रिल के दौरान भूकंप की स्थिति में इमारत के भीतर फंसे लोगों का होमगार्ड व अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने सफल रेस्क्यू किया। साथ ही प्रभावित स्कूल के छात्रों को मौके पर ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सकों एवं अन्य पैरा मेडिकल स्टॉफ ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इस मौके पर एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि इस मॉक ड्रिल को आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य किसी आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर पूर्वाभ्यास करना था।

नुक्कड़ नाटक से एड्स के खिलाफ किया जागरूक

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी हिमाचल प्रदेश व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज लडभड़ोल व चौंतड़ा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी/एड्स बारे लोगों को जागरूक किया गया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से अनुमोदित बाबा कमलाहिया सांस्कृतिक कला मंच धर्मपुर के कलाकारों ने गीत, संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स संक्रमण व रोकथाम के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पुलिस पेंशनर्स के चिकित्सा बिल के भुगतान की मांग

अनंत ज्ञान, मंडी। पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मंडी जिला इकाई की बैठक प्रधान परमानंद शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) दिनेश कुमार मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस पेंशनरों के लिए एसओपी जारी करने हेतु पुलिस महानिदेशक का आभार जताते हुए लंबित चिकित्सा भत्तों की शीघ्र अदायगी करने की मांग की गई। इस मौके पर मंडी जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें प्रधान परमानंद शर्मा, महासचिव कृष्ण चंद ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान दयानंद शर्मा, उप प्रधान राजमल राणा, शिव सिंह गुलेरिया व वीर सिंह गुमर, प्रेस सचिव नारायण कटोच, संगठन सचिव रमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष गोविंद राम, सलाहकार करमचंद शर्मा, महेश शर्मा, मस्तराम ठाकुर व लाल सिंह गोयल बनाए। इसके अलावा प्रीथी सिंह शर्मा, हेम सिंह शर्मा, देवानंद गुलेरिया और नेत्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

एक्स सर्विस मैन लीग ने मनाया स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, नेरचौक। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग हिमाचल प्रदेश की बल्ह इकाई ने अपना सातवां स्थापना दिवस डडौर में अध्यक्ष कैप्टन महेन्द्र सिंह राणा की अध्यक्षता में मनाया। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित लीग के जिला महासचिव कैप्टन हेतराम शर्मा को बल्ह लीग के अध्यक्ष कैप्टन महेंद्र सिंह राणा द्वारा टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बल्ह के पूर्व अध्यक्ष सुबेदार मेजर राजकुमार ठाकुर को बल्ह लीग के महासचिव कैप्टन मेघ सिंह चंदेल द्वारा सम्मानित किया गया।

मॉकड्रिल कर प्रशासन ने परखी आपदा प्रबंधन की तैयारी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में उपमंडल स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन कर आपदा प्रबंधन की अपनी तैयारी परखी गई।

मॉकड्रिल में भूकंप, आगजनी एवं भूस्खलन की स्थिति में आपदा की दृष्टि से पूर्वाभ्यास किया गया। इससे पूर्व भारतीय नौ सेना से सेवानिवृत्त मानद लेफ्टिनेंट राकेश डोगरा (विशिष्ट सेवा मेडल) ने आपदा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

एसडीएम स्वाति डोगरा ने बताया कि आपदाओं से प्रतीकात्मक नुकसान मानकर मॉक अभ्यास किया। भवन में फंसे पांच लोगों का सफल रेस्क्यू किया।

छात्रों ने की डिजास्टर मॉकड्रिल

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डिजास्टर मॉकड्रिल की गई, इसमें बच्चों को भूकंप के दौरान मुख्य इमारत से बाहर आने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर मंजू वालिया ने बताया कि आपातकाल की स्थितियां बिना पूर्व सूचना के आती है और यदि हम इसके लिए तैयार रहें तो नुकसान को कम किया जा सकता है।

आपदा को लेकर जागरूकता जरूरी

सुंदरनगर। लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह सुंदरनगर मे आगजनी पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम अमर नेगी ने कहा कि इस मॉकड्रिल का उद्देश्य आम जनता में आपदा के बारे में जागरूकता फैलाना है।

आग लगने पर बचाव संबंधी की मॉकड्रिल

गोहर। आईटीआई भवन चच्योट में आग से बचाव व राहत कार्य पर प्रशासन द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। काल्पनिक स्थिति के अनुसार सुबह 11 बजे आईटीआई चच्योट भवन में आग लगने की सूचना मिलने पर प्रशासन ने तेजी से अपना राहत कार्य शुरू किया। मॉकड्रिल व कार्यशाला के दौरान थाना प्रभारी गोहर लाल चंद ठाकुर, वाइस प्रिंसिपल सी एस राणा, गृह रक्षा गोहर कंपनी कमांडर रमेश सिंह, कानूनगो कृष्ण सिंह, इंस्ट्रक्टर धनेश्वर, रोशन लाल व अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी व छात्रगण उपस्थित रहे।

करसोग में आग में फंसे थे 5 लोग, रेस्क्यू टीम ने बचाया

करसोग। नगर पंचायत कार्यालय भवन करसोग में आयोजित की गई। कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार करसोग वरुण गुलाठी की अध्यक्षता में आगजनी की घटना घटित होने पर घटना स्थल पर फंसे 5 लोगों को सुरक्षित निकालने, उन्हें प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही राहत और बचाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार वरुण गुलाठी ने कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतू राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार आयोजित इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

गांव बनाई हार के लिए बस सेवा बंद, ग्रामीण परेशान

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

अनंत ज्ञान खास खबर

जोगिंद्रनगर में सोमवार को गांव बनाई हार के निवासियों को पिछले कुछ समय से यातायात की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां चलने वाली सरकारी बसें अब नियमित रूप से नहीं चल रही हैं, जिससे गांव के लोग परेशान हैं।

सबसे अधिक समस्या स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और रोजाना कामकाज के लिए जाने वाले यात्रियों को हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पहले इस रूट पर सरकारी बसे नियमित रूप से चलती थीं, जिससे आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। लेकिन अब बसें अनियमित हो गई हैं। कभी बसें चलती हैं तो कभी नहीं, जिससे लोगों को अपनी जरूरी कामों के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा, इस रूट पर कोई निजी बसें या अन्य परिवहन साधन भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

बच्चों की पढ़ाई पर असर

स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किल हो रही है। बस सेवा न होने के कारण उन्हें स्कूल जाने में कठिनाई हो रही है। कई बार बच्चों को पैदल स्कूल जाना पड़ता है या फिर उन्हें अपने अभिभावकों से महंगी निजी गाड़ियों का इंतजाम करना पड़ता है। इससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

लोगों ने प्रशासन से कई बार की शिकायत पर नहीं हुआ समाधान

गांव के लोगों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन से कई बार शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने अब प्रशासन से पुन: निवेदन किया है कि बनाई हार रूट पर या तो नियमित बस सेवा बहाल की जाए या फिर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकाला जाए, ताकि उन्हें और उनके बच्चों को राहत मिल सके।

बुजुर्गों और अन्य यात्रियों को हो रही परेशानी

बुजुर्ग और बीमार लोग, जिन्हें नियमित रूप से अस्पताल या अन्य जरूरी जगहों पर जाना होता है, वे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। अधिकतर लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए बस सेवा पर निर्भर हैं, लेकिन बसें न चलने के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

> जोगिंद्रनगर से बनाई हार को जाने वाली बस रूट को जल्द बहाल किया जाएगा।
> - नितिश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक

कबीरा खड़ा बाजार में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आगाज

अनंत ज्ञान, मंडी

नाटक का मंचन करते कलाकार।

हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान व रंगमंडल तथा समकालीन आकार थिएटर नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हर वर्ष की तरह राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन सतोहल में किया जा रहा है।

राष्ट्रीय महोत्सव की प्रथम संध्या पर मशहूर लेखक भीष्म साहनी कृत कबीरा खड़ा बाजार में नाटक का मंचन किया गया। जिसका निर्देशन सीमा शर्मा द्वारा किया गया।

यह नाटक मूलत: कबीर की एक मूल्यवान व्यक्तित्व को प्रस्तुत करने वाली बहुमंचित्त और चर्चित नाटककृति है। इसके साथ ही इसमें यह उजागर हुआ है कि कबीर की साहित्यिक सामाजिक जड़ता को तोड़ने का ही एक माध्यम थी, जिसके सहारे उन्होंने अनेक अनेक मोर्चे पर संघर्ष किया। कृति से गुजरते हुए पाठक कबीर के इस संघर्ष को उसकी तमाम तत्कालीन सामाजिकता के बावजूद समकालीन भारतीय समाज की विभिन्न विकृतियों से सहज ही जोड़ पाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश कपूर ने नाटक की सराहना की।

शिक्षा मंत्री 16 को धर्मपुर के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 16 अक्तूबर को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह 16 अक्तूबर को प्रात: 11 बजे धर्मपुर पहुंचेंगे तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह मे बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसके बाद शिक्षा मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे तथा जनसमस्याओं को भी सुनेंगे।

सीएम के संभावित दौरे पर विभागों को निर्देश जारी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

बैठक में चर्चा करते एसडीएम जोगिंद्रनगर और अन्य अधिकारी।

मुख्यमंत्री सुक्खू के 17 अक्तूबर को संभावित जोगिंद्रनगर प्रवास को लेकर आज लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह परिसर जोगिंद्रनगर में विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

एसडीएम ने मुख्यमंत्री के आगामी 17 अक्तूबर को प्रस्तावित जोगिंद्रनगर प्रवास को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री का विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने के साथ-साथ जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम संभावित है। ऐसे में सभी विभागीय अधिकारियों से मुख्यमंत्री के संभावित जोगिंद्रनगर प्रवास को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का पहला प्रवास कार्यक्रम रहेगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत के लिए समयबद्ध तैयारियां करने को भी कहा। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

इस संबंध में भी सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सभी तैयारियों को समयबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं।

मंडी शहर में केवल छोटा पड्डल मैदान में होगी पटाखों की बिक्री

अनंत ज्ञान, मंडी

जिला मजिस्ट्रेट मंडी अपूर्व देवगन ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए आदेश जारी कर मंडी शहर में छोटा पड्डल मैदान में आवंटित स्थान को छोड़कर किसी भी अन्य स्थान पर पटाखों की बिक्री या भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 15 अक्तूबर से एक नवम्बर तक प्रभावी रहेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि दिवाली के त्यौहार के दौरान पटाखों की दुकानों में आग लगने जैसी घटनाओं की संभावना को न्यून करने तथा मंडी बाजार में भीड़ होने के कारण लोगों की सुरक्षा, संपति की सुरक्षा को देखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। मंडी शहर में सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री केवल छोटा पड्डल मैदान में ही करने की अनुमति है। इसके अतिरिक्त शहर में किसी अन्य स्थान पर किसी भी प्रकार के पटाखे बेचने पर पूर्ण रूप प्रतिबंध रहेगा।

अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह भी आदेश जारी किए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति वैध लाइसेंस के बिना आतिशबाजी और पटाखे की बिक्री नहीं करेगा। इन आदेशों को लागू करने के लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त मंडी और एसडीएम सदर को जरूरी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान बिजली बंद

मंडी। विद्युत उपमंडल मंडी नंबर-3 के सहायक अभियंता ई. होशियार सिंह ने बताया कि 11 केवी द्रंग-धनोग एचटी विद्युत लाइन की पुरानी तारो को नई खबरों से बदलने का कार्य किया जा रहा है।

यह कार्य मेगल से शुरू हो चुका है। इसके अंतर्गत आने वाले कुछ क्षेत्र बिजनी, मैगल, टांडू, मेहड़, पाखरी, 9 मील, द्रंग, मसेरन, चनालड़ी व उसके आस-पास क्षेत्रों के विद्युत आपूर्ति कुछ दिनों तक थोडे थोड़े समय के लिए बंद रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं सहयोग की अपील की है।

पांगणा की लीना शर्मा को सम्मानित करेगा दिल्ली में डीडी किसान

अनंत ज्ञान, करसोग

गांव पज्याणु पांगणा जिला मंडी की लीना शर्मा को दिल्ली में आयोजित डीडी किसान में लगातार दूसरी बार सम्मानित किया जाना गर्व का विषय है। वहीं 15 अक्तूबर को डीडी किसान के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरना पांगणा की लीना शर्मा को दिल्ली में डीडी किसान सम्मानित करेगा।

वहीं हिमाचल से प्राकृतिक खेती में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी लीना शर्मा को इस असाधारण कार्य के लिए पहले भी सम्मानित किया जा चुका है। देशभर के से 9 ऐसी महिलाओं को चुना गया, जिसमें हिमाचल से एकमात्र महिला लीना शर्मा को प्राकृतिक खेती के लिए मिलना गर्व का विषय है।

भारत के विभिन्न राज्यों से आईं महिला किसानों ने भाग लिया लीना शर्मा ने दूरदर्शन के स्टूडियो में मंडयाली गाना पैहर सवेला रिए गई री नी बहुए गाना गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। लीना ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से मुझे लगातार दूसरी बार महिला किसान दिवस पर चुना जाना गर्व की बात है।

टीबी उन्मूलन के प्रति किया जागरूक

पधर। खंड चिकित्सा अधिकारी पधर संजय गुप्ता ने बताया कि टीआईएफए- (जेएचपीईगो) के तहत को टीबी से जल्द निदान पाने के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. श्रेयाशी और मेडिकल ऑफिसर डॉ. नितीश ने टीबी के जल्द निदान के बारे में आयुष विभाग के पब्लिक एवं रूरल हेल्थ और दवा विक्रेताओं को उनके योगदान के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को कफ सिरप दिया जाता है, उनकी समय पर टीबी के लिये जांच की जाए ताकि उनका इलाज समय पर किया जा सके।

आपदा प्रबंधन प्लान पर कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान, मंडी

कार्यशाला दौरान उपायुक्त मंडी एवं अन्य अधिकारी।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय अस्पताल सुरक्षा व अस्पताल आपदा प्रबंधन प्लान कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला का आयोजन गैर सरकारी संस्था बाल रक्षा भारत और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य, आयुष और पशुपालन विभाग के 40 चिकित्सक से अधिक चिकित्सक भाग ले रहे हैं।

इस तीन दिवसीय कार्यशाला में चिकित्सकों को स्वास्थ्य सुविधाओं पर आपदाओं के प्रभाव की जानकारी, आपदा प्रतिक्रिया में अस्पतालों की भूमिका तथा आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया में सुधार के लिए रणनीति विकसित की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं पर आपदा के प्रभाव को कम करने के लिए बहुआयामी योजना आवश्यक होती है।

बाल रक्षा सहयोग की प्रतिनिधि डॉ. तन्वी ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य फोकस यह है कि स्वास्थ्य सुविधाओं को कैसे तैयार किया जाए कि आपदा के समय लोगों की सहायता के लिए त्वरित प्रतिक्रिया हो। संस्था के प्रतिनिधि मोहम्मद आसिफ और सुनील कुमार ने बच्चों के स्वास्थ्य पर आपदाओं का प्रभाव बारे विस्तृत जानकारी दी।

सम्मान इंटैक ने राजा की पांचवीं पीढ़ी को दिया अवार्ड, राजा की दूरदर्शी सोच का किया बखान

महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भूतपूर्व शासक राजा विजय सेन सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राजकुमारी को सम्मानित करते मुख्यातिथि व अन्य, अनिल शर्मा को सम्मानित करते।

भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक के मंडी चैप्टर ने मंडी के धरोहर भवनों और अन्य संस्थानों की स्थापना के 158 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता मंडी नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने की। मंडी राज्य के प्रगतिशील जन कल्याणकारी मंडी राज्य के भूतपूर्व शासक राजा विजय सेन के जन्म दिवस पर उनकी दूरदर्शी सोच पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। 1866 में बना बिजय हाई स्कूल, 1877 में निर्मित व्यास नदी पर विक्टोरिया पुल, मंडी का नागरिक अस्पताल, डाकघर, मुख्य स्थान से जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण राजा विजय सेन सार्वजनिक कल्याण की दिशा में उनके लोक कल्याण के दृष्टिकोण का प्रतीक है। लोगों के कल्याण के प्रति उनकी भावनाओं और मंडी को प्रदान की गई ऐतिहासिक धरोहरों के लिए इंटैक के मंडी चैप्टर ने उन्हें सम्मानित किया। राजा विजय सेन के सम्मान में दी गई ट्रॉफी उनकी पांचवीं पीढ़ी के वंशज राजकुमारी सिद्धेश्वरी और राजा उमेश्वर सिंह की ट्रॉफी व उपहार उनके अनुपस्थिति में उनकी बहन सिद्धेश्वरी ने प्राप्त की।

दिल्ली से मिला अवार्ड

भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर को बेस्ट चैप्टर देने का अवार्ड दिल्ली मुख्यालय से प्राप्त हुआ था, जिस अवार्ड को नगर निगम के महापौर के द्वारा भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के संयोजक नरेश मल्होत्रा तथा सह संयोजक अनिल शर्मा को दिया गया।

अनिल भी किए सम्मानित

भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर द्वारा अनिल शर्मा प्रधान विजय स्कूल ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन को उनके द्वारा स्कूल भवन को बचाने के लिए किए गए कार्य के लिए संयोजक नरेश मल्होत्रा व कमलकांत शर्मा ने सम्मानित किया गया तथा महापौर वीरेंद्र भट्ट द्वारा मंडी चैप्टर द्वारा दी गई ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के संयोजक नरेश मल्होत्रा, सह संयोजक अनिल शर्मा, कमलकांत शर्मा, अजय सहगल, राजीव कुमार दिनेश बिष्ट, निशी कपूर इंदु शर्मा तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कृषि वैज्ञानिकों ने किया बिंगा के कचालुओं पर शोध

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर खंड के गांव बिंगा में एक विशेष किस्म के कचालू उगाए जाते हैं जिन्हें स्थानीय किसान सौ साल से भी ज्यादा समय से उगा रहे हैं और ये विशेष किस्म के हैं जो किसी अन्य जगह पर नहीं होते हैं।

एफपीओ धर्मपुर ने इस विशेष किस्म पर शोध करने और इसे रजिस्टर्ड करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर को प्रस्ताव भेजा था।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. पंकज सूद की अगुवाई में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के डॉक्टर रविंदर और डॉ. निमित केतीन सदस्यीय दल ने बिंगा गांव में जाकर कचालुओं के सैंपल एकत्रित कर रिसर्च शुरू कर दी है। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल उपाध्यक्ष रणताज राणा सचिव भूपेंद्र सिंह, हरिचंद, सुखराम आदि ने बताया कि धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत व गांव बिंगा में पिछले सौ साल से उगाए जा रहे कचालू (गंढयाली) की किस्म एक विशेष प्रकार की है जो दूसरे किसी स्थान पर नहीं है।

जिसके चलते इस गांव के साठ से अधिक परिवार हर साल आठ से दस टन कचालू की पैदावार करते हैं और दस से पंद्रह लाख से भी अधिक की गंढयाली बिक्री करते हैं और अपने उपभोग के लिए भी इस्तेमाल करते हैं।

मंडी प्रेस क्लब ने सीएम को भेजा ज्ञापन

मंडी। हरियाणा चुनाव परिणाम के विश्लेषण को लेकर धर्मशाला से चलने वाले एक वेब पोर्टल में 8 अक्तूबर को प्रकाशित समाचार को लेकर केस दर्ज करने के विरोध में पत्रकारों के विभिन्न संगठनों की ओर से प्रेस क्लब मंडी द्वारा उपायुक्त मंडी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा ने कहा कि ऐसा करना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने आग्रह है किया है कि इस मुकदमे को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए ताकि सरकार व मीडिया के बीच आपसी संबंध मधुर बने रहें।

न्यूज ब्रीफ

छात्रों ने पुलिस थाना बंगाणा का किया शैक्षणिक भ्रमण

अनंत ज्ञान, बंगाणा। बच्चों को नशे इत्यादि कुरीतियों से दूर रहना चाहिए और समाज कल्याण और उत्थान के लिए परिपक्व बनाना चाहिए क्योंकि यही कल का भविष्य है। यह बात थाना प्रभारी बंगाणा रोहित कुमार ने हमीरपुर जिले के ग्यारहग्रां वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन कही।

धमांदरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमांदरी में अंडर 14 जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उपशिक्षा निदेशक एलिमेंट्री ऊना सोमालाल धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रशासन द्वारा उपशिक्षा निदेशक को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने बच्चों को खेल को खेल की भावना से खेलने के आह्वान किया तथा पर्यावरण को साफ-सुथरा कैसे रखना है, की जानकारी दी गई। हर बच्चे को एक सप्ताह में कम से कम दो पेड़ लगाने का भी आग्रह किया। बच्चों ने मार्चपास्ट किया और मुख्यातिथि ने इसकी सलामी ली। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन गुप्ता ने मुख्य अतिथि को जिले से आए बच्चों का हर प्रकार से ध्यान रखने का आश्वासन दिया। जिले के कुल 70 बच्चे इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं, जिसके लिए 18 पीटीआई तथा अन्य ऑफिशिएलों को नियुक्त किया गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि पहले दो दिन लड़कों की तथा उससे अगले दो दिन लड़कियों की प्रतियोगिताएं होंगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोहर लाल, विकास देव, सतीश ठाकुर, दिनेश कौंडल आदि उपस्थित रहे। आज हुई प्रतियोगिताओं में शॉटपुट में सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबेहड़ा प्रथम, जखेड़ा द्वितीय तथा नंगड़ा तीसरे स्थान पर रहा। चैस में पहले स्थान पर, नंगड़ा दूसरे पर और तनोह तीसरे पर छतरपुर रहा। दौड़ में पहले स्थान पर भैरा, दूसरे पर भद्रकाली और तीसरे स्थान पर स्कॉलर यूनिफाइड स्कूल ऊना की टीम रही।

बढ़ेड़ा स्कूल में स्वच्छ जल के बारे में जानकारी दी

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़ेड़ा हरोली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर में कैडेट्स को स्वच्छ जल जांच की विधि बताई गई। जल शक्ति मंडल हरोली की को ऑर्डिनेटर पूनम सैनी ने छात्रों को इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने शुद्ध और प्रदूषित जल को जांचने की विधि के बारे जानकारी दी। इस कार्यक्रम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभा कुमारी, प्रोग्राम ऑफिसर, राजेंद्र कुमार, रुचिका शर्मा, प्रवक्ता आशा देवी, कमलेश कुमारी, संजीव कुमार, विक्रम सिंह तथा एसएमसी प्रधान आदि शामिल रहे।

एडीसी ने विश्व मानक दिवस पर दिलाई शपथ

अनंत ज्ञान, ऊना। विश्व मानक दिवस के अवसर पर सोमवार को मिनी सचिवालय ऊना में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के मानकों की अनुपालना करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीसी ने मानकीकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मानकीकरण की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

11 दिवसीय रामलीला हर्षोल्लास से संपन्न

अनंत ज्ञान, गगरेट। श्री रामलीला कमेटी गगरेट द्वारा आयोजित 11 दिवसीय रामलीला का समापन भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ हुआ। आर्मी ग्राउंड में आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने हजारों श्रद्धालुओं और दर्शकों को आकर्षित किया। अंतिम दिवस पर राम राज्याभिषेक की भव्य लीला और रासलीला का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। समारोह के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति विश्वजीत सिंह पटियाल, पूर्व उद्योग मंत्री कुलदीप कुमार, पूर्व जिला परिषद लक्ष्मी जरियाल उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान राम की आरती की और अपनी आस्था प्रकट की। इस मौके पर रामलीला कमेटी ने उन्हें भगवान राम का दिव्य स्वरूप और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बच्चों और कलाकारों ने रासलीला के अंतर्गत अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

'सुरक्षित निर्माण मॉडल' में जिला प्रथम

सीएम ने 10,000 रुपए, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना/शिमला

ऊना जिला 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अव्वल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 'समर्थ-2024' के उपलक्ष्य पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में ऊना जिले के हरोली उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगड़ की छात्रा चाहत और छात्र राजवीर को 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10,000 रुपए नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यह समारोह सोमवार को गेयटी थिएटर, रिज मैदान, शिमला में आयोजित किया गया।

कांगड़ स्कूल के चाहत और राजवीर को सम्मानित करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

चाहत नवीं कक्षा और राजवीर सातवीं कक्षा के छात्र हैं। पुरस्कृत 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' को दोनों ने मिलकर तैयार किया था। उल्लेखनीय है कि समर्थ-2024 अभियान के तहत आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के शिक्षण संस्थानों में स्कूली और कॉलेज वर्ग में जूनियर और सीनियर श्रेणियों में 'सुरक्षित निर्माण मॉडल' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मॉडल का चयन कर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 7 अक्तूबर को सेंटर फॉर साइंस लर्निंग एंड क्रिएटिविटी, साइंस म्यूजियम, शोघी में हुई, जिसमें सभी 12 जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कांगड़ स्कूल की चाहत और राजवीर ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चंबा की टीम ने द्वितीय और कुल्लू के दल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

विजेता टीमों को क्रमश: 10,000 रुपये, 7,500 रुपए और 5,000 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।जिला नोडल अधिकारी (इम्पायर) पुष्पा रानी इस प्रतियोगिता में टीम ऊना के साथ रहीं। कांगड़ स्कूल की प्राचार्य स्नेह लता, विज्ञान अध्यापिका मीना राणा, और स्कूल स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सभी के लिए गर्व का विषय बताया। उपायुक्त जतिन लाल ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इन युवा प्रतिभाओं ने न केवल अपने स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे जिले को प्रेरित किया है। यह सफलता दर्शाती है कि युवा सोच और रचनात्मकता किस प्रकार हमारी सामाजिक सुरक्षा में योगदान करने के साथ ही समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

धमांदरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

विवेक शर्मा, अंब। सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग के निदेशालय महिला एवं बाल विकास परियोजना अंब के अंतर्गत वृत्त भैरा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुसाड़ा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैंप का आयोजन प्रिंसिपल विजय कुमारी की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा सलोगन लेखन व चार्ट प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वृत्त पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे जानकारी देते हुए कहा कि बेटी पढ़ेगी, तभी तो आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मैडम कंचन लता, सुनीता जसवाल, सर्वजोत स्कूल के बच्चे व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुकेश आज हरोली विस में करेंगे करोड़ों के लोकार्पण व शिलान्यास

अनंत ज्ञान, ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 15 अक्तूबर को ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की विकासात्मक योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री आज प्रातः 11 बजे ऊना पहुंचेंगे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) ऊना में लड़कों की अंडर 19 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। उसके उपरांत वह दोपहर एक बजे हरोली में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के नए विद्युत मंडल एक्सईएन ऑफिस का लोकार्पण करेंगे। उपमुख्यमंत्री दोहपर 2.15 बजे हरोली में पंजावर-बाथड़ी लिंक रोड पर हरोली खड्ड पर बनने वाले 38 मीटर लंबे सिंगल स्पैन पुल का भूमि पूजन करेंगे। वह दोपहर 2.45 बजे चंदपुर में पंजावर-बथरी रोड़ की चंदपुर खड्ड पर 34.55 मीटर लंबे आरसीसी ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा वे सायं 3 बजे चंदपुर में पंजावर-बाथड़ी से नंगल खुर्द-चंदपुर लिंक रोड पर चंदपुर खड्ड पर बनने वाले पुल का भूमि पूजन करेंगे।

केंद्रीय सरकारी कंपनियों के निजीकरण पर जनता ने लगाई लगाम : जगत राम

अनंत ज्ञान, ऊना। राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत शर्मा कहा कि वित्त वर्ष 2021-2022 के बजट में केंद्रीय सार्वजनिक कंपनियों का (सीपीएसयू) के विनिवेश और उनके निजीकरण को लेकर योजनाएं बनाई थी। कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का निजीकरण भी कर दिया। वर्तमान में निजीकरण पर अंकुश लगा है इसके पीछे सरकार में भाजपा को जनता द्वारा दिया गया झटका कारण है। भाजपा के मजदूर कर्मचारी किसान विरोधी आर्थिक सम्प्रदायक पूंजीवादी नीतियों का कांग्रेस पार्टी विशेष तौर पर राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन भी विरोध करता है, इसका परिणाम यह निकला कि लोकसभा चुनावों में भाजपा को अकेले बहुमत से हाथ धोना पड़ा।

सिविल अस्पताल गगरेट बना रेफरल हॉस्पिटल

अनंत ज्ञान, गगरेट

बच्चे के नाक में फंसे बटन के छोटे से केस को भी किया ऊना रेफर

सिविल अस्पताल गगरेट इस कद्र रेफरल इकाई बना है कि अब तो लोगों को उपचार के लिए यहां आना ही बेकार लगने लगा है। सोमवार को एक बच्चे ने खेलते-खेलते अपनी नाक में बटन फंसा लिया। परिजन तत्काल उसे सिविल अस्पताल गगरेट ले आए, लेकिन यहां आते ही डॉक्टर ने उन्हें बच्चे को होशियारपुर या फिर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाने की सलाह दे दी।

इसी बीच परिजन बच्चे को गगरेट में एक निजी क्लीनिक पर ले गए, जहां डाक्टर ने प्लकर की मदद से बच्चे के नाक में फंसा बटन बाहर निकाल दिया। ऐसे में सवाल यह है कि क्या सिविल अस्पताल गगरेट रेफरल इकाई से बढ़कर लोगों के लिए कुछ भी नहीं है। हाल ही में स्वास्थ्य खंड गगरेट के हुए आडिट में भी कई खामियां उजागर की गई थीं। आडिट में इनडोर पेशेंट की कम संख्या को भी उजागर किया गया था। यह सवाल भी उठाया गया था कि यहां आने वाले अधिकांश मरीज रेफर ही किए जा रहे हैं। अब ताजा उदाहरण सोमवार को पेश हो गया।

ग्राम पंचायत अप्पर गगरेट के चार वर्षीय कृषव पुत्र संदीप शर्मा ने खेलते-खेलते नाक में बटन घुसा लिया। इस बात का पता चलते ही उसके परिजन उसे तत्काल सिविल अस्पताल गगरेट लेकर पहुंचे और डॉक्टर को बच्चे द्वारा नाक में बटन फंसा लेने की बात बताई। इस पर डॉक्टर ने उन्हें बच्चे को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना या फिर होशियारपुर ले जाने की सलाह दी। घबराए परिजन बच्चे को एक स्थानीय निजी क्लीनिक में ले गए, जहां डॉक्टर ने बच्चे की जांच की और प्लकर के जरिए बटन को कुछ ही देर में बाहर निकाल दिया।

अगर इन छोटी-छोटी चीजों के लिए भी स्थानीय जनता को क्षेत्रीय अस्पताल या फिर होशियारपुर के निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर ही निर्भर रहना पड़े तो फिर सिविल अस्पताल गगरेट की जरूरत ही क्या है। आखिर क्या वजह है कि सिविल अस्पताल गगरेट की व्यवस्थाएं सुधरने का नाम ही नहीं ले रही हैं। उधर, बीएमओ डा. पंकज पराशर का कहना है कि उनके संज्ञान में मामला नहीं है।

मेहनत कभी भी बेकार नहीं जाती है : अश्विनी

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकी मनियार में ब्लॉक बाल मेला का सफल आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गतिविधियों में लगभग चार क्लस्टर की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं ने भाग लिया। इसमें रंगोली ,साइंस प्रोजेक्ट, ग्रुप सॉन्ग व स्किट का आयोजन किया गया। विभिन्न गतिविधियों में विजेता रहे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलोला ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। इस तरह आज के ब्लॉक बाल मेला में तीन गतिविधियों में प्रथम स्थान लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलोला ने अपना हक जमाया। प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा की कड़ी मेहनत कभी भी बेकार नहीं जाती है।

अभिकर्ताओं को दी नए नियमों की जानकारी

अनंत ज्ञान, ऊना। एलआईसी प्रबंधन द्वारा एलआईसी अभिकर्ताओं के ऊपर थोपे गए नए नियमों के विरोध करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम की ऊना शाखा के अभिकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन कर बदलाव हुए इन नए नियमों के विरोध में एलआईसी की ऊना शाखा के शाखा प्रबंधक एसएस चौधरी के जरिए एलआईसी के सीईओ सिद्धार्थ मोहंती को सोमवार को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। इसमें अभिकर्ताओं ने इन नए नियमों, जिसमें कमीशन में कमी करना, क्ला बैक क्लोज लागू करना ,न्यूनतम बीमा 2 लाख से शुरू होना व अन्य नियमों में किए गए बदलाव के विरोध में रोष प्रकट किया है। एलआईसी की ऊना शाखा के लियाफी के प्रधान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस ज्ञापन में अभिकर्ताओं के ऊपर थोपे गए नए नियम अभिकर्ताओं को कदापि मंजूर नहीं है। इसके विरोध में अभिकर्ताओं का संघर्ष प्रबंधन द्वारा मांगे न मानी जाने पर आगे तक जारी रहेगा।

वॉलीबाल में दबदबा कायम रखने के लिए बंगाणा कॉलेज की छात्रा खिलाड़ी रवाना

अनंत ज्ञान, बंगाणा

बंगाणा महाविद्यालय की वॉलीबॉल की टीम।

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज वॉलीबाल महिला चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस अवसर पर खेल विभाग के प्रभारी प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज वॉलीबाल महिला चैंपियनशिप के लिए टीम आज राजकीय महाविद्यालय भोरंज के लिए रवाना हुई।

उन्होंने कहा कि टीम चयन के लिए एक विशेष चयन प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को विशेष अवसर दिया गया है। आपको बता दें कि पिछले हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वॉलीबाल चैंपियनशिप में महाविद्यालय बंगाणा के वॉलीबाल टीम ने पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और इस क्षेत्र का नाम रोशन किया था।

निश्चित तौर पर यह छात्र राजकीय भोरंज कॉलेज हमीरपुर में होने वाली हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखेंगे। इस अवसर पर खेल विभाग के कमेटी मेंबर प्रो. कृष्ण चंद, डॉ. कुलदीप सिंह, प्रोफेसर कमलेश, स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी और टीम मैनेजर प्रोफेसर मुकेश मौजूद रहे।

टकारला स्कूल में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया

अनंत ज्ञान, ऊना। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टकारला में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया गया। विभाग के निर्देशानुसार हर दिवस विद्यालय में प्रेक्टिकल रूप में मनाया जाता है। आज सुबह ही प्रार्थना सभा के बाद आपदा से निपटने के उपाय तथा उसे बचाव कैसे करना है, बच्चों को मॉकड्रिल के माध्यम से समझकर उनसे अभ्यास भी करवाया। अग्निशमन यंत्रों के उपयोग तथा उन्हें प्रयोग करके आग बुझाने का ढंग भी बच्चों को मॉकड्रिल के माध्यम से करवाया गया।

भूकंप आदि आने पर जख्मी व्यक्ति को एक या दो व्यक्तियों ने कैसे प्राथमिक चिकित्सा के लिए ले जाना है, सभी तरीके शुरू से लेकर अंत तक करवाए गए। प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने अग्निशमन केंद्र के कर्मचारियों और अधिकारियों का बच्चों को जागरूक करने के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मनीष कुमार तथा स्टाफ के अन्य सदस्य तथा विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

AJAY HEALTHCARE
Your health is our top priority. We are dedicated to providing a wide range of medicines, surgical solutions, and medical equipment at affordable prices with
GUARANTEED DISCOUNTS
OUR SERVICES
Home delivery for orders above Rs500 with no extra delivery charges within 5 kilometers
Free BP, Sugar Oxygen Pulse and body weight checks
24x7 Availability for your convenience
Additionally, we offer *Physiotherapy Services * for your recovery needs.
Flexible Payment Options (online or cash on delivery)
Ajay Healthcare Team
L.G. Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road
Una (H.P.) - 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com
+91 7087432364+918699005364

सुरक्षा मिनी सचिवालय ऊना में आग लगने की दुर्घटना पर मॉकड्रिल का आयोजन कर फैलाई जागरूकता

आपदाओं के दौरान तैयारियों का किया आकलन, बढ़ाई जनजागरूकता

अनंत ज्ञान, ऊना

अंतरराष्ट्रीय जोखिम न्यूनीकरण दिवस और समर्थ-2024 अभियान के तहत सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा मिनी सचिवालय में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर की देखरेख में आयोजित इस मॉकड्रिल में मिनी सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह मॉकड्रिल आग जैसी आपदाओं के दौरान सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने और जन-जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित थी, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में जानमाल की सुरक्षा प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जा सके।

महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन के प्रति तैयारियों का मूल्यांकन करना और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यासों से न केवल अधिकारी और कर्मचारी बल्कि आम जनता भी आपातकालीन स्थितियों में सतर्क और तैयार रहती है, जिससे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। इस मॉकड्रिल में कमांडेंट होम गार्ड मेजर विकास सकलानी, एएसपी संजीव भाटिया, बटालियन प्रशासनिक अधिकारी धीरज शर्मा, डीडीएमए की समन्वयक सुमन चहल, एसएफओ सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ऊना में मॉकड्रिल करते होमगार्ड के जवान और अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

यह था मॉकड्रिल का परिदृश्य

मॉकड्रिल के तहत प्रात: 11 बजे मिनी सचिवालय की तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने का परिदृश्य तैयार किया गया। जैसे ही आपातकालीन सायरन बजा, अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित सुरक्षित मार्गों से तुरंत बाहर निकले। सचिवालय में उपस्थित आम जनता ने भी धैर्यपूर्वक इस प्रक्रिया का पालन किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की अफरा-तफरी न हो। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र ऊना से सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। साथ ही, होमगार्ड के कर्मचारी खोज एवं बचाव कार्य में जुट गए। इस मॉकड्रिल के दौरान सांकेतिक तौर पर घायल हुए चार व्यक्तियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया।

बंगाणा में मॉकड्रिल का सफल आयोजन

राजेश ठाकुर, बंगाणा। मिनी सचिवालय बंगाणा में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें एक काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें सचिवालय के एक कमरे में आग लगने की सूचना मिली और कुछ कर्मचारी अंदर फंसे हुए थे। आग पर काबू पाने और कर्मचारियों को बचाने की प्रक्रिया सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची। पेशेवर तरीके से अग्निशामक दल ने आग बुझाने की प्रक्रिया को अंजाम दिया और फंसे हुए कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया। इस प्रक्रिया में चार कर्मचारी गंभीर रूप से घायल पाए गए, जिन्हें स्ट्रेचर और रस्सियों की मदद से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया तथा उन्हे बाद मे एंबुलेंस के माध्यम से बंगाणा सिविल अस्पताल भेजा गया। जिन लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई थीं, उन्हें डॉक्टर द्वारा मौके पर ही उपचार दिया गया। इस मॉकड्रिल में उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल, सब फायर ऑफिसर मदनलाल, लीडिंग फायर मेन कुलदीप कुमार व मनजीत सिंह और मिनी सचिवालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह अभ्यास विभाग की तत्परता और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की उनकी क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

अग्निशमन विभाग के दल द्वारा बंगाणा में मॉकड्रिल के दौरान कर्मचारी।

कुल्लू की धरा पर देश-विदेश की संस्कृति के हुए दर्शन

रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर निकले देशी-विदेशी कलाकारों की प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र, उपमुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर कल्चरल परेड को किया रवाना

दशहरा उत्सव के दौरान देवी-देवताओं के अस्थायी शिविर में आशीर्वाद लेते हुए श्रद्धालु।

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की दूसरी संध्या में आयोजित सांस्कृतिक परेड में अपनी-अपनी संस्कृति से रू-ब-रू करवाते हुए देश-विदेश के कलाकार।

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने पहुंचे देवता अपने अस्थायी शिविर में।

कमलेश वर्मा, कुल्लू

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दूसरे दिन कुल्लू की सुंदर धरा पर देश सहित विदेशी संस्कृति के दर्शन हुए।

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में इस बार भी सांस्कृतिक परेड का आयोजन किया गया। कुल्लू के ढालपुर स्थित माल रोड से लेकर कॉलेज गेट होते हुए वापस रथ मैदान में जाकर समाप्त हुई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ढालपुर से इस सांस्कृतिक परेड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रंग-बिरंगे परिधानों में सजे देश सहित विदेशी कलाकारों की प्रस्तुति देखने के लिए, जहां चारों ओर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र थी। वहीं, सभी के लिए इन कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। देश-विदेश के इन कुल 26 दलों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देख लोग दंग रह गए। इस सांस्कृतिक परेड में 17 देशों के अलावा चार राज्यों व छह जिलों के कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति दी। इस मौके पर कजाकिस्तान के कलाकारों की ओर से लोटस परिधान पहनकर जो प्रस्तुति दी गई, वह सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा अन्य विदेशी व देश के विभिन्न राज्यों की ओर से भी अपनी-अपनी संस्कृति की झलक से लोगों को परिचित करवाया गया। पिछले वर्ष दशहरा उत्सव में सरकार व जिला प्रशासन और खासकर सीपीएस के प्रयासों से दशहरा उत्सव को एक वैश्विक पहचान देने के उद्देश्य से कुछ नया करने के उद्देश्य से जहां सांस्कृतिक परेड आयोजित की गई थी। वहीं, इसी कड़ी में इस बार भी यह सांस्कृतिक परेड आयोजित हुई, जिसे देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह दिखा। लिहाजा, अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में जहां एक ओर जिलेभर के देवी-देवताओं के दर्शन हो रहे हैं। वहीं, दूसरी और कलाकेंद्र व प्रदर्शनी मैदान में कलाकारों की विभिन्न प्रस्तुतियां देखने को मिल रही हैं। इसी बीच उत्सव के दूसरे दिन आयोजित हुई इस सांस्कृतिक परेड में लोगों को सांस्कृतिक झलक का दीदार हुआ। (अनंत ज्ञान)

अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक परेड में भाग लेने वाले विदेशी व अन्य दल

इस कल्चरल परेड में 17 विदेशी दल, जिनमें बेलारूस, इंडोनेशिया, म्यामांर, कजाकिस्तान, यूएसए, ब्लोविया, ब्राजील, वेनेजुएला, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, थाइलैंड, बांग्लादेश, इजिप्ट, रशिया, गोहाना सहित भारत के चार राज्यों असम, राजस्थान, पंजाब व हरियाणा से आए सांस्कृतिक दल व हिमाचल से कुल्लू, मंडी, लाहौल-स्पीति, हमीरपुर व बिलासपुर सहित कुल देशी व विदेशी 26 दलों ने भाग लिया।

सीपीएस की सोच से मिला दशहरे को नया स्वरूप

सीपीएस एवं अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर की दशहरा उत्सव को एक अलग व नया स्वरूप देने के उद्देश्य से वर्ष-2023 व अब इस वर्ष एक बार फिर बहुत कुछ अलग करवाया जा रहा है, जो कि उत्सव में आने वाले लोगों के लिए आकर्षण बना है।

शान से निकली भगवान नरसिंह की भव्य जलेब, सात देवता हुए शामिल

अनंत ज्ञान, कुल्लू

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दूसरे दिन देवी-देवताओं की पुरातन संस्कृति का निर्वहन करते हुए सोमवार को भगवान नरसिंह की जलेब का आगाज हुआ।

जलेब में जहां हर साल पांच दिनों तक अलग-अलग घाटियों के देवी-देवता भाग लेते हैं। इसी कड़ी में पहले दिन महाराजा कोठी के सात देवी-देवताओं ने जलेब में भाग लिया। ढालपुर स्थित राजा की चणनी से जलेब की शुरूआत हुई और देवी-देवताओं के साथ भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह पालकी में सवार होकर निकले। जलेब में शामिल खासकर युवा देवलू वाद्ययंत्रों की ध्वनि के साथ नाचते-गाते हुए साथ-साथ चले। इस जलेब को राजा की जलेब भी कहा जाता है क्योंकि इस जलेब में कुल्लू के राजा परंपरा के अनुसार पालकी में सज-धज कर यात्रा करते हैं। इसी कड़ी में इस बार पांच दिनों तक निकलने वाली जलेब में पहले दिन सात देवताओं ने भाग लिया। लिहाजा, उत्सव के दूसरे दिन भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह इस विशेष प्रकार की पालकी में बैठकर परिक्रमा पर निकल पड़े हैं और यह जलेब पांच दिनों तक निकलेगी। जलेब में जहां सबसे आगे नरसिंह भगवान की घोड़ी सज-धज कर चली। वहीं, राजा की पालकी के साथ दोनों तरफ देवता के रथ चले।

कुल्लू दशहरा उत्सव के दूसरे दिन ढालपुर स्थित कॉलेज रोड से गुजरती हुई भगवान नरसिंह की भव्य जलेब।

जलेब से बनता है सुरक्षा घेरा

प्राचीन मान्यता के अनुसार शाही जलेब से एक तरह का सुरक्षा घेरा भगवान के आसपास बनाया जाता है, ताकि बुरी शक्तियां इस उत्सव स्थल से दूर रहें। यह जलेब भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार के अस्थायी शिविर से शुरू होकर रथ मैदान होते हुए वापस वहीं पहुंचती है।

भगवान नरसिंह की निकलती है जलेब

यह जलेब भगवान नरसिंह की मानी जाती है और राजा नरसिंह का प्रतिनिधि होने के नाते नरसिंह के रूप में इस पालकी में भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह हर साल विराजमान होते हैं। राजा की चनणी से लेकर रथ मैदान होते हुए यह जलेब ढोल-नगाड़ों की थाप पर परिक्रमा पर निकले लोग नाचते-गाते हुए वापस राजा की चनणी पहुंचते हैं।

ढालपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में भगवान का शृंगार करते हुए उनके मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह।

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने पहुंचे देवता देव मिलन करते हुए।

दशहरा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में असम के बिहू नृत्य ने मोहा सब का मन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड के पार्श्व गायक शाहिद माल्या ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। शाहिद माल्या ने अपनी प्रस्तुति में हिंदी और पंजाबी गीतों को गाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

शाहिद मालिया ने अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में पहली बार शरीक होकर अपनी पहली प्रस्तुति दी। उन्होंने मंच पर आते ही इक कुड़ी जिदा नां मोहब्बत है पंजाबी गीत पेश किया। उनके इस गीत पेश करते ही दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों ने सीटियां और तालियां बजाईं। इसके बाद उन्होंने हंजुआ दा दरिया, तेरे पीछे मैं मारिया, दिल बेकाबू कर गया रब्बा मैं तो मर गया के साथ-साथ दमा दम मस्त कलंदर अली दा पहला नंबर, किन्ना सोना तेनु रब ने बनाया सहित कई हिंदी और पंजाबी गीत पेश कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। पहली सांस्कृतिक संध्या में दर्शक दीर्घा की अगली पंक्ति में दर्शकों की कमी जरूर खली, लेकिन पिछली पंक्तियों में सभी ब्लॉक दर्शकों से पूरी तरह भर रहे और यहां मौजूद दर्शकों ने खूब मनोरंजन किया।

इस दौरान नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर पटियाला के कलाकारों ने असम का सबसे लोकप्रिय बिहू नृत्य पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान दर्शकों ने भी बिहू नृत्य को खूब सराहा, जबकि हिमाचली लोक कलाकार करतार कौशल ने हाय मेरीए धिंगा-धिंगाए, शुणे भीमा सराजनिएं गीत पेश कर दर्शकों को झुमाया।

पहली सांस्कृतिक संध्या के स्टार कलाकार शाहिद माल्या प्रस्तुति देते हुए (दाएं) असम के लोकप्रिय बिहू नृत्य पेश करते कलाकार।

इन कलाकारों ने भी दी अपनी प्रस्तुति

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या के दौरान कलाकार सुरेश कुमार, अर्पिता ठाकुर, चंपा, खेम सिंह, सुनैना पालसारा, अनुज शर्मा, श्रेया बागा, चमन लाल, दीपिका नेगी, पूजा, शुभम राणा, करतार कौशल, प्रकाश चौहान, पायल ठाकुर ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान शायना ठाकुर ने परंपरागत परिधानों में सजधकर फैशन शो किया। इसके अलावा नटराज डांस अकादमी ने नृत्य किया और दिनेश गुप्ता ने क्लासिकल नृत्य और पंजाबी नृत्य किया, जिसे दर्शकदीर्घा में बैठे दर्शकों ने खूब सराहा।

सलग्रां से उदयपुर आ रही बस की टूटी रॉड, यात्रियों में अफरा-तफरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

सलग्रां से उदयपुर आ रही बस की रॉड टूटी गई। रॉड टूटने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

चालक ने बस को नियंत्रित कर हादसा टाला। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। बस सलग्रां से उदयपुर की ओर आ रही थी और यह सुबह 7 बजे सलग्रां से उदयपुर के लिए रवाना हुई, जैसे ही बस सलग्रां गांव के आगे पहुंची, तो बस की लोहे की रॉड टूट गई। अचानक बस में दिक्कत होते ही सवारियों में हड़कंप मच गया। चालक विक्की ने बस को नियंत्रित कर हादसे को टाल दिया, अगर बस नियंत्रित नहीं होती तो चिनाब नदी में गिर सकती थी। लाहौल के ग्रामीण बताया कि बस के खराब होने से सवारियां सहम गईं। बस में यात्रा कर रहे राज कुमार और सुनील ने कहा कि एचआरटीसी केलांग डिपो की बसें आए दिन कहीं भी सड़क पर खराब हो रही हैं। एचआरटीसी केलांग बस अड्डा के प्रभारी रतन ने कहा कि बस में अचानक खराबी आ गई थी।

डॉ. पान को गुरुकुल सम्मान से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिंदी के चर्चित आलोचक व कवि डॉक्टर पान सिंह को कुल्लू में गुरुकुल बहुमुखी शिक्षा संस्था ने उनकी आलोचना की पुस्तक कविता का वर्तमान परिदृश्य के लिए गुरुकुल सम्मान से सम्मानित किया।

संस्था के अध्यक्ष गणेश भारद्वाज व महासचिव कैलाश गौतम ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर पान सिंह को सम्मानित किया। हिंदी विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर पान सिंह ने कविता और आलोचना की कई पुस्तकें लिखी हैं।

डॉक्टर पान सिंह को गुरुकुल सम्मान से सम्मानित करते हुए।

कई विद्यार्थियों ने इनके निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किए हैं। इस अवसर पर डॉक्टर पान सिंह ने कहा कि साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में गुरुकुल बहुमुखी शिक्षा संस्था पिछले 22 सालों से कार्य कर रही है।

समाजशास्त्र में आजीविका उपार्जन के लिए संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक दी जानकारी

अनंत ज्ञान, बंजार

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में आजीविका परामर्श, मार्गदर्शन तथा नियुक्ति प्रकोष्ठ के तहत समाजशास्त्र विभाग की ओर से कॉलेज में विशेष परामर्श व्याख्यान आयोजित किया गया।

इसमें कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य रामा नंद ने विशेष रूप से समाजशास्त्र मेजर के विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात समाजशास्त्र विषय में आजीविका उपार्जन के लिए संभावनाओं पर विशेष रूप से विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। उनके अनुसार समाजशास्त्र विषय का अध्ययन करने वाले स्टूडेंट्स परिवार व अकादमिक परामर्शदाता, सर्वेक्षक एवं राजनीतिक विश्लेषक, मानव संसाधन प्रबंधक, सामाजिक लेखा परीक्षक, संपादक तथा मीडिया प्लानर के रूप में भूमिका निभा सकते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षक के रूप में कार्यरत हो सकते हैं। साथ ही जल बिजली परियोजनाओं की पुनर्वास विंग में भी कार्य कर सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

अवैध देसी कट्टे समेत चंडीगढ़ का युवक गिरफ्तार

बीबीएन। जिला बद्दी पुलिस ने अवैध हथियार समेत चंडीगढ़ के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना नालागढ़ के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र वेदपाल निवासी 143 डेयरी कांपलेक्स मलोया चंडीगढ़ से हुई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अजय नाम का युवक, जिसके पास अवैध हथियार हो सकता है। पुलिस ने तुरंत शक के आधार पर युवक को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर देसी कट्टा व मैग्जीन बरामद हुई, जो कि मौके पर किसी तरह का लाइसेंस पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और अदालत में पेश किया, जहां से आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है, अब पुलिस अवैध हथियार को लेकर पूछताछ करेगी कि किस उद्देश्य से हथियार लेकर आया था। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है, जिसे कोर्ट में पेश कर चार दिन का पुलिस रिमांड मिला है, जिससे गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

14 से 21 तक विभिन्न सत्रों का होगा आयोजन

राजगढ़। अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इटरनल यूनिवर्सिटी और ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी, यूएसए, ने नर्सिंग में वैश्विक सहयोग की घोषणा की है। अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इटरनल यूनिवर्सिटी, भारत और ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी, यूएसए ने होने वाले नर्सिंग में वैश्विक सहयोग के माध्यम से नैदानिक अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। बड़ू साहिब के मिडिया प्रभारी बलराज सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वैश्विक अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से नर्सिंग शिक्षा और नैदानिक अभ्यास को बेहतर बनाना है। यह कार्यक्रम द कलगीधर ट्रस्ट की स्वास्थ्य और शिक्षा सलाहकार डॉ. नीलम कौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों, जैसे डॉ. मैरीलू, डॉ. मार्शिया गमाली, डॉ. सुसान सोलेकी, डॉ. जेम्स कालप्सन और तराया गिब्सन की ओर से 14 से 21 तक उन्नत नैदानिक नर्सिंग, मानसिक स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों पर विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की स्थापना 2008 में 'द कलगीधर ट्रस्ट' की ओर से हिमाचल प्रदेश की शांत वादियों में स्थित बरु साहिब में की गई थी, जिसे देव-भूमि के रूप में जाना जाता है।

आरटीए सोलन की बैठक 22 अक्तूबर को

सोलन। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सोलन (आरटीए) की बैठक 22 अक्तूबर को आयोजित होगी। यह जानकारी प्राधिकरण के सचिव ने दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 22 को प्रातः 11 बजे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन के कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में दी जानकारी

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एसीजीएम किन्नौर जितेंद्र सैणी ने निचार उपमंडल के खंड विकास अधिकारी कार्यालय भावानगर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस शिविर को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी से अवगत करवाना है तथा किस तरह से व्यक्ति अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है इस बारे जागरूक करना है। उन्होंने ग्रामवासियों व उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिला और बच्चे, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग, औद्योगिक कामगार बड़े पैमाने पर आपदा, हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकंप व औद्योगिक आपदा से पीड़ित, विकलांग व्यक्ति, हिरासत में व्यक्ति, वे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए से अधिक नहीं है मुफ्त कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्तियों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी गरीब तथा कमजोर वर्ग का व्यक्ति टोल फ्री नंबर- 15100 पर संपर्क स्थापित कर निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोग अपने विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटान सुनिश्चित कर सकते हैं। निशुल्क कानूनी सेवाओं का तात्पर्य है समाज के उन गरीब और कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना, जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, श्रम कानून, मोटर वाहन अधिनियम के बारे और यातायात नियमों के उल्लंघन व जुर्माने की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

स्टूडेंट्स को कड़ी मेहनत करने की दी सलाह

दाड़लाघाट। हमीरपुर जिले में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज के सचिव असलम बेग ने अपने परिवार के साथ राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन का दौरा किया। जहां उन्होंने अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा किया। अपने पुराने स्कूल में कदम रखते ही उन्होंने प्रधानाचार्य और स्टाफ के साथ अपने अनुभव साझा किए। असलम बेग ने कक्षा जमा दो के छात्रों से बातचीत करते हुए अपने संघर्षपूर्ण दिनों की बातें बताईं और कहा कि कैसे वे जमीन पर बैठकर शिक्षा प्राप्त करते थे और अपने शिक्षकों का पूरा सम्मान करते थे। आज वे अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों, माता-पिता और बड़ों के आशीर्वाद को देते हैं। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करने, अनुशासन बनाए रखने और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। समाज में बढ़ते नशे के प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने की प्रेरणा दी।

वार्ड-9 में 35 रुपए किलो के हिसाब से बेचा प्याज

सोलन। प्याज की बढ़ती कीमतों को देखते हुए नगर निगम सोलन के वार्ड-9 में शूलिनी माता गेट के नजदीक भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के सहयोग से सोमवार को प्याज 35 रुपए किलो के हिसाब से स्थानीय लोगों को उपलब्ध करवाया गया। वार्ड पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर लगभग 20 क्विंटल से अधिक प्याज की बिक्री की गई। गुप्ता ने कहा कि जनता ने मोदी सरकार की इस पहल विशेष कर महिलाओं ने सहराना की। जनता में सस्ते प्याज खरीदने के लिए भारी उत्साह दिखाई दिया। उपभोक्ता संघ लिमिटेड भारत सरकार का उपक्रम है। यह किसानों से सीधा प्याज खरीद कर उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाते हैं। विशेषकर तब जब बाजार में दाम काफी ऊंचे हो।

अतिक्रमण से अटा सोलन का बाजार त्योहारी सीजन में नियम, कानून दरकिनार

अतिक्रमण से अटा सोलन बाजार।

आर मोहन चौहान, सोलन

त्योहारी सीजन शुरू होते ही जिला मुख्यालय सोलन के बाजार अतिक्रमण से अटे होने से लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। इससे आपात स्थिति से निपटना भी आसान नहीं होगा।

सोलन के माल रोड पर बाहरी क्षेत्रों से आए लोग शहर के फुटपाथों और बाजारों में अपनी दुकानें सजाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। इससे बाजार में पहुंच रहे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि त्योहारों के इस समय में बाजारों में रौनक बढ़ जाती है, लेकिन इसके साथ ही दुकानदार नियम कानून दरकिनार कर अपनी दुकानों को फुटपाथ तक सजा देते हैं, जिससे बाजारों में जगह की कमी हो जाती है। पैदल चलने वालों को भी अपने रास्ते में रुकावटें झेलनी पड़ती हैं। हालांकि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने सोलन शहर से अतिक्रमण हटाने के लिए मुहिम छेड़ने का फैसला किया है। नगर निगम ने सोलन के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण को लेकर जीरो टॉलरंस नीति अपनाने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

नगर निगम बाजारों में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एक मुहिम चलाएगी। इसके लिए टीमों का भी गठन किया जाएगा। दुकानदारों से नियमों के पालन का आग्रह है।

ऊषा शर्मा, मेयर,नगर निगम सोलन।

टीमों का होगा गठन

नगर निगम ने इसके लिए विशेष टीमों का गठन करने का निर्णय लिया है। ये टीमें अतिक्रमण वाली जगहों से दुकानदारों का सामान हटाने का काम करेंगी। इसके साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान भी जारी किए जाएंगे, ताकि बाजारों में नियमों का सख्ती से पालन हो सके। नगर निगम का कहना है कि त्योहारों के मौसम में सभी लोगों को खरीददारी करने के लिए एक सुविधाजनक और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। शहर की सुंदरता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाने की मुहिम जल्द शुरू होगी। नगर निगम का उद्देश्य है कि सभी दुकानदार और नागरिक इस नियम का पालन करें, ताकि त्योहारों के समय में सभी लोग बिना किसी असुविधा के अपनी जरूरत की चीजें खरीद सकें। नगर निगम ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि वो शहर के बाजारों से अपना सामान खुद उठा लें नहीं तो निगम ऐसे दुकान वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के खिलाफ पांच दिन का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया शुरू

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

लाल झंडा सीमेंट प्लांट वर्कर्स यूनियन बागा ने लाल झंडे के बैनर तले सोमवार से अल्ट्राटेक सीमेंट वर्कर्स कंपनी के खिलाफ पिछले 2 वर्षों से लंबित पड़ी अपनी मांगों को लेकर 5 दिन का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

यह प्रदर्शन यूनियन ने कंपनी गेट के बाहर शुरू किया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सीटू के राज्य महासचिव प्रेम गौतम एवं जिला सोलन अध्यक्ष मोहित वर्मा ने अपना संबोधन मजदूरों के बीच रखा। राज्य महासचिव प्रेम गौतम ने अपने संबोधन में सरकार की जो मजदूर विरोधी नीतियों जिन नीतियों के चलते आज मजदूर की हालत खराब होती जा रही है, उन सभी नीतियों का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने हर एक नीति का जिक्र किया, जो मजदूरों के विरुद्ध सरकार बना रही है। जिसमें श्रम कानून को खत्म कर 4 श्रम संहिताओं में बदलकर मजदूरों के अधिकारों को खत्म करना, पूरे देश में ठेका प्रथा को पुरजोर तरीके से लागू किया जा रहा है, यूनियन बनाने के अधिकारों को खत्म करना आदि नीतियों का विरोध किया और इन सबके खिलाफ सिर्फ सीटू ही लड़ाई लड़ रही है। अल्ट्राटेक में भी पिछले दो वर्षों से लगातार मांग पत्र पर वार्ता चल रही है और यह वार्ता लगातार चीफ लेबर कमिश्नर के पास चली है, लेकिन कंपनी के मांग पत्र को लेकर कोई सकारात्मक रवैया नहीं है, इसलिए यूनियन को यह फैसला लेना पड़ा। अगर इसके बाद भी कंपनी नहीं मानती है, तो कंपनियां अन्य ट्रेड यूनियन गतिविधियां करने से पीछे नहीं हटेंगी। प्रदर्शन में यूनियन अध्यक्ष गणपत राम, सचिव बलवीर, तिलक राज, संजय पंवर, बृजलाल, बालक राम, पवन, कमल, तसवर आदि मौजूद रहे।

माता बाला सुंदरी मंदिर में चढ़ी 1.18 करोड़ की नकदी

अनंत ज्ञान, नाहन

उत्तर भारत की प्रमुख शक्तिपीठ माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में चल रहे आश्विन नवरात्र मेले के तहत दशमी तक देश के विभिन्न डेढ़ सौ लाख श्रद्धालु मां बाला सुंदरी के मंदिर शीश नवा चुके हैं।

देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं ने मां बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में 11870830 रुपए की नकदी माता बाला सुंदरी मंदिर में भेट स्वरूप अर्पित की गई। इसके अलावा 87 ग्राम सोना व 14 किलो चांदी व अन्य सामान भी मां के मंदिर में अर्पित किए जा चुके हैं। डीसी एवं मंदिर न्यास के आयुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि 3 से 17 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले इस नवरात्र मेले में जिला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी तैयारी की गई है। देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में शीश नवाने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरे के अलावा करीब 300 के आसपास सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

मलगांव स्कूल में 340 ने की मॉकड्रिल

नाहन। सिरमौर जिले के स्कूलों में डीसी सिरमौर, सुमित खिमटा के निर्देशानुसार चल रहे आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के तहत समर्थ-2024 अभियान के अंतर्गत सुरक्षित निर्माण अभ्यास पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मलगांव व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, ददाहु-जिला सिरमौर में डीडीएमए होमगार्ड्स चतुर्थ बटालियन-नाहन और आदर्श अग्निशमन केंद्र नाहन, जिला सिरमौर की ओर से संयुक्त मॉकड्रिल अभ्यास व जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन शर्मा ने बताया कि इन संयुक्त कार्यक्रमों में लगभग 340 छात्रों और शिक्षकों ने मॉकड्रिल अभ्यास में भाग लिया। इस अवसर पर संबंधित संस्थाओं के मुखिया, गृह रक्षक दल एवं अग्निशमन केंद्र के अधिकारी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

घर से आए थे कमाने, लेकिन जो था वह भी गंवा बैठे

बिलासपुर के युवक की घर के बाहर से बाइक चोरी

अनंत ज्ञान, बीबीएन

सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पांच माह से पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग

पुलिस जिला बद्दी में चोरियों के मामलों में कमी जरूर आई है, लेकिन अब भी चोरी हुए कई मोटरसाइकिल व सामान को पुलिस नहीं ढूंढ निकाल सकी है।

जिला बिलासपुर का एक युवक कुछ समय पहले अपने मोटरसाइकिल पर बद्दी में रोजगार के जरिए कुछ कमाने के लिए पहुंचा था, लेकिन यहां पहुंचते ही कुछ दिनों के बाद घर के सामने खड़ा उसका 90 हजार का मोटरसाइकिल चोरी हो गया। घर के लिए चार पैसे कमाने आया, यह युवक अब पिछले पांच माह से परेशान है कि वह किस मुंह से घर वापस जाएगा। मामला बद्दी पुलिस थाना क्षेत्र का है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी में टोरेंट पार्क के पास घर के सामने अन्य वाहनों के साथ ही युवक शुभम पराशर मूल निवासी बलोह पंचायत, थाना झंडूता जिला बिलासपुर ने अपना मोटरसाइकिल खड़ा किया। जून माह की 28 को वह कंपनी से रात को घर आया और बाइक को खड़ा करने के बाद सो गया, जब सुबह ड्यूटी जाने का समय आया, तो घर के बाहर से बाइक गायब थी। शुभम ने बताया कि उसका स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पिछले पांच माह से गायब है और अब तक कई बार वह पुलिस थाना बद्दी के चक्कर काट चुके हैं। पुलिस इस मामले में उसके साथ जरा भी सहयोग नहीं कर रही है। शुभम ने बताया कि वह कई बार पुलिस थाना में इस उम्मीद में गया कि कहीं से कोई खबर मिलेगी, लेकिन पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज मिलने के बावजूद भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

पिछले पांच माह से युवक मानसिक परेशानी से जूझ रहा है और पुलिस प्रशासन क्षेत्र में वारदातें कम होने के दावे कर रही है। डीएसपी बद्दी अभिषेक ने बताया कि वह इस मामले में आईओ से पूरा अपडेट लेंगे और चोरी हुए मोटरसाइकिल को ढूंढने का पूरा प्रयास करेंगे।

आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

रिकांगपिओ। वोकटू-कल्पा फीडर के तहत 22 केवी एचटी लाइन में मरम्मत कार्य के चलते ब्रेलंगी, रिकांगपिओ, कल्पा, कोठी, दूनी तथा चीनी गांव में 15 को प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता बिजली टाशी नेगी ने बताया यदि खराब मौसम के कारण कार्य पूर्ण नहीं होता है, तो अगले दिन भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली आपूर्ति की असुविधा के चलते जनसाधारण से सहयोग की अपील की है।

एसपी ने मझौली स्कूल के छात्रों से किया संवाद, नशे से दूर करने के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, बीबीएन

जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज के द्वारा चलाए गए संवाद कार्यक्रम के चलते सोमवार को मझौली स्कूल के छात्रों के साथ संवाद किया।

एसपी अफरोज ने नशीले पदार्थों की रोकथाम के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की और छात्रों को नशे से दूर रहने के साथ-साथ नशा बेचने वालों की सूचना देने के लिए भी कहा। उन्होंने आग्रह किया कि वे नशीली दवाओं के खिलाफ इस लड़ाई में पुलिस का साथ दें और अवैध नशीले पदार्थों से संबंधित जानकारी साझा करें। उन्होंने छात्रों से बद्दी पुलिस के फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम अकाउंट्स से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां वे गुप्त रूप से संदेश और जानकारी भेज सकते हैं, जिस पर एसपी बद्दी ने यह आश्वासन दिया कि जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। एसपी ने स्कूली छात्राओं सं संवाद करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को अपनी सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया।

युवा संसद में विजेताओं का स्कूल पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

विद्यालय बुघार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्रा सोलन में आयोजित हुई जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में ब्लॉक धुंदन का प्रतिनिधित्व करते हुए सराहनीय प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। युवा संसद प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों की तैयारी करवाने में प्रवक्ता अंग्रेजी दीपक ठाकुर व प्रवक्ता राजनीति शास्त्र डॉ. देवेंद्र चौहान का मुख्य योगदान रहा। अन्य अध्यापक साथियों ने भी युवा संसद प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों की तैयारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सोमवार को स्कूल पहुंचने पर इन सभी का जोरदार स्वागत हुआ।

दिलीप सिरमौरी के गानों पर झूमे दर्शक

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

पंचायत एवं दशहरा उत्सव समिति दाड़लाघाट की ओर से आयोजित तीन दिवसीय दशहरा उत्सव मेले का रात्रि सांस्कृतिक संध्या के साथ समापन हो गया। सांस्कृतिक संध्या में दिलीप सिरमौरी ने धमाल मचाकर ऐसा समां बांधा की चौधरी कांप्लेक्स मैदान में दर्शक झूम उठे। रात्रि सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली, पुराने गीतों व पंजाबी गानों का खूब तड़का लगा। रॉक स्टार दिलीप सिरमौरी व स्थानीय कलाकारों दीक्षा शर्मा, मास्टर किशोर, आयुष वशिष्ठ, अग्रिमा शर्मा, शारदा संगीत कला केंद्र और दाड़ला कॉलेज की छात्राओं ने खूब रंग जमाकर इस संध्या को यादगार पलों में तबदील कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दाड़लाघाट मुकेश सक्सेना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि विशेषातिथि के तौर पर क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन भूपेंद्र गांधी, परवीन लखनपाल व पंचायत समिति कुनिहार की अध्यक्ष सोमा कौंडल रही। मेला कमेटी मुकेश सक्सेना ने कहा कि मेले व सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी प्राचीन सभ्यता के घोतक हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों में भाईचारा बढ़ता है। दिलीप सिरमौरी ने पानी री टंकी हो मोतिरामा, सुनी जूरिए मेरे दिलो री बातो, शेरा लगा तेरे कामरो रा, साए बा री बीबीए आदि गाने गाकर दर्शकों को झूमने पर विवश किया। हास्य कलाकार हरबंस सिंह अरोड़ा ने अपनी हास्य चुटकुलों तथा व्यंग्य से श्रोताओं को हंसते-हंसाते लोटपोट कर दिया।

मदरसों में नफरत की शिक्षा, जिहाद का विज्ञान पढ़ाया जा रहा, एसआईटी करे जांच : विवेक

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल सहित सभी प्रांतों व केंद्र शासित राज्यों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पत्र लिखा है कि मदरसों के कारण मुस्लिम समुदाय के बच्चों के भविष्य में रुकावट पैदा हो रही है। 2009 में शिक्षा के अधिकार कानून आरटीई की अवहेलना हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से बच्चों को वंचित रखा जा रहा है। यह प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि वह शिक्षा को लेकर अपना दायित्व निर्वाह करें, जो संविधान मौलिक अधिकार देता है।

हिमाचल प्रदेश सरकार को भी यह समझना होगा। मदरसे भारत के संविधान और धर्मनिरपेक्ष कानून, सेकुलर वाद को चुनौती है। भारत में धार्मिक संस्थाओं की ओर से चलाई जाने वाले शैक्षणिक संस्थान चाहे मिशनरी द्वारा चलाए जा रहे हो, चाहे खालसा पंत द्वारा चलाए जा रहे हो या चाहे डीएवी द्वारा या सनातन द्वारा सभी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आते हैं, तो आखिर मदरसे अल्पसंख्यक विभाग के अंतर्गत क्यों नहीं। यह अपने आप में एक बड़ा प्रश्न है। क्या वहां पर पढ़ रहे बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित माना जाए, क्या यह बाल शोषण नहीं है। क्या यह मानव अधिकार का उल्लंघन नहीं है।

शिक्षा के अधिकार से वंचित रखने का अपराध करने का लाइसेंस मदरसों को किसने दिया है। इससे भी महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि मदरसों में पैसा कहां से आ रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा मॉडल के साथ-साथ यूपी मॉडल के आधार पर मदरसों की आय के ऊपर एक पुलिस एसआईटी का गठन हिमाचल सरकार भी करे, यह जानने के लिए उनकी आय के स्रोत क्या हैं।

राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन के कुनिहार में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों ने भाग लिया।

विद्यालय ध्वज के साथ स्कूल बैंड पर 'स्वागतम' सारे जहां से अच्छा, विजय भारत, जी करदा, कदम-कदम बढ़ाए जा, अलमोरा और हम होंगे कामयाब की धुनों पर उत्साह व जोश के साथ कुनिहार में तीन दिवसीय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रास बैंड प्रतियोगिता में पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू, सोलन के विद्यार्थियों की ओर से शानदार प्रस्तुती दी गई, जिस कारण उन्हें प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। बैंड लीडर कर्तव्य सूद ने शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया और श्रोतागण तालियां बजाने को मजबूर हो गए। पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के बैंड मास्टर परमिंद्र सिंह की अगुवाई में स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि देश भक्ति से ओतप्रोत बैंड धुन सुनकर सभी में भक्ति की भावना का संचार होता है। देश के लिए शहीद हुए वीर सैनिकों को भी श्रंदाजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रधानाचार्य डाइट डॉ. शिव कुमार शर्मा, कार्यकारी प्रधानाचार्य कुनिहार स्कूल, भूपिंदर कौशिक एवं अन्य स्टाफ अपस्थित था।

पाइनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह, प्रबंधन प्रमुख मिस समीक्षा सिंह ने अपने संदेश में टीम एवं विद्यालय परिवार को अपार बधाई ज्ञापित की।

आयोजन विक्रमादित्य सिंह बद्दी में विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की कर रहे थे अध्यक्षता

बेहतर सुविधाएं उत्पाद व सेवाएं प्रदान करने में मानक महत्वपूर्ण

अनंत ज्ञान, सोलन/बीबीएन

बद्दी में विश्व मानक दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वैश्विक तथा राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को उच्च स्तर की सुविधाएं, उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करने में मानकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

विक्रमादित्य सिंह सोलन के बद्दी में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि मानक हम सभी को गुणवत्तायुक्त जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण हैं। मनुष्य की आयु बढ़ाने और पृथ्वी पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण की दिशा में स्थापित मानक विशेष भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि स्थापित मानक सबसे पहले विशेषज्ञों द्वारा परखे जाते हैं और फिर राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें अपनाया जाता है। मानक हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में बेहतरी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से स्थापित मूल्यों को जीवन में अपनाएं।

विश्व मानक दिवस पर आयोजित समारोह में बोलते विक्रमादित्य।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वैश्विक व्यापार को सुविधाजनक बनाने में मानक अहम भूमिका निभाते हैं। अर्थव्यवस्था के लिए मानकीकरण आवश्यक है और इसके प्रति जागरूकता लाना नितांत आवश्यक है। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि आज विश्व मानक दिवस है। यह दिवस वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए मानकीकरण के महत्व के रूप में नियामकों, उद्योग और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। मानकों के तकनीकी लाभ हैं और इससे उत्पादों तथा सेवाओं को बेहतर बनाने तथा इनसे जुड़े उद्योगों को अधिक कुशल बनाने में सहायता मिलती है।

आज के प्रतियोगी समय में मानक न केवल उत्पादों को श्रेष्ठ बनाते हैं, बल्कि जन-जन को बेहतर सेवाएं प्रदान कर एक सुरक्षित समाज के निर्माण में भी उपयोगी भूमिका निभाते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मानक के माध्यम से आज पूरा विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए सतत् प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे सरसा पुल, 10 करोड़ से निर्माणाधीन 50 बिस्तर वाले नागरिक अस्पताल बद्दी तथा 4 करोड़ से बनाए जा रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोटीवाला का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होगा। इन सभी निर्माण कार्यों का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा लोकार्पण किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

कबीर धर्मशाला में दुर्गा पूजा महोत्सव

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। बहलाना की कबीर धर्मशाला में दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी की तरफ से दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कमेटी के अमित कुमार मिश्रा और सेक्रेटरी केदारनाथ साहू ने बताया कि महोत्सव के लिए बंगाल के ढोल मंगवाए गए थे। बंगाल की एक टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी के वाइस प्रेसिडेंट विनय कुमार, सुरोजित विश्वास और विकास ने बताया कि वह हर साल दुर्गा पूजा मनाते हैं।

बेटे ने वृद्ध मां को मौत के घाट उतरा

अशोक ठाकुर, जम्मू। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांव रठुआ से एक कलयुगी बेटे ने तेजधार हथियार (दराट) से वृद्ध मां की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ हीरानगर थाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तिलकराज पुत्र बिशन दास निवासी रठुआ अपनी मां कमलो देवी (80) के साथ रहता था। रविवार की सुबह किसी बात को लेकर उसने अपनी मां से झगड़ा शुरू कर दिया और नौबत यहां तक आ गई की उसने अपनी मां पर तेजदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने घायल वृद्ध महिला को उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे जीएमसी कठुआ रेफर कर दिया गया, जहां जख्मों का ताव न सहते हुए कमलो देवी ने अपने प्राण त्याग दिए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी तिलक राज को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार को भी जब्त कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

सीएम धामी से अभिनेता परेश रावल ने की भेंट

अनंत ज्ञान, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता परेश रावल ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखंड के देहरादून, ऋषिकेश और मसूरी में अनंत नारायण महादेवन निर्देशित बॉलीवुड फिल्म 'पास्ट टेंस' की शूटिंग की है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 42 दिनों से उत्तराखंड में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।राज्य में फिल्मांकन के लिए बहुत अच्छा वातावरण है।

जनता के साथ ही सरकारी विभागों से फिल्मों की शूटिंग के लिए पूरा सहयोग मिला। शूटिंग के लिए राज्य में बहुत शांत वातावरण है। उत्तराखंड के लोग भी बहुत सकारात्मक विचारधारा के हैं। उन्होंने कहा कि वे उत्तराखण्ड में एक और फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में फिल्मों की शूटिंग के लिए अनेक डेस्टिनेशन है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक सौन्दर्यता से जुड़े अनेक स्थल है। राज्य का हर डेस्टिनेशन फिल्मांकन के लिए उपयुक्त है। आदि कैलाश, चकराता, माणा जैसे अनेक स्थल उत्तराखंड में हैं।

नौसेना चिकित्सा सेवा की महानिदेशक बनी कविता

नई दिल्ली। सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय ने सोमवार को नौसेना में चिकित्सा सेवाओं के महानिदेशक (डीजीएमएस) का पद संभाला। प्रतिष्ठित आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) पुणे की पढ़ीं सहाय इससे पहले सेना के चिकित्सा कोर में कर्नल कमांडेंट पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अफसर रह चुकी हैं। कविता सहाय नौसेना में डीजीएमएस का पद लेने से पहले वह एएमएसी सेंटर और कॉलेज में पहली महिला कमांडेंट के तौर पर सेवाएं दे चुकी हैं। वह 30 दिसंबर 1986 को सेना के चिकित्सा कोर में कमीशन हुई थीं।

सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दूरदर्शन पर 24 घंटे सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने का केंद्र को निर्देश देने संबंधी एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) सिंधी संगत की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने के अन्य तरीके भी हो सकते हैं। एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने का एक तरीका सार्वजनिक प्रसारण है। हाईकोर्ट ने 27 मई को एनजीओ की याचिका खारिज कर दी थी, जिसे उसने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। गैर-सरकारी संगठन ने अपनी याचिका में कहा था कि प्रसार भारती का 24 घंटे सिंधी भाषा का चैनल शुरू न करने का निर्णय स्पष्टतया भेदभाव पर आधारित है।

आजम को झटका, जमीन मामले में याचिका रद्द

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी, जिसमें रामपुर में जौहर स्कूल के लिए आवंटित जमीन के पट्टे को रद्द कर दिया गया था और उत्तर प्रदेश सरकार को भूमि अधिग्रहण की इजाजत दे दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया।

असम में 4 करोड़ की हेरोइन जब्त, 1 गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को एक ट्रक से करीब चार करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की गई। इस मामले में असम पुलिस की टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ रुपए से अधिक है। उन्होंने बताया कि ट्रक चला रहे मादक पदार्थ आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया।

मांग के अनुरूप वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाया गया: जेपी नड्डा

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत ने दुनियाभर के देशों के लिए आवश्यक दवाओं, टीकों और चिकित्सा आपूर्ति तक सस्ती पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार करते हुए घरेलू तथा वैश्विक दोनों मांगों को पूरा करने के लिए वैक्सीन उत्पादन को बढ़ाया है। नड्डा ने यहां औषधि विनियामक प्राधिकरणों के 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विश्व की प्रगति से अविभाज्य है और इस प्रकार भारत वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा और स्थिरता में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत ने देश में सुरक्षित और प्रभावकारी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों को मंजूरी देने और दुनिया के 200 से अधिक देशों को निर्यात करने के लिए मजबूत प्रणालियां विकसित की हैं।

पंजाब कांग्रेस ने पंचायत चुनाव तीन सप्ताह तक स्थगित करने की मांग की

एजेंसी, चंडीगढ़

कांग्रेस की पंजाब इकाई ने मंगलवार को होने वाले पंचायत चुनाव को स्थगित करने की मांग करते हुए नामांकन प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया और मतणगना के दौरान भी गड़बड़ी की आशंका जतायी।

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को यहां पंजाब राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात की और उनसे तीन सप्ताह तक चुनाव स्थगित करने का अनुरोध किया। पंजाब में 13,229 ग्राम पंचायतों के लिए 15 अक्तूबर को मतदान होना है।

बाजवा ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात के बाद यहां पत्रकारों से कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत चुनाव तीन सप्ताह तक स्थगित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान ''बड़े पैमाने पर अनियमितताएं'' की गयीं क्योंकि कई विपक्ष समर्थित उम्मीदवारों का नामांकन ''गलत तरीके से'' खारिज कर दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि कई लोगों ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का रुख किया है जिनका नामांकन ''गलत तरीके से'' खारिज कर दिया गया है। जवा ने कहा, ''हम चुनाव प्रक्रिया को तीन सप्ताह तक स्थगित कराना चाहते हैं। हम पंचायत चुनाव रद्द कराना नहीं चाहते।'' उन्होंने यह भी दावा किया कि पंचायत चुनावों के लिए एक जनवरी 2024 की मतदाता सूची के बजाय एक जनवरी 2023 की मतदाता सूची को स्वीकृत किया गया है जबकि लोकसभा चुनाव में एक जनवरी 2024 की मतदाता सूची स्वीकृत की गई थी। बाजवा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान करने वाले कई मतदाता पंचायत चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने पंचायत चुनाव में ''धांधली'' के लिए 'सरपंच' और 'पंच' पदों के वास्ते प्रत्येक गांव में फर्जी मतपत्र छपवाए हैं। बाजवा ने कहा, ''हम मतपत्रों पर होलोग्राम लगाने की मांग करते हैं। हमें मतगणना के दौरान भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की आशंका है।''

स्पेन के राजदूत ने कश्मीर को बताया 'धरती का स्वर्ग'

कहा-मजबूत करेंगे सांस्कृतिक संबंध

अशोक ठाकुर, जम्मू

जम्मू एवं कश्मीर में स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल ने कहा है कि उनका मुख्य उद्देश्य भारत और स्पेन के बीच सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा दोनों देशों के बीच सहयोग में 2025 में कुछ प्रगति की जाएगी, लेकिन उन्होंने आशा व्यक्त की कि 2026 में इसे अधिक तीव्रता से विकसित किया जाएगा।

राजदूत ने कश्मीर के महत्व पर जोर देते हुए कहा, कश्मीर एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो सदियों से एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमें आपकी सांस्कृतिक धरोहर पर बहुत ध्यान देना चाहिए। कश्मीर को धरती स्वर्ग कहा जाता है। कश्मीर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विशेषताएं इसे एक अनोखा स्थल बनाती हैं, जिसका संरक्षण और विकास आवश्यक है।

पुजोल ने यह भी कहा कि सांस्कृतिक सहयोग के माध्यम से, दोनों देशों के बीच आपसी समझ और संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई की सराहना की और इसे स्पेन की संस्कृति के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। (अनंत ज्ञान)

चंडीगढ़ के मेयर और पार्षदों ने किया एसटीपी का दौरा

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

मेयर कुलदीप कुमार के नेतृत्व में नगर निगम के पार्षदों की एक समितिने आज ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास और 3बीआरडी स्थित दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का दौरा किया। पार्षदों की समिति ने पुनरुद्धार के लिए प्रस्तावित मौजूदा इकाइयों के कामकाज की समीक्षा की और उनका जायजा लिया। मेयर के साथ सौरभ जोशी, दलीप शर्मा, सचिन गालव, प्रेम लता, तरुणा मेहता, मोहिंदर कौर, हरजीत सिंह और राजिंदर सिंह उपस्थित थे।

मेयर द्वारा वित्तीय स्वीकृति के बाद समिति का गठन किया गया। इन एसटीपी के विकास के लिए 16.40 करोड़ रुपए का खर्च होगा। इस आशय का एजेंडा 27 अगस्त को आयोजित 338वीं जनरल हाउस की बैठक में रखा गया था। (अनंत ज्ञान)

बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में संदिग्ध अख्तर के खिलाफ नौ मामले दर्ज

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की मुंबई में हत्या के मामले में संदिग्ध मोहम्मद यासीन अख्तर के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास समेत नौ जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि अख्तर (21) पंजाब के जालंधर जिले के शंकर गांव का रहने वाला है।

जालंधर में एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अख्तर उर्फ जस्सी उर्फ सिकंदर के खिलाफ विभिन्न थानों में नौ मामले दर्ज हैं। नकोदर के पुलिस उपाधीक्षक सुखपाल सिंह ने कहा कि उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि अख्तर पर हरियाणा के कैथल में दो अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि अख्तर को जून 2022 में एक आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया था और इस साल जून में जेल से बाहर होने के बाद वह अपने गांव नहीं लौटा।

नवांशहर में गोपालज ने खोला 20वां आउटलेट

जगदीश शर्मा, नवांशहर

मिठाई, डेयरी उत्पाद, फास्ट फूड और भारतीय व्यंजनों में जाना माना नाम गोपालज ने अपने व्यवसाय क्षेत्र का विस्तार करते हुए अपने नए आउटलेट का शुभारंभ किया है। गोपालज के इस 20वें आउटलेट का आज से नवांशहर में चंडीगढ़ चौक में शुरू किया गया है। गोपालज का नवांशहर में यह आउटलेट स्वाद प्रेमियों को न केवल खुशी प्रदान करेगा, बल्कि अपनी मिठाइयों, बहु- व्यंजन भोजन और शादी व पार्टी के उपहार पैकिंग के साथ खुशियां की सौगात फैलाएगा।

इस मौके पर पंजाब के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर सरदार लाल सिंह और डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर राजेश धीमान सहित शहर के गणमान्य शख्सियत भी उपस्थित थे। इनके अलावा गोपालज के डायरेक्टर शमशेर सिंह, अवतार सिंह, शरणजीत सिंह, कंवलजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, नवजोत सिंह, सनी, कनुप्रिया, मनिंदर कौर, भावना बत्रा सहित आमरा भी मौजूद थे।

गोपालज के डायरेक्टर मनिंदर सिंह ने बताया कि 6200 स्क्वायर फीट एरिया में आकर्षक और मनलुभावन डिजाइन से तैयार यह आउटलेट नवांशहर के बेहद पॉश एरिया में शुरू किया गया है।

यह आउटलेट लगभग 140 लोगों को कैटर करेगा। उन्होंने बताया कि वो जिला प्रशासन और बिल्डिंग ओनर गगनदीप सिंह के आभारी हैं, जिन्होंने नवांशहर में उनके आउटलेट को स्थापित करने में भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने शहरवासियों से वादा किया कि अपने व्यंजनों, मिठाई और स्नैक्स के लिए मशहूर गोपालज उन्हें वही प्योर और हाइजीन फूड आइटम्स उपलब्ध करवाएगा, जिसके लिए वो जाना जाता है। उन्होंने बताया कि गोपाल स्वीट्स पिछले 60 साल से ज्यादा समय से लोगों की सेवा करता है। यह लोगों का प्यार ही है, जो आज गोपाल घर-घर मे एक जाना पहचाना नाम है। गोपाल के डायरेक्टर शरणजीत सिंह ने कहा कि हमने क्वालिटी से कभी भी कंप्रोमाइज नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

देश-विदेश

बहराइच हिंसा : दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए : प्रियंका

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बहराइच में हिंसा के बीच प्रशासन का 'निष्क्रिय' होना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की।

बहराइच में मंसूर गांव के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा जुलूस के दौरान भड़की हिंसा में एक युवक की मौत हो गई। विवाद लाउडस्पीकर से संगीत बजाने को लेकर शुरू हुआ था। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित 'एक्शन' (कार्रवाई) लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

साजिश सफल नहीं होगी : केशव मौर्य

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को क़ानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।

हिम्मत है तो आरोपियों का करें एनकाउंटर : संजय राउत

मुंबई। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से जुड़े मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अगर हिम्मत है, तो बाबा सिद्दीकी पर जिन्होंने गोली चलाई, जो इस वारदात के सूत्रधार हैं, उनका एनकाउंटर कीजिए ना। एनसीपी (अजित गुट) के नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर की रात की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली गई, लेकिन मुंबई पुलिस अभी इस दावे की पुष्टि नहीं कर रही है। पुलिस ने 15 टीमें बनाकर कई कोणों से मामले की जांच शुरू कर दी है।

हिजबुल्लाह ने इसराइली मिलिट्री बेस पर किया ड्रोन से हमला, 4 सैनिकों की मौत

एजेंसी, बेरूत

हिजबुल्लाह ने इसराइल पर बड़ा ड्रोन हमला किया है और 4 इजरायली सैनिकों को मार गिराया है, जबकि 60 से ज्यादा सैनिक घायल हुए हैं।

लेबनान ने इसराइल के मिलिट्री बेस पर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि उसने आईडीएफ के गोलानी ब्रिगेड के ट्रेनिंग सेंटर को ड्रोन से निशाना बनाया है। बता दें कि इसराइली सेना पिछले 2 सप्ताह से लगातार लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ जमीनी अभियान चला रही है और इस हमले को उसी के बदले के रूप में देखा जा रहा है।

इसराइल का गाजा पर हमला, चार लोगों की गई जान, कई घायल

दीर अल-बला। गाजा पट्टी में सोमवार को एक अस्पताल परिसर पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और हमले के चलते युद्ध से विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए एक शरणार्थी शिविर में आग लग जाने से कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, मध्य गाजा में एक स्कूल में इजराइल के हवाई हमले में बच्चों समेत कम से कम 20 लोग मारे गए हैं।

ईडी की रांची में मंत्री के भाई-पीएस के घर समेत 20 जगहों पर छापेमारी

एजेंसी, रांची

विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में ईडी की कार्रवाई तेज हो गई है। राजधानी रांची, चाईबासा सहित 20 जगह पर ईडी ने सोमवार सुबह से ही दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक ईडी की हेमंत सोरेन सरकार के पेयजल व स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के ठिकानों पर हुई है। साथ ही आईएएस मनीष रंजन के करीबी, मंत्री के भाई विनय ठाकुर के अलावा कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी जारी है। यह छापेमारी जल-जीवन मिशन में हुई अनियमितता से जुड़ा हुआ है। छापेमारी वाले सभी लोकेशन पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरिया में भारतीय समुदाय के लोगों से की बातचीत

अल्जीयर्स (अल्जीरिया)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत की और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और भारतीय समाज ने हमेशा विदेशों में भारत की स्थिति, प्रतिष्ठा और मान को बढ़ाने में भारतीय समुदाय की भूमिका को महत्व दिया है। मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार शाम अल्जीयर्स पहुंचीं।

यूपी: दो ट्रकों के बीच कार फंसने से पांच लोगों की मौत

कानपुर (उप्र)। कानपुर के पनकी इलाके में रूमा-भौंती फ्लाईओवर पर सोमवार की सुबह तेज गति से जा रहे दो ट्रकों के बीच एक कार के फंस जाने से एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्रों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब छात्र अपने कॉलेज जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि क्षतिग्रस्त कार को काटकर शवों को बाहर निकाला गया। दोनों ट्रकों के चालक दुर्घटना के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गए, उनकी तलाश की जा रही है।

सेंसेक्स में 591 और निफ्टी में 163 अंक का उछाल

मुंबई। शेयर बाजार में सोमवार को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 591 अंक की तेजी के साथ 81,973 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 163 अंक की तेजी रही, यह 25,127 के स्तर पर बंद हुआ। आज आईटी, एनर्जी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा तेजी देखने को मिली है। मेटल और ऑटो शेयर्स में गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट देखने को मिली है।

अमेरिका में ट्रंप की रैली के पास हथियारों के साथ शख्स गिरफ्तार

एजेंसी, लॉस एंजिल्स

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में केवल तीन सप्ताह शेष हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप धुआंधार प्रचार अभियान में जुटे हैं। इस बीच ट्रंप की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा खतरा सामने आया. हालांकि कड़ी सुरक्षा के चलते यह खतरा टल गया। ट्रंप की एक रैली के पास एक शख्स को दो हथियारों के साथ पकड़ा गया। इससे ट्रंप की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों का कहना है कि इस घटना से जुड़े हत्या के प्रयास का कोई संकेत नहीं है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने कहा कि आरोपी ट्रंप को मारने की साजिश रच रहा था।

अब महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का नाम रतन टाटा

मुंबई। महाराष्ट्र कैबिनेट ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कैबिनेट ने महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय (एमएसएसयू) का नाम दिवंगत रतन टाटा के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय का उद्देश्य युवाओं को उच्च कौशल युक्त कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना है। यह महाराष्ट्र का पहला कौशल विश्वविद्यालय है। जहां इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और आईटी समेत अन्य सेक्टर्स में रोजगार के लिए स्किल कोर्स कराए जाते हैं और स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग भी दी जाती है।

शोध : जलवायु परिवर्तन से 70 प्रतिशत घट जाएगी अमेजन की मीथेन सोखने की क्षमता

एजेंसी, नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी और उमस अमेजन वर्षावन की ग्रीनहाउस गैस मीथेन को सोखने की क्षमता में 70 फीसदी कमी ला सकती है। ब्राजील स्थित साओ पाउलो विश्वविद्यालय के हालिया शोध में यह दावा किया गया है। शोधकर्ताओं ने कहा कि गर्म जलवायु के कारण दक्षिण अमेरिका के अमेजन वर्षावन के कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश होने, जबकि कुछ में सूखा पड़ने का अनुमान है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन और अवशोषण की उसकी क्षमता प्रभावित हो सकती है। 'पृथ्वी के फेफड़े' कहलाने वाले अमेजन वर्षावन का अधिकांश भाग ब्राजील में है, जबकि कुछ हिस्सा पेरू, कोलंबिया, इक्वाडोर और अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों में पड़ता है। इन वर्षावनों को हवा में मौजूद ग्रीनहाउस गैसों को सोखने के लिहाज से काफी अहम माना जाता है। शोधकर्ता ने कहा कि हालांकि, अमेजन वर्षावन का 20 फीसदी हिस्सा साल के लगभग छह महीने बाढ़ग्रस्त रहने के कारण मीथेन का उत्सर्जन करता है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों को सोखने की उसकी क्षमता प्रभावित होती है। प्रमुख शोधकर्ता जूलिया गोंटिजो ने कहा कि भले ही यह पहले भी देखा चुका है कि वायु तापमान और मौसमी बाढ़ जैसे कारक ऐसे क्षेत्रों में मीथेन के प्रवाह पर असर डालने वाले सूक्ष्मजीव समुदायों की आबादी को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन और अनुमानित चरम मौसम परिस्थितियों के संदर्भ में हमें क्या उम्मीद करनी चाहिए?

टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप में भारत-ए के कप्तान होंगे तिलक

एजेंसी, नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा 18 से 27 अक्तूबर तक ओमान में होने वाले टी-20 इमर्जिंग टीमों के एशिया कप में भारत-ए के कप्तान होंगे, जबकि अभिषेक शर्मा उपकप्तान होंगे। 21 वर्ष के तिलक वर्मा के पास चार वनडे और 16 टी-20 मैचों का अनुभव है जबकि शर्मा आठ टी-20 मैच खेल चुके हैं। टीम में लेग स्पिनर राहुल चाहर भी हैं।


तिलक वर्मा

भारत-ए टीम में आईपीएल के कई सितारे हैं जिनमें पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अनुज रावत, लखनऊ सुपर जाइंट्स के आयुष बडोनी और कोलकाता नाइट राइडर्स के रमनदीप सिंह शामिल हैं। गेंदबाजी में वैभव अरोड़ा (केकेआर), आर साइ किशोर (गुजरात टाइटंस), रितिक शौकिन (मुंबई इंडियंस) और रसिख सलाम (दिल्ली कैपिटल्स) नजर आएंगे।

भारत-ए टीम को ग्रुप-बी में रखा गया है और उसे 19 अक्तूबर को पाकिस्तान से पहला मैच खेलना है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग और श्रीलंका की-ए टीमें हैं। पहली बार यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जा रहा है।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ग्रीन बाहर

एजेंसी, मेलबोर्न

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। यह 25 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ का ऑपरेशन करवाएगा, जिससे उबरने में उन्हें छह महीने का समय लग जाएगा। पिछले महीने ब्रिटेन का दौरे में उन्हें इसका पता चला।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा,' 'तेज गेंदबाजों की रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर होना आम बात है, लेकिन कैमरन के फ्रैक्चर के पास वाले भाग में कुछ दिक्कत है, जिसे चोट का कारण माना जा सकता है।

ग्रीन का छह महीने तक बाहर रहने का मतलब है कि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं, फरवरी में श्रीलंका के दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना भी संदिग्ध है।


कैमरन ग्रीन

जसप्रीत बुमराह, जेम्स पैटिंसन, जेसन बेहरेनडोर्फ और बेन ड्वारशुइस जैसे तेज गेंदबाज भी इस तरह का ऑपरेशन करवा चुके हैं और ग्रीन ने भी यही विकल्प चुना। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। ग्रीन के बाहर होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना होगा।

सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के इस साल के शुरू में संन्यास लेने के बाद ग्रीन की टेस्ट टीम में वापसी हुई थी। इस कारण स्टीवन स्मिथ को पारी की शुरुआत करनी पड़ी थी।

चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे स्टीवन स्मिथ

स्टीवन स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने इसकी पुष्टि की। बेली ने कहा ,''पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीवन स्मिथ से लगातार बात हो रही है। स्टीवन ने पारी की शुरूआत की बजाय नीचे उतरने की इच्छा जताई है। पैट और एंड्रयू ने पुष्टि की कि वह इस सत्र में बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरेगा।''

पाक के खिलाफ अगुवाई करेंगे कमिंस

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

स्पोर्ट्स विंडो

महिला टी-20 विश्व कप : न्यूजीलैंड की पकिस्तान के खिलाफ ठोस शुरूआत

दुबई। न्यूजीलैंड ने महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप-2024 के लीग मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ ठोस शुरुआत की। भारत इस मुकाबले में पकिस्तान की जीत की दुआ करेगा। अगर पाकिस्तान की महिला टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है तो भारत की नाकआऊट में जाने में उम्मीदे बन सकती है। समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 54 रन बना लिए थे। सोफी डिवाइन (2) और एमेलिया केर (7) क्रिज पर मौजूद है। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स में 25 गेंदों पर 24 रनों की शानदार पारी खेली। जार्जिया प्लिरन ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से दोनों विकेट नशरा संधू ने हालिस किए।

रूथ चेपनगेटिच ने विश्व रिकॉर्ड के साथ शिकागो मैराथन जीती

शिकागो। कीनिया की रूथ चेपनगेटिच ने विश्व रिकॉर्ड में लगभग दो मिनट का सुधार करते हुए दो घंटे 9 मिनट 56 सेकंड के समय के साथ शिकागो मैराथन का खिताब जीता। तीस साल की चेपनगेटिच ने 2023 बर्लिन मैराथन में बनाए गए इथोपिया की टिगिस्ट आसेफा के दो घंटे 11 मिनट 53 सेकंड के समय में सुधार किया। इथोपिया की सुतुमे आसेफा केबेडे दो घंटे 17 मिनट 32 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चेपनगेटिच महिला मैराथन दौड़ दो घंटे 10 मिनट से कम समय में पूरी करने वाली पहली खिलाड़ी हैं। कीनिया के ही जॉन कोरिर ने दो घंटे दो मिनट 44 सेकंड के समय के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती कृष्णामूर्ति

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी वेदा कृष्णामूर्ति क्रिकेट के साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। वेदा कृष्णामूर्ति ने बैकलेस फोटोशूट करा मचाया तहलका दिया है।

तान्या ने बेनडिगो इंटरनेशनल चैलेंज में महिला एकल खिताब जीता

बेनडिगो (ऑस्ट्रेलिया)। भारत की तान्या हेमंत ने चीनी ताइपे की तुंग सियोउ टोंग को सीधे गेम में हराकर बेनडिगो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब जीता। दूसरे वरीय तान्या ने छठी वरीय तुंग को 41 मिनट चले महिला एकल फाइनल में 21-17, 21-17 से हराया। यह 21 साल की तान्या का यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय खिताब और साल का पहला खिताब है। वह 2024 में पोलिश ओपन और अजरबेजान अंतरराष्ट्रीय में उप विजेता रहीं। तान्या ने 2022 में इंडिया इंटरनेशल और 2023 में ईरान फज्र इंटरनेशनल का खिताब जीता।

डल्लास काउब्वॉयज ने सचिन तेंदुलकर को सम्मानित किया

एजेंसी, ह्यूस्टन

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है।

एनसीएल के सह-मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नए दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है ।

एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं। इनके अलावा सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, विवियन रिचर्डस जैसे लीजैंड इसके मेंटर में से हैं।

सिंधू, सेन की नजरें डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने पर

एजेंसी, ओडेन्से (डेनमार्क)

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 8,50,000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर-750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई, जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा, जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है।

दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में

काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है। महिला वर्ग में फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा भी उतरेंगी। चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल तक पहुंची बंसोड का सामना पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन टी लिन्ह से होगा जबकि कश्यप की टक्कर थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग से होगी। ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा का सामना अमेरिका की लौरेन लाम से होगा। पुरुष युगल में भारत की कोई टीम नहीं है जबकि महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद खेलेंगी। दोनों का सामना 5वीं वरीयता प्राप्त मलेशिया की पीयर्ली तान और टी मुरलीधरन से होगा। स्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा का सामना चीनी ताइपै की चांग चिंग हुइ और यांग चिंग तुंग से होगा।

मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी का सामना कनाडा के केविन ली और एलियाना झांग से होगा जबकि सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ की टक्कर इंडोनेशिया के रेहान के और लीसा कुसुमवती से होगी।

हॉकी इंडिया महिला लीग

पहली नीलामी में 350 से अधिक खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

एजेंसी, नई दिल्ली

हॉकी इंडिया लीग में पहली बार महिलाओं की लीग के लिए होने वाली नीलामी में दुनिया भर की 350 से अधिक खिलाड़ियों पर मंगलवार को यहां बोली लगेगी।

सात साल बाद हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में लौट रही है, जिसमें पहली बार महिलाओं की अलग लीग होगी। ऐतिहासिक नीलामी में 250 से अधिक घरेलू और 70 से अधिक विदेशी खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी।

भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ियों में अनुभवी गोलकीपर सविता, राष्ट्रीय कप्तान सलीमा टेटे, ड्रैग फ्लिकर दीपिका, अनुभवी वंदना कटारिया और फॉरवर्ड लालरेम्सियामी शामिल हैं। इनके अलावा योगिता बाली, लिलिमा मिंज और नमिता टोप्पा जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने भी नाम दर्ज कराए हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में डेलफिना मेरिनो (अर्जेंटीना), चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (जर्मनी), मारिया ग्रानाटो (अर्जेंटीना), रशेल लिंच (ऑस्ट्रेलिया) और नाइक लोरेंज (जर्मनी) प्रमुख हैं।

एचआईएल महिला लीग के पहले सत्र में चार टीमें होंगी जबकि दूसरे सत्र में दो और टीमें जोड़ी जाएंगी। इन टीमों में सूरमा हॉकी क्लब, बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वारियर्स हैं।

दूसरे सत्र में हैदराबाद तूफांस और बीसी जिंदल समूह की एक टीम होगी। हर टीम में 24 खिलाड़ी होंग, जिनमें 16 भारतीय (चार जूनियर अनिवार्य) और आठ विदेशी खिलाड़ी होंगे। टीमों को नीलामी में दो करोड़ रुपए की सीमा दी गई है जबकि खिलाड़ियों को तीन बेसप्राइज (दस लाख, पांच लाख और दो लाख रुपए) में बांटा गया है।

राजस्थान ने दूसरे दिन 559 रन बनाए

नादौन। अटल बिहारी वाजपेई क्रिकेट स्टेडियम, नादौन में चल रही अंडर-23 कर्नल सीके नायडू 4 दिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी का दूसरे दिन का मैच हिमाचल व राजस्थान की टीम के बीच हुआ। राजस्थान की टीम ने 308 रनों से आगे खेलते हुए दूसरे दिन 10 विकेट पर 152.5 ओवर में 559 रन बनाए। राजस्थान के कर्ण लांबा 211 रन बनाए।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि राजस्थान के बल्लेबाज कर्ण लांबा ने 57 रनों से आगे खेलते हुए शानदान दो शतक लगाते हुए 211 रन बनाए। हिमाचल की टीम की ओर से गेंदबाजी रितिक ने 4, साहिल ने 2,मृदुल ने 2तथा रिशित ठाकुर ने 1 विकेट ली जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हो गया। हिमाचल की टीम ने पहली पारी में 27 ओवर में 2 विकेट पर 99 रन बनाए। बल्लेबाज कुशल पाल 63 रन बनाकर नाबाद रहे।

हिमाचल ने उत्तराखंड को पारी से हराया

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

रणजी ट्रॉफी

एचपीसीए स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मैच में हिमाचल की टीम ने उत्तराखंड को पारी और 97 रनों से शिकस्त दे दी। उत्तराखंड की दूसरी पारी 267 रनों पर ही सिमट गई। उत्तराखंड की दूसरी पारी में कप्तान रविकुमार समर्थ ने शतकीय और युवराज चौधरी ने अर्धशतकीय पारी खेल कुछ हद तक हिमाचल के गेंदेबाजों का सामना किया।

दूसरी पारी में हिमाचल के तेज गेंदबाज देवेश शर्मा ने पांच विकेट चटकाए। इससे पहले उत्तराखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। उत्तराखंड का ये फैसला गलत साबित हुआ। हिमाचल ने पहली पारी 3 विकेट के नुकसान पर 663 रनों के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी थी। हिमाचल के लिए पहली पारी में टॉप चार बैटर्स ने शतक जड़े। रणजी इतिहास का ये दूसरा मौका है जब शीर्ष चार बल्लेबाजों ने शतक जड़े हों। इससे पहले गोवा ने 2019-20 में अरुणाचल के खिलाफ ऐसा कारनामा किया था. हिमाचल के लिए शुभम अरोड़ा (118 रन) और प्रशांत चोपड़ा (171 रन) ने पहले विकेट के लिए 206 रनों की साझेदारी की। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे अमित कलसी 205 रन बनाकर नाबाद रहे। एकांत सेन भी 101 रन बनाकर आउट हुए। 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मयंक डागर ने 32 गेंदों पर नाबाद 56 ठोक दिए। पहली पारी में बल्लेबाजी करनी उतरी उत्तराखंड की पूरी टीम को हिमाचल गेंदबाजों ने 299 रनों पर समेट दिया और 364 रनों की बढ़त हासिल कर ली। पहली पारी में उत्तराखंड के सलामी बल्लेबाज अवनीश (96 रन) और कुनाल चंदेला (56 रन) ही कुछ हद तक हिमाचल के गेंदबाजों का सामना कर पाए।

स्टोक्स की दूसरे टेस्ट मैच की टीम में वापसी

मुल्तान। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में मंगलवार से यहां खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंतिम एकादश में वापसी हुई है।

स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण अगस्त से टीम से बाहर थे। इस सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रनों से हराया था। इंग्लैंड की एकादश में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया गया है। स्टोक्स ने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह ली है जबकि टीम ने दोनों स्पिनरों शोएब बशीर और जैक लीच को अपनी एकादश में बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन के अनुसार स्टोक्स ने पिछले कुछ दिनों में नेट सत्र के दौरान बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने उन्हें वापसी के लिए मंजूरी दे दी है।

इंग्लैंड एकादश। बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जैक लीच, शोएब बशीर।

प्रतिक्रिया विराट के खराब फॉर्म पर भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा

कोहली में है रनों की भूख, आकलन सही नहीं

एजेंसी, बेंगलुरु

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर पिछले कुछ अर्से में विराट कोहली के खराब फॉर्म से चिंतित नहीं है और उन्होंने कहा है कि इस स्टार बल्लेबाज में रनों की उतनी ही भूख है, जितनी पदार्पण के समय थी लिहाजा हर मैच के बाद आकलन करना सही नहीं है।

कोहली ने पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक (सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2023 में 76 रन) लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले उनका फॉर्म में लौटना जरूरी है चूंकि इसके बाद भारतीय टीम को पांच टेस्ट के दौरे के लिए आस्ट्रेलिया जाना है। गंभीर ने कहा ,'' विराट को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी।''

उन्होंने कहा ,'' यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह इस सीरीज और आस्ट्रेलिया में भी रन बनाएगा।'' गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन एक खराब मैच या सीरीज के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा ,'' हर मैच के बाद आकलन सही नहीं है। अगर आप हर मैच के बाद ऐसा करने लगे तो यह उनके लिए सही नहीं होगा। यह खेल है और विफलता का सामना करना ही होता है। अगर हमें नतीजे अनुकूल मिल रहे हैं तो चिंता की कोई बात नहीं है।''

उन्होंने कहा ,'' रोज कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता। हमारा काम खिलाड़ियों का समर्थन करते रहना है। मेरा काम सर्वश्रेष्ठ 11 का चयन करना है, किसी को बाहर करना नहीं। हमें आठ टेस्ट लगातार खेलने हैं और सभी की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर है।''

अगर कुछ मौके भुना पाते तो स्थिति अलग होती: मजूमदार

शारजाह। ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों पर लगभग तुषारापात होने से दुखी मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अगर टीम हाथ आए कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता। भारत को रविवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नौ रन से हराया । मैच के बाद मजूमदार ने कहा ,''हम आखिरी ओवर तक मैच में थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली। मैं इस हार से दुखी हूं। हमने अच्छी फील्डिंग की, लेकिन कुछ मौके गंवाए भी। अगर वे मौके भुना लेते तो हालात दीगर हो सकते थे। शायद 10-15 रन कम होते, लेकिन मैं इतना ही कहूंगा कि हमने अपनी ओर से पूरी कोशिश की ।'' भारत ने तीन कैच टपकाने के अलावा एक स्टम्पिंग का मौका भी गंवाया।